रांची का तापमान
कांके | रांची
अधि. 29.4° न्यून. 22.0° | अधि. 29.4° न्यून. 22.6°

रांची, सोमवार
18 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-196, पृष्ठ-12

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### साहिबगंज में अवैध खनन पर हुई कार्रवाई

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में प्रशासन ने रविवार को अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। सदर एसडीओ अमर जॉन आइंद के नेतृत्व में एक टीम ने मंडरो अंचल के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत भुतहा मौजा में छापेमारी की और अवैध खदान से खनन में प्रयुक्त दर्जनों मशीनों को जब्त किया। टास्क फोर्स की टीम की इस कार्रवाई के बाद खनन माफिया में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, खनन टास्क फोर्स की टीम के साथ अचानक की गई इस छापेमारी में देखा गया कि स्टार इंडिया खदान के पास बड़े पैमाने पर अवैध खनन चल रहा था। मौके पर मौजूद दर्जनों वाहन और मशीनें को जब्त कर लिया गया।

### गिरिडीह के सीआईएसएफ जवान कश्मीर में शहीद



**रांची।** झारखंड के गिरिडीह निवासी सीआईएसएफ के जवान संजय कुमार मुर्मू जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में ड्यूटी के दौरान बादल फटने की प्राकृतिक आपदा में कर्तव्य निभाते हुए शहीद हो गए। सीआईएसएफ के ये जांबाज सपूत सदैव अपने साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के लिए याद किए जाएंगे। सीआईएसएफ ने उनके बलिदान को नमन किया है। कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी पुण्य आत्मा को शांति मिले और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य व शक्ति प्रदान हो। जय हिंद!

### गुरदी गांव में पुलिस पर हमला, 12 गंभीर

**गढ़वा।** जिले के गुरदी गांव में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पारिवारिक विवाद के दौरान बंधक बनाए गए लोगों को छुड़ाने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हालात इतने बिगड़ गए कि मामला मॉब लिंचिंग तक पहुंचने वाला था। हालांकि, पुलिस की तत्परता और अतिरिक्त बल के मौके पर पहुंचने से बड़ी घटना टल गई। इस झड़प में पुलिसकर्मियों सहित करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। गुरदी गांव निवासी तकसीर खान (27) और उसकी पत्नी रकीबा खातून (22) के बीच विवाद चल रहा था। बाद में यह झगड़े में बदल गया। पुलिस पहुंची तो उनपर भी हमला किया गया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### राहुल के दो बार मतदान और एसआईआर में गड़बड़ी के आरोप पर मुख्य चुनाव आयुक्त बोले

# 7 दिन में हलफनामा दें या फिर देश से माफी मांगें



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप पर रविवार को पलटवार किया। राहुल के आरोप पर उन्होंने कहा कि सात दिन में हलफनामा देना होगा, या फिर देश से माफी मांगनी होगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वह भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, भारत में विश्व की सबसे बड़ी मतदाता सूची, सबसे बड़ी चुनाव कर्मियों की फौज और सबसे अधिक मतदान करने वाले लोगों की संख्या है। इसके बावजूद मीडिया के सामने यह दावा करना कि अगर किसी का नाम मतदाता सूची में दो बार है, तो उसने दो बार मतदान किया होगा। हमारे सारे मतदाताओं को अपराधी बनाना और इसके बावजूद चुनाव आयोग शांत रहे, ऐसा संभव नहीं है।

हलफनामा देना होगा या फिर देश से माफी मांगनी होगी। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। मैं मीडिया के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि अगर 7 दिन में हलफनामा नहीं मिला, तो ये सभी आरोप बेबुनियाद माने जाएंगे। हमारे मतदाताओं के बारे में यह बोलना कि वह फर्जी है, जो भी इस बात को बोल रहा है, उसे माफी मांगनी चाहिए। शेष पेज 11 पर

**सीईसी ने कहा**

- जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है, हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना है
- मतदाताओं के बारे में जो भी व्यक्ति फर्जी बोल रहा है, उसे माफी मांगनी चाहिए

## 'वोट चोरी' जैसे शब्दों का इस्तेमाल ठीक नहीं : सीईसी

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने विपक्ष के मतदाता सूची में त्रुटियों और दोहरे मतदान के आरोपों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर मतदाता द्वारा उम्मीदवार चुनने के 45 दिनों के भीतर उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दायर नहीं की जाती, तो 'वोट चोरी' जैसे भ्रामक शब्दों का उपयोग कर जनता को गुमराह करने की कोशिश संविधान का अपमान है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, कानून के अनुसार, अगर समय रहते मतदाता सूचियों की त्रुटियों को समय पर ठीक नहीं किया जाता और मतदाता द्वारा उम्मीदवार चुनने के 45 दिनों के भीतर उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दायर नहीं की जाती, तो 'वोट चोरी' जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल करना भारत के संविधान का अपमान नहीं, तो और क्या है? उन्होंने यह भी बताया कि जहां तक मशीन-पठनीय मतदाता सूची का सवाल है, सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2019 में ही कहा था कि यह मतदाता की निजता का उल्लंघन हो सकता है। ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट करते हुए कहा, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा परिणाम घोषित होने के बाद 45 दिनों के भीतर राजनीतिक दल सुप्रीम कोर्ट में चुनाव याचिका दायर कर सकते हैं। इस अवधि के बाद केरल, कर्नाटक या बिहार में बेबुनियाद आरोप लगाना गलत है। अगर इस दौरान कोई अनियमितता नहीं पाई जाती, तो इतने समय बाद ऐसे आरोपों के पीछे की मंशा देश के मतदाता और जनता समझती है।

### ग्रामीण रीति-रिवाज एवं परंपरा के अनुरूप 'गुरुजी' की अस्थियां प्रवाहित

# सीएम सोरेन ने दामोदर में विसर्जित की अस्थियां





**अस्थियां प्रवाहित करते समय दिख रही थी पिता को खोने की पीड़ा**

### रजरप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद असहायों में बांटे कपड़े और खाद्य सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को नम आंखों से दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियां विसर्जित की। उन्होंने अपने पिता राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु की अस्थियों को दामोदर नदी में प्रवाहित किया। मुख्यमंत्री सोरेन अस्थि-कलश को लेकर पैतृक गांव नेमरा से रजरप्पा स्थित दामोदर नदी घाट पहुंचे और यहां पूरे पारंपरिक विधि-विधान से 'गुरुजी' की अस्थियों को दामोदर नदी में विसर्जित किया। मुख्यमंत्री के साथ उनके छोटे भाई विधायक बसंत सोरेन थे। इसके अलावा, परिवार के अन्य सदस्य और नेमरा गांव के लोग मौजूद रहे।

रजरप्पा स्थित दामोदर नदी के घाट पर स्थानीय पाहन ने सभी विधिवत रीति-रिवाज का अनुपालन कराते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों से दिवंगत शिबू सोरेन की अस्थियां विसर्जित कराई। अस्थियां प्रवाहित करते समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आंखों में अपने पिता को खोने की गहन पीड़ा साफ झलक रही थी।





**असहाय लोगों के बीच कपड़े व खाद्य सामग्री का वितरण**

अस्थि विसर्जन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके के मंदिर में जाकर मां का आशीर्वाद लिया। सुभाशीष पंडा, सेठी पंडा और गुड्डु पंडा ने पूजा-अर्चना करवाई। मंदिर में पूजा के बाद मुख्यमंत्री सोरेन ने वहां मौजूद गरीब और असहाय लोगों के बीच कपड़े और खाद्य सामग्री का वितरण किया। पूजा और कपड़े व खाद्य सामग्री के वितरण के बाद सीएम अपने पैतृक गांव नेमरा लौट गए।





# सैफ अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम में झारखंड की सात बेटियों का चयन

**भूटान में 20 से 31 अगस्त तक होगा प्रतियोगिता का आयोजन**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/गुमला ।** भूटान में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में झारखंड की सात बेटियां चुनी गई हैं। इनमें गुमला प्रशिक्षण केंद्र से पांच तथा रांची एवं हजारीबाग के प्रशिक्षण केंद्र से एक-एक खिलाड़ी का चयन हुआ है। गुमला से सूरजमुनि कुमारी, एलिजाबेथ लकड़ा, अनीता डुंगडुंग, विनीता होरो और वीणा कुमारी का चयन किया गया है। वहीं, हजारीबाग की अनुष्का कुमारी और रांची की दिव्यानी लिंडा चयनित हुई हैं। इस समय सभी खिलाड़ी बेंगलुरु में हैं।

इन सातों लड़कियों के संघर्ष की कहानी लगभग एक जैसी है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए मुकाम हासिल किया है। इन सात लड़कियों में से पांच ने गुमला स्थित सेंट पैट्रिक हाई स्कूल के आवासीय सेंटर में फुटबॉल की बारीकियां सीखी हैं। इनकी कोच वीणा केरकेट्टा कहती हैं कि बेहद निम्न पृष्ठभूमि से आने वाली हमारी लड़कियां राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह पहचान बना रही हैं, वह हमारे लिए गर्व का विषय है। सूरजमुनि कुमारी गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित गोबरसेला गांव की रहने वाली हैं। गांव की कठिन परिस्थितियों और शेष पेज 11 पर



### रांची की बेटी दिव्यानी, वीणा और अनुष्का ने मुश्किलों के बावजूद हासिल किया मुकाम

- वीणा गुमला और अनुष्का हजारीबाग में ले रहीं प्रशिक्षण
- स्टार वॉरियर्स रांची से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं दिव्यानी

दिव्यानी लिंडा रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। वे स्टार वॉरियर्स रांची से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनके पिता 4 साल पहले गुजर गए और मां मजदूरी करती हैं। घर पर एक दिव्यांग भाई के अलावा दो भाई हैं। घर की माली हालत अच्छी नहीं है। ऐसी मुश्किलों के बावजूद, दिव्यानी ने रोज पांच किलोमीटर पैदल चलकर फुटबॉल का अभ्यास किया और आज भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसके पहले भी दिव्यानी लिंडा का चयन दो बार नेशनल स्तर के टूर्नामेंट खेलो इंडिया और एसजीएफआई के लिए हुआ था। वह सीनियर नेशनल में भी खेल चुकी हैं। वह अंडर-16 में भारत की टीम का हिस्सा बनकर नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सैफ टूर्नामेंट में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

गुमला आवासीय सेंटर से चयनित सोनाहातु प्रखंड के गुच्चिड़ी गांव के रहने वाले रणजीत सिंह मुंडा की पुत्री वीणा कुमारी 2022 एवं 2023 में सुब्रतो मुखर्जी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी हैं। वर्ष 2024 के ड्रीम 11 चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल मिला है। वीणा वर्ष 2021 से आवासीय बालिका फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र गुमला में प्रशिक्षणरत हैं। अनुष्का कुमारी रांची के ओरमांझी की हैं। वह हजारीबाग स्थित आवासीय फुटबॉल सेंटर में ट्रेनिंग लेती हैं। उनके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। सुबह चार बजे उठकर अभ्यास, दिनभर के काम और पढ़ाई के बीच अनुष्का ने फुटबॉल के प्रति अपना जुनून जिंदा रखा। वह एक दिन भारतीय टीम की कप्तान बनने का सपना देखती हैं।

### ट्रंप से मिलने पहुंचे शख्स असली पुतिन थे या नहीं!

**उदय चंद्र सिंह**

**नयी दिल्ली।** अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात जहां राजनयिक हलकों में एक बड़ी घटना मानी जा रही थी, वहीं सोशल मीडिया पर इसने बिल्कुल अलग तरह का तूफान खड़ा कर दिया। मुलाकात की तस्वीरें सामने आते ही तमाम यूजर्स ने सवाल उठाने शुरू कर दिए कि आखिर ट्रंप से मिलने पहुंचे शख्स असली पुतिन थे भी या नहीं। इंटरनेट पर धड़ाधड़ पोस्ट और मीम्स बनने लगे और यह अटकलें वायरल हो गईं कि रूस के राष्ट्रपति की जगह उनका बॉडी डबल ट्रंप से मिलने भेजा गया था। शेष पेज 11 पर

## एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार होंगे सीपी राधाकृष्णन, हुई घोषणा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



**वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं, उससे पहले झारखंड के गवर्नर थे**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। नड्डा ने बताया कि एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन होंगे, जो वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, हमने एनडीए में शामिल सभी दलों के साथ चर्चा की और उनसे सुझाव भी मांगे गए। इसके बाद सभी ने एनडीए के प्रत्याशी के रूप में सीपी राधाकृष्णन के नाम को मंजूरी दी। वह वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं और तमिलनाडु के रहने वाले हैं।
केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सीपी राधाकृष्णन के नाम का समर्थन किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, उपराष्ट्रपति के एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को हमारा पूर्ण समर्थन है। हम सड़क से लेकर सदन तक एनडीए के साथ हैं।
बता दें कि चंद्रपुर पोन्नुसामी राधाकृष्णन को 31 जुलाई 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले, उन्होंने लगभग डेढ़ साल तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में काम किया। इसके अलावा, वे तेलंगाना के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाल चुके हैं।

20 अक्टूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरुपुर में जन्मे सीपी राधाकृष्णन ने 1974 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और भारतीय जनसंघ के राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य बने। वर्ष 1996 में वे भाजपा तमिलनाडु के सचिव नियुक्त हुए। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में कोयंबटूर से सांसद चुने गए। इसके अलावा, वर्ष 004 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में भाषण दिया और ताइवान की पहली संसदीय यात्रा में भी शामिल हुए थे।

वे वर्ष 2004 से 2007 तक भाजपा तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष रहे। वर्ष 2020 से 2022 तक भाजपा केरल के अखिल भारतीय प्रभारी रहे। साथ ही, 18 फरवरी 2023 को झारखंड के राज्यपाल नियुक्त किए गए थे।


**इंडिया**

# मानसून नहीं, मनमानी से बढ़ता जा रहा शहरों का संकट



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

कश्मीर, हिमाचल से लेकर विदेशों तक और पंचशील नगर रांची से लेकर भारत के हर बेतरतीब छोटे बड़े प्रकृति का रौद्र रूप हमें चेतावनी दे रहा है कि ये मानसून की मामूली उथल-पुथल नहीं जलवायु परिवर्तन का संकेत है जो ऊर्जा व जल प्रणाली पर भी दबाव डाल रहा है क्योंकि हमारे शहर की बिजली की बढ़ती खपत, पानी की मांग और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के कमजोर पड़ने जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। घटती हरियाली, गायब होते तालाब, बंद होते प्राकृतिक नाले और कमजोर कचरा प्रबंधन, ये सब मिलकर भारी बारिश के समय शहर में बाढ़ और लू के समय जल संकट को और अधिक बढ़ा देते हैं।लेकिन ऐसे ब्लू और ग्रीन ढांचे, जिनमें प्राकृतिक या मानव निर्मित हरियाली वाले स्थान और जलाशय शामिल हैं, कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं। पहला उपाय, ग्रीन और ब्लू स्थानों को शहर की मास्टर योजनाओं में शामिल करना चाहिए, जो आम तौर पर 20 साल के लिए बनती हैं। अवैध रूप से इनका भूमि-उपयोग बदलने के खिलाफ स्पष्ट कानूनी प्रावधान होने चाहिए। शहरी प्राधिकरणों को यह समझना होगा कि लंबे समय में ये प्राकृतिक संपत्तियां जल सुरक्षा और शहरी बाढ़ के साथ-साथ उच्च तापमान की समस्या घटाने के लिए बहुत जरूरी हैं। आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 में सभी भारतीय राज्यों में आर्द्रभूमि प्राधिकरण बनाने और संरक्षण के लिए चयनित आर्द्रभूमि को अधिसूचित करने का प्रावधान होने के बावजूद, केवल गोवा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान ने ही इस दिशा में प्रगति दिखाई है। इसी तरह नगर वन योजना को लागू करने में भी तेजी लानी चाहिए, जिसका उद्देश्य 2027 तक 1,000 शहरी वन विकसित करना है।दूसरा उपाय, शहरों को घरों से उपयोग के बाद निकलने वाले जल के प्रबंधन और पुनःउपयोग बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए। ऐसी योजनाएं शहरी जल स्त्रोतों, जैसे स्थानीय जलाशयों, तालाबों के साथ-साथ जमीन को सीवेज के प्रदूषण से बचा सकती हैं, जिससे पारिस्थितिक तंत्र प्रभावी ढंग से अपनी आवश्यक सेवाएं दे पाएंगे। इंदौर और अहमदाबाद में इस्तेमाल म्युनिसिपल बॉन्ड्स




और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत सीवेज ट्रीटमेंट परियोजनाओं के निर्माण के लिए इस्तेमाल हाइब्रिड एन्युटी मॉडल दिखाते हैं कि क्या कुछ कर पाना संभव है। आम तौर पर वनीकरण के लिए उपयोग होने वाले नेशनल कंपेन्सेटरी अफॉरेस्टेशन मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी (सीएएमपीए) फंड को मौजूदा शहरी जंगलों और हरित गलियारों को बचाने के लिए भी इस्तेमाल करना चाहिए। प्राकृतिक या मानव निर्मित ढांचे के संचालन और रखरखाव जैसे कार्यों में नागरिकों की भागीदारी बढ़ानी चाहिए।जलापूर्ति, कचरा संग्रहण व निपटान और पार्कों व अन्य हरित स्थानों के रखरखाव जैसी सेवाओं की लागत निकालने के लिए इनका उपयोग-शुल्क तय करना जरूरी है। निम्न-आय परिवारों के लिए सब्सिडी जारी रहनी चाहिए, लेकिन शहरों को नागरिक जिम्मेदारी की मांग करने से नहीं हिचकिचना चाहिए। विकसित देशों में कोई भी शहर सार्वजनिक भागीदारी को लाए बगैर लचीला बुनियादी ढांचा नहीं बना पाया है। भारतीय शहर विकास, नौकरियों और समृद्धि के वाहक हैं। लेकिन वे जलवायु जोखिमों का भी तेजी से सामना कर रहे हैं। अगर हम शहरों की पारिस्थितिकीय बुनियाद (झीलों, जंगलों और जल निकासी तंत्र) में निवेश करने में विफल रहे, तो हम उनके भविष्य को खतरे में डाल देंगे।झारखंड को बिना नक्शा बन रही अवैध कॉलोनियों पर रोक के लिए जमीन की रजिस्ट्री के समय ही मैप अनिवार्य करना चाहिए पर भ्रष्टाचार इसमें सबसे बड़ी बाधा है जो नक्शा पास नहीं होने देती।

## सूर्या हांसदा एनकाउंटर : भाजपा की 7 सदस्यीय टीम पहुंची गोड्डा

# जांच रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में समिति बनाकर हो : अर्जुन मुंडा

- दोबारा पोस्टमार्टम कराकर रिपोर्ट तैयार हो
- न्याय दिलाने केलिए भाजपा आंदोलन का भी लेगी सहारा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर प्रदेश भाजपा द्वारा सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच के लिए गठित सात सदस्यीय समिति ने रविवार को गोड्डा का दौरा किया। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा,पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही,पूर्व मंत्री रणधीर सिंह,पूर्व सांसद सुनील सोरेन,पूर्व विधायक अमित मंडल और अनिता सोरेन उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता लॉबिन हेंब्रम भी साथ थे। समिति ने स्व सूर्या हांसदा के परिजनों से मुलाकात की। समिति ने उस विद्यालय का भी दौरा किया जो स्व सूर्या हांसदा के द्वारा चलाया जा रहा था। बच्चों से भी समिति के सदस्यों ने जानकारी प्राप्त की। बाद में मीडिया से बात करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार एवं राज्य की पुलिस पर निशाना साधते हुए गंभीर आरोप लगाए। श्री मुंडा ने कहा कि स्व सूर्या हांसदा का परिवार ललमटिया क्षेत्र के पारंपरिक मांझी परिवार से आते थे।यह परिवार परंपरागत स्वशासन व्यवस्था का प्रधान है। अब उनकी माता जी इस दायित्व को निभा रही। कहा कि इस नाते इस परिवार के द्वारा सामाजिक सांस्कृतिक दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। स्व सूर्या हांसदा यहां के विस्थापितों की समस्याओं सहित कई सामाजिक मुद्दों को लगातार उठाते रहे थे। जिसके कारण उनके ऊपर कई मुकदमे दर्ज हुए। कहा कि 14 मुकदमों में उनको बरी किया गया था। लेकिन इनके खिलाफ साजिश करने वाले रुके नहीं। कई घटनाओं में इनका नाम जानबूझकर साजिश के तहत जोड़ा जाता रहा है। विगत 27 मई को जो स्व सूर्या हांसदा और मुकदमा दर्ज हुआ वह पूरी तरह झूठा था। वे उस दिन अपने बच्चे का जन्मदिन परिवार के साथ मना रहे थे। कहा कि फर्जी केस दर्ज कर पुलिस उनको ढूंढने लगी। और बिना कोर्ट वारंट के गिरफ्तार करते हुए साजिश के तहत उन्हें मार दिया गया। कहा कि पुलिस का बयान और आम जनता के विचार में पूरी तरह विरोधाभास है। पुलिस जिसे अपराधी बता रही उनका चरित्र समाज सेवा का रहा है। वे एक विद्यालय का सफल संचालन करते थे जिसमें लगभग 350 बच्चे पढ़ते थे। शिक्षा के माध्यम से समाज की सेवा करने वाले को राज्य पुलिस साजिश के तहत अपराधी बता रही। आखिर पढ़ाता वही है जो समाज का भविष्य गढ़ना चाहता है।

## न्यूज बॉक्स

### बिहार के वोट अधिकार यात्रा में शामिल होंगे झारखंड प्रदेश अध्यक्ष



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश लोकतांत्रिक मूल्यों व संविधान प्रदत्त मताधिकार की सुरक्षा और जागरुकता के उद्देश्य से बिहार के वोट अधिकार यात्रा में शामिल होंगे। इसकी जानकारी देते हुए मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि उक्त यात्रा के लिए 19 अगस्त को सुबह साढ़े छह बजे वे रांची से प्रस्थान करेंगे। नौ बजे बिहार के गया जिले में वोट अधिकार यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी का मानना है कि यह यात्रा जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरुकता पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता, उप नेता, मंत्रीगण, विधायकगण, सभी जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, अग्रणी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेतागण को भी इस यात्रा में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने को कहा गया है।

### कांग्रेस की 'वोट अधिकार यात्रा' 19 अगस्त रांची से होगी शरू



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान प्रदत्त मताधिकार की रक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से आगामी 19 अगस्त को 'वोट अधिकार यात्रा' में भाग लेगी। इस आशय की जानकारी कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड से यह यात्रा प्रातः 6:30 बजे रांची से रवाना होकर करीब 8:30 बजे बरही चौक पहुंचेगी। इसके बाद 9:00 बजे बिहार के गया जिले में 'वोट अधिकार यात्रा' में शामिल होगी। सतीश पौल मुजनी ने कहा कि यह यात्रा देश के लोकतांत्रिक अधिकारों के संरक्षण और जनता में मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस यात्रा में अधिकतम प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में प्रतिबद्ध है। इस ऐतिहासिक यात्रा में विधायक दल के नेता एवं उप नेता, मंत्रीगण एवं विधायकगण, सभी जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, अग्रणी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेतागण सक्रिय सहभागिता निभाएंगे।

### प्रकृति पर्व करम पर पूर्व संध्या में सम्मानित किए जाएंगे पाहन

**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से करम महोत्सव के आयोजन को लेकर नगड़ी के एक बैंक्वेट हॉल में रविवार को बैठक हुई। अध्यक्षता जिला संयोजक जगन्नाथ भगत ने की। तय किया गया कि प्रकृति पर्व करम पर पूर्व संध्या में शहर के विभिन्न इलाके में होने वाले समारोह में सरना समाज के पाहन व पुजारो को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत समेत अन्य शामिल होंगे। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में सरना समाज एवं अनुसूचित जाति के साथ अब पिछड़ी जाति के सनातनी समाज का धर्मांतरण कराया जा रहा है। बताया गया कि धर्मांतरण रोकने व विरोध करने वालों के विरूद्ध योजनाबद्ध तरीके से प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। चिंता जाहिर की गई कि राजनीतिक दल के नेता वोट बैंक की खातिर धर्मांतरण मसले पर मौन धारण किए हुए हैं। बैठक में मेघा उरांव, संदीप उरांव, सोमा उरांव, जगन्नाथ भगत, सनी उरांव टोप्पो, रवि प्रकाश उरांव, राजू उरांव, हिंदवा उरांव, विशु उरांव, फागु मुंडा, विकास उरांव एवं अन्य शामिल हुए।

## सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना की उपेक्षा से भारी नुकसान : अजय राय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य की एकमात्र चालू जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना की उपेक्षा को राज्य के लिए आर्थिक आत्महत्या करार दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री हेमंत सोरेन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। अजय राय ने रविवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि लगातार भारी वर्षा से डैम लबालब पानी से भरा हुआ है, फिर भी यह परियोजना निष्क्रिय पड़ी है। इससे अब तक राज्य को लगभग 6000 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। उन्होंने सवाल उठाया, जब झारखंड के पास अपनी सस्ती और स्वच्छ बिजली उत्पादन की क्षमता है, तब भी राज्य क्यों बाहरी स्रोतों से 5-7 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदने को मजबूर है? क्या यह सीधे-सीधे जनता की गाढ़ी कमाई की लूट नहीं है? झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष राय ने साफ शब्दों में कहा कि यह स्थिति सिर्फ भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और लालफीताशाही का नतीजा है। उन्होंने इसके तीन मुख्य कारण गिनाए हैं, जिसमें भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी, लालफीताशाही और प्रशासनिक सुस्ती और तकनीकी संसाधनों की अनदेखी शामिल हैं। अजय राय ने याद दिलाया कि वर्ष 2018 में संयंत्र आंशिक रूप से चालू हुआ था और उत्पादन लागत केवल 0.87 रुपए प्रति यूनिट आई थी। इसके बावजूद संयंत्र को बंद रखना राज्यहित के विपरीत और वित्तीय दृष्टि से आत्मघाती कदम है। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने मांग की है कि उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच कर दोषियों की पहचान की जाए, भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो और संयंत्र को तुरंत पुनः चालू कराया जाए। अजय राय ने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल पूछा है कि लबालब पानी भरे डैम के बावजूद अगर संयंत्र बंद है और 6000 हजार करोड़ रुपए की बर्बादी हो रही है, तो क्या आपकी चुप्पी यह साबित करती है कि सरकार खुद इस घोटाले में शामिल है। अगर नहीं, तो तुरंत जवाबदेही तय कर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? उन्होंने कहा कि सिकिदिरी परियोजना को ठप रखना सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि झारखंड की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और जनता के विश्वास पर कुठाराघात है। अब वक्त आ गया है कि मुख्यमंत्री इस विषय को व्यक्तिगत संज्ञान में लेकर निर्णायक कदम उठाएं।

# वोकल फॉर लोकल का संकल्प दिख रहा धरातल पर : संजय सेठ

- अपने प्रतिष्ठानों पर 'हमारे यहां स्वदेशी सामग्री बिकती है' का बोर्ड लगाएं व्यवसायी
- 27 अगस्त से रांची से होगी शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा चैम्बर भवन में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने मुख्य रूप से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वोकल फॉर लोकल का संकल्प अब धरातल पर दिख रहा है। छोटे-छोटे व्यवसायी यदि अपने प्रतिष्ठान पर 'हमारे यहां स्वदेशी सामग्री बिकती है' का बोर्ड लगाएं, तो यह अभियान मजबूत होगा। इस अभियान को गति देने के लिये उन्होंने झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह देश का पहला चैंबर है जिसने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस पहल की है।

सह सचिव विकास विजयवर्गीय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में व्यापारी वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। चैंबर का संकल्प है कि हम स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर न केवल व्यापार को सशक्त करेंगे बल्कि झारखंड की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा देंगे।

पूर्व अध्यक्ष महेश पोद्दार ने कहा कि आज देश रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने व्यापारियों से स्वदेशी का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा हाल ही में जीएसटी दरों में कमी की घोषणा से व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा। इससे न केवल व्यापार सुगम होगा, बल्कि उद्योग जगत को भी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। रक्षा राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि आगामी 27 अगस्त को स्टिकर लॉन्च कर, स्वयं भी चैम्बर के साथ मिलकर प्रतिष्ठानों में जाकर स्टिकर लगाकर दुकानदारों को स्वदेशी के लिये प्रोत्साहित करेंगे।

प्रेस वार्ता में झारखंड चैम्बर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, पूर्व अध्यक्ष आर.के. सरावगी, महेश पोद्दार, पवन शर्मा, कुणाल अजमानी, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़, रोहित पोद्दार, मुकेश अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा सदस्य आर.के. गरोडिया, किशन अग्रवाल, कुणाल विजयवर्गीय, सुनील गुप्ता, प्रमोद सारस्वत और अरुण जोशी शामिल थे।

### स्वदेशी सामग्री बेचने का कदम भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मील का पत्थर होगा साबित : परेश गट्टानी

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि 27 अगस्त से झारखंड के व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में 'हम स्वदेशी सामग्री बेचते हैं' का बोर्ड लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि व्यापारी वर्ग आत्मनिर्भर भारत का आधार है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश को जरूरत हुई है, व्यापारियों ने आगे बढ़कर योगदान दिया है। लोकल फॉर वोकल को चैंबर हर स्तर पर आगे बढ़ाएगा। 27 अगस्त से सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में स्वदेशी बोर्ड लगाएंगे। यह कदम न सिर्फ छोटे कारोबारियों को ताकत देगा, बल्कि झारखंड की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगा। उन्होंने यह भी कहा कि झारखण्ड चैम्बर की ओर से कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़ इस अभियान को गति देने में मुख्य भूमिका में रहेंगे।

## एचईसी कॉलोनी से हटाया जाएगा अतिक्रमण




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एचईसी आवासीय कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से जल्द अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होगी। एचईसी प्रबंधन ने सभी को नोटिस देकर शीघ्र अवैध निर्माण हटाने को कहा है। इस कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन से मजिस्ट्रेट और पुलिस बल उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। जानकारी के अनुसार, एचईसी में पहले प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। हरमू बाईपास, विवेकानंद मंदिर से जगन्नाथपुर मार्ग, सेक्टर वन एवं अन्य प्रमुख मार्गों के किनारे से अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। इसके साथ ही कॉलोनी के बाजारों और अंदर से भी अतिक्रमण हटाए जाएंगे। एचईसी प्रबंधन ने सभी अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस दिया है। नोटिस में कहा गया है कि कॉलोनी में किए गए अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा। खुद से अतिक्रमण नहीं तोड़ने पर जिला प्रशासन किसी भी दिन कार्रवाई शुरू कर देगा। एचईसी की जमीन की हो रही अवैध खरीद-बिक्री एचईसी कॉलोनी की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री हो रही है। जमीन दलाल एचईसी कॉलोनी और कॉलोनी से सटे बाहरी इलाकों की जमीन की बिक्री कर रहे हैं। एचईसी ने जमीन खरीद-फरोख्त करने वालों के नाम के साथ संबंधित थानों में शिकायत की है, लेकिन थाना स्तर से अभी तक ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। कच्चे निर्माण पक्के, दो मंजिला अवैध भवन बन गए एचईसी कॉलोनी के अंदर भी बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण किए गए हैं। शुरू में बांस-बल्ली से घेर कर कच्चा निर्माण किया गया। लेकिन, अब पक्का निर्माण कर लिया गया है। जिन स्थानों पर पक्के निर्माण थे, उसके ऊपर दो मंजिला निर्माण तक कर लिया गया है। इसकी शिकायत आम लोगों ने भी की है। लेकिन, नगर प्रशासन विभाग ने कोई सख्त कार्रवाई अब तक नहीं की है। अवैध निर्माण में नगर प्रशासन विभाग की भूमिका संदिग्ध एचईसी में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के लिए नगर प्रशासन विभाग के अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। लोगों की शिकायतों के बाद भी विभाग के कर्मचारी सक्रिय नहीं हो रहे।

## कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रस्ताव परित

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के साथ रविवार को अपर बाजार धर्मशाला में राज्य आजीविका पीआरपी व बीआरपी संवर्ग की बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत में कर्मचारियों ने शिबू सोरेन को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजिल अर्पित की। मुख्य संरक्षक सुनील साह के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रस्ताव परित किया गया है। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्य मित्तल से मिलकर कर्मचारियों की मांग उनके समक्ष प्रस्तुत करेंगे। मुख्य मांगों में वेतनमान में वृद्धि, महिलाओं को विशेष अवकाश व एल पांच व छह में जोड़ने की बात शामिल है। संगठन का कहना है कि अगर सरकार हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरी नहीं करेगी तो आने वाले समय में कर्मचारी झारखंड सरकार के विरुद्ध आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन भी करेंगे।

## हटिया विस्थापितों की बैठक में शिक्षा मंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नगड़ी के कुटे में रविवार को हटिया विस्थापित ग्रामीणों की बैठक हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विस्थापितों ने झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंत्री के निधन के कारण विधायक आवासीय परिसर में धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम स्थगित कर दिया जाए। पंकज शाहदेव ने कहा कि हटिया के विस्थापित अपने हक और अधिकार की लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने विस्थापितों के हक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेशों को विस्तार से बताया। पंकज शाहदेव ने कहा कि हम अपने हक और अधिकार की लड़ाई सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ेंगे और जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

इससे पूर्व राज्य के सभी विधायक, सांसद और मंत्रियों को ज्ञापन देकर न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। विस्थापितों की मांगे पूरी किए बिना ग्रेटर रांची में विस्थापितों की जमीन पर बननेवाली सड़क और अन्य निर्माण का विरोध किया जाएगा। समिति के महासचिव सह झामुमो नेता कलाम आजाद ने कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि हम लोगों की समस्याओं पर मुख्यमंत्री जल्द संज्ञान लेंगे और सभी समस्याओं का समाधान भी करेंगे। बैठक को महावीर मुंडा, विजय सिंह, विनय उरांव, कालीचरण लोहार, प्रतिमा उरांव, संजय लोहार, अनिल महतो, पूनम देवी, रवीन्द्र महली ने भी संबोधित किया। बैठक में हटिया विस्थापित गांवों कुटे, लाबेद, आनी, तिरिल और नयासराय के ग्रामीण मौजूद थे।

### डॉ आनंद अटारी की बैठक में होंगे शामिल

रांची। रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जूलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ आनंद कुमार ठाकुर सोमवार को भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान परिषद, अटारी, पटना की संस्थागत समिति सदस्य की बैठक में भाग लेंगे। इस संबंध में निदेशक, आईसीएआर-अटारी, पटना से ईमेल पर आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। इस बैठक में डॉ आनंद आईसीएआर-अटारी के कार्यों की समीक्षा करेंगे और संस्थान की बेहतरी के लिए सलाह देंगे।

## नगड़ी के किसानों की जमीन पर जबरन कब्जा दुर्भाग्यपूर्ण : चंपाई सोरेन

- आदिवासी किसानों के आंदोलन में शामिल होंगे चंपाई सोरेन
- 24 अगस्त को नगड़ी में जोतेंगे हल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 24 अगस्त को राजधानी रांची के नगड़ी में हल जोतेंगे। नगड़ी में रिम्स-2 की प्रस्तावित जमीन को बचाने के लिए आंदोलन चल रहा है। इस आंदोलन को धार देने के लिए रविवार को नगड़ी के किसानों ने पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चंपाई सोरेन से उनके अवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूर्व सीएम को 24 अगस्त 2025 को प्रस्तावित हल जोतो, रोपा रोपो कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

नगड़ी के रैयतों ने सरकार पर उनकी जमीन पर बिना किसी नोटिस के कब्जा करने का आरोप लगाया। इसकी वजह से किसान अपनी ही जमीन पर खेती नहीं कर पा रहे हैं। उनके समक्ष आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने क्षेत्र के आदिवासी किसानों के आंदोलन में हरसंभव सहयोग करने का वादा किया।

चंपाई सोरेन ने कहा कि सरकार द्वारा नगड़ी के किसानों की जमीन पर जबरन कब्जा दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू ही नहीं हुई है, तो जमीन पर खेती करने से रोकने का आदेश किसने दिया? चंपाई सोरेन ने कहा, हमारा विरोध अस्पताल बनाने से नहीं है अगर किसी को अस्पताल बनाना हो, तो उसके लिए सरकार के पास लैंड बैंक है। कई जगह बंजर जमीन उपलब्ध है। एचईसी की तरफ सैकड़ों एकड़ जमीन है। फिर आप आदिवासियों की खेतिहर जमीन क्यों छीनना चाहते हैं?

चंपाई सोरेन ने कहा कि अलग झारखंड के लिए आंदोलन के दौरान हमारा लक्ष्य प्रदेश के आदिवासियों- मूलवासियों के अधिकारों की रक्षा करना था। विडंबना देखिए, आज हमें अपने राज्य में, अपनी ही जमीन बचाने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। चंपाई सोरेन ने दावा किया कि 24 अगस्त को लाखों लोगों के साथ नगड़ी के किसान अपनी जमीन पर हल चलायेंगे। कोई भी ताकत उन्हें रोक नहीं सकती।

### अपनी जमीन बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार : ग्रामीण

इस अवसर पर मौजूद नगड़ी के ग्रामीणों ने कहा कि उनके लिए यह जीवन एवं मरन का प्रश्न है। साथ ही कहा कि अपनी जमीन को बचाने के लिए वे किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं।

## छत्तीसगढ़ में नन की गिरफ्तारी का विरोध, निकाला शांतिपूर्ण मार्च

# देश भर में मसीहियों पर हो रहा है अत्याचार : मार्शल केरकेट्टा

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** ऑल चर्चेज कमेटी, रांची के तत्वावधान में रविवार को मौन जुलूस निकाला गया। यह प्रदर्शन बीते दिनों छत्तीसगढ़ के दुर्ग में दो ननों और एक आदिवासी युवा की गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। जुलूस मेन रोड स्थित जीइएल चर्च परिसर से निकाला गया, जो मेन रोड, अलबर्ट एक्का चौक, शहीद चौक, कचहरी चौक होते हुए राजभवन के पास पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। वक्ताओं ने कहा कि आये दिन धर्मांतरण औश्र अन्य झूठे आरोप लगाकर ईसाई समुदाय को प्रताड़ित किया जा रहा है। कैथोलिक चर्च की ओर से आर्चबिशप विसेंट आईंद ने कहा कि भारत का भूखंड सदियों से विभिन्न भाषा-भाषियों के लोगों का रहा है। संविधान की रचना में इसी विविधता को ध्यान में रखा गया। संविधान में हम सभी को बराबरी का दर्जा मिला और अल्पसंख्यकों के विशेष अधिकार भी सुरक्षित रहे। हम इसी संविधान की रक्षा करना चाहते हैं। जीइएल चर्च के मॉडरेटर बिशप मार्शल केरकेट्टा ने कहा कि आज हम पूरी कलीसिया संघ के रूप में यहां उपस्थित हैं। कुछ दिनों पहले देश के विभिन्न क्षेत्रों में मसीहियों पर अत्याचार किया गया। धर्मांतरण का झूठा आरोप लगाकर मामले दर्ज किये गये। हम शांतिपूर्ण लोग हैं और सरकार को अपना दर्द सुना रहे हैं। सीएनआइ छोटानागपुर डायसिस के बिशप बीबी बास्के ने कहा कि हमने अपनी मांगों को बैनर, तख्तियों के माध्यम से प्रदर्शित किया है। हम इन्हें सरकार के समक्ष रख रहे हैं। जब कभी भी अत्याचार होगा, हम ऐसी ही एकता दिखायेंगे। एनडब्ल्यूजीइएल चर्च के बिशप निस्तार ने कहा कि हम मसीही देश को प्यार करते हैं। धार्मिक स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। जहां अशांति है, वहां शांति बहाल करने के लिए सरकार पहल करे। उन्होंने कहा कि सत्ता किसी व्यक्ति के शोषण के लिए नहीं बल्कि सेवा करने के लिए होती है।

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी हुई शामिल

कचहरी के पास जुलूस में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि ईसाई धर्मावलंबी हमेशा से ही अपनी सेवा देते आये हैं। सामाजिक कल्याण में विश्वास इस समुदाय के सेवा भाव को दशार्ता है। दुर्ग में जिस तरह से दो धर्म बहनों को सुनियोजित साजिश के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, वह कहीं से क्षम्य नहीं है। जांच में दोनों ही धर्म बहनें निर्दोष पायी गयी हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के को-आर्डिनेटर कुलदीप तिर्की, सुनील खलखो, महिमा गोल्डेन बिलुंग थे। जुलूस में फादर आनंद डेविड, रेव्ह जोलजस कुजूर, रतन तिर्की, अटल खेस, प्रवीण कच्छप, अलबिन लकड़ा, सिस्टर ललिता सहित बड़ी संख्या में विश्वासी उपस्थित थे।

## जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र का मना 43वां वार्षिकोत्सव

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी बेहतरीन प्रस्तुति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जवाहर लाल नेहरू कला केंद्र द्वारा जेवीएम श्यामली के दयानंद ऑडिटोरियम के प्रशाल में 43वां वार्षिकोत्सव भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेकॉन सीएमडी, संजय कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पीके दीक्षित, निदेशक प्रोजेक्ट मेकॉन, मुकेश कुमार, निदेशक वित्त मेकॉन, अमित राज, निदेशक तकनीकी मेकॉन एवं प्राचार्य लिली मुखर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन डा.रजनी शर्मा चंदा ने की। तत्पश्चात प्राचार्य लिली मुखर्जी ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मैं पिछले 15 वर्षों से कला केंद्र में प्राचार्य रूप में सेवा दे रही हूं। अपने समर्पण परिश्रम एवं दूर दृष्टि से इस संस्थान को आगे बढ़ा रही हूं।

# किशोरी यादव चौक और एलिवेटेड कॉरिडोर के आस पास चलती है मिनी बस और ऑटो चालकों की धांधली

**काजल मेहता। रांची**

राजधानी रांची के रातू रोड और रातू रोड चौक को जाम मुक्त करने के उद्देश्य से करोड़ों के एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया गया जिसका उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हाथों हुआ था। 3 जुलाई को एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन हुआ आज लगभग 3 महीने हो चुके राजधानी को कॉरिडोर की सौगात मिले लेकिन जिस मकसद से एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण हुआ था वो बिलकुल पूरा नहीं हो रहा है। ना ही जाम मुक्त हुआ और ना ही राहत मिल रही। बल्कि अब ऑटो चालकों की मनमानी और बढ़ गई है। एलिवेटेड कॉरिडोर के चारों तरफ बेहिसाब ऑटो खड़ी रहती है। मनमाने ढंग से बीच सड़क पर ऑटो खड़ा कर यात्री बैठाते हैं। वहीं दूसरी तरफ किशोरी यादव चौक पर सुबह से लेकर शाम तक मिनी बस लगी रहती है। बीच चौराहे पर बस खड़ी करके यात्री बैठाते हैं। जिस कारण पूरा इलाका जाम से त्रस्त है।




## रॉन्ग साइड से गाड़ी ला रहे हो लाइसेंस दिखाओ नहीं तो गाड़ी थाना जाएगी




रॉन्ग साइड से एलिवेटेड कॉरिडोर से आने वाली कार और महिला पुलिसकर्मी/ लाइसेंस निकालो नहीं तो थाना जाएगा गाड़ी! उल्लेखनीय है कि अभी तक इन्हें जुर्माना वसूलने के लिए पीओएस मशीन नहीं मिली है। जिस कारण लोग मनमाने ढंग से गाड़ियां चलते हैं। साथ ही ऑटो चालकों की मनमानी जैसे चरम पर हो।




### यातायात की यह स्थिति प्रशासन और ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है

1. शहर के बीचो बीच मिनी बसों को लगा कर यात्री बैठाया जाता है यदि यह अधिकारिक आदेश के बिना हो रहा है तो ट्रैफिक पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाती?
2. डीटीओ के अनुसार मिनी बसों को बस इस प्रकार लगाने की इजाजत नहीं, फिर किसकी शह प्राप्त है इन्हें?
3. अभी भी बसों को वैसे ही बीच सड़क पर लगाया जा रहा है सरकारी अधिकारी के आदेश का पालन नहीं हो रहा है तैनात ट्रैफिक पुलिस और डीटीओ कोई भी त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं कर रही?
4. ऑटो चालकों और मिनी बसों की मनमानी से आम लोगों को हो रही परेशानी, किसी का ध्यान नहीं?

### डीटीओ की चेतावनी के बावजूद भी अवैध रूप से खड़ी रहती है मिनी बसें

राष्ट्रीय नवीन मेल इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया है और अधिकारियों तक बातों को पहुंचाती रही है। वहीं, संवाददाता ने एक अगस्त को प्रकाशित हुए इसी मुद्दे पर डीटीओ से सवाल किया था तब डीटीओ अधिकारी ने आश्वस्त किया था कि जांच की जाएगी लेकिन अभी भी मिनी बसों को उसी प्रकार लगाया जा रहा है। डीटीओ अखिलेश से मिनी बसों के मुद्दे पर फिर से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कार्रवाई की जा रही है बसों की परमिट मांगी गई है जिसे देखने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी हालांकि उनका यह भी कहना है कि इन बसों के लिए पहले जब स्टैंड हुआ करता था तब बसें वहां लगती थी। लेकिन अभी वहां बसों को लगाने की कोई अधिकारिक इजाजत नहीं है। उनका कहना है इसकी जांच की जाएगी उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है उन्होंने कहा बीते दिनों हुए बैठक में जब तक परमिट की जांच ना हो जाए तब तक के लिए बसों को वहां लगाने पर मनाही है। बावजूद इसके बसें उसी प्रकार लगाई जा रही है।

## नगर निगम के 8 वार्डों में विशेष अभियान के तहत फॉगिंग आज

**रांची।** रांची नगर निगम सोमवार (18 अगस्त) को आठ वार्डों में विशेष अभियान के तहत फॉगिंग का कार्य करेगा। जिन वार्डों में फॉगिंग होगी, उनमें वार्ड 01, 10, 19, 28, 33, 36, 42 एवं 48 शामिल हैं। नगर निगम ने शहर वासियों से कहा है कि अपने क्षेत्र में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा दवा के छिड़काव के लिए निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 पर संपर्क कर सकते हैं।

## अमर्यादित व्यवहार के आरोप में चुटिया थाना प्रभारी निलंबित




**रांची।** राजधानी रांची के चुटिया थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने निलंबित कर दिया है। उन पर एक आवेदक, कृष्ण कुमार गुप्ता, के साथ अमर्यादित एवं असम्मानजनक व्यवहार का आरोप है, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। इस प्रकरण की जांच सिटी डीएसपी द्वारा की गई थी, जिनकी रिपोर्ट विगत 14 अगस्त को एसएसपी को सौंपी गई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई। एसएसपी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, लक्ष्मीकांत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, रांची निर्धारित किया गया है।

# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट से संचालित झारखंड का सबसे भव्य और विशाल श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर ने इस बार इतिहास रचते हुए पहली बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को अत्यंत भव्यता एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया। मंदिर को इस अवसर पर मनमोहक फूलों, रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा और झूमते झालरों से सजाया गया था। मुख्य मंदिर में श्री राधा-कृष्ण का अलौकिक श्रृंगार दर्शनीय था। मोर पंख, पीतांबर, रत्न जड़ित आभूषणों से सजे ठाकुरजी की छवि ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सबसे प्रमुख आकर्षण झूलन उत्सव रहा। श्री राधा-कृष्ण को फूलों से सुसज्जित झूले पर झुलाया गया, जिसमें भक्तों ने आनंदपूर्वक भाग लिया। रात्रि में आयोजित भजन जागरण ने वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। स्थानीय और बाहर से आए भजन कलाकारों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। रात्रि 12:00 बजे श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मना। लड्डू गोपाल को झूले में झुलाया गया, पुजारी अरविंद पांडे ने पूरे विधि विधान



मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। महोत्सव के दौरान श्री ठाकुर जी को 56 प्रकार के व्यंजन अर्पित किए गए, जिसमें पारंपरिक मिठाइयां, फल, माखन-मिश्री, पंचामृत, पूड़ी-सब्जी, खीर, पंजीरी, केसरिया पेड़ा, बर्फी, लड्डू, चक्की बादाम, अजवाइन सौंठ, मक्खन, रबड़ी, पंचमेवा भोग, आदि शामिल थे। दर्शन के उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। सुबह 5:30 बजे मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरे दिन भर में करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर श्री राधा-कृष्ण के दर्शन का लाभ लिया। भारी भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय सहयोग रहा। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव को भी बढ़ावा देने का प्रयास है। उनका उद्देश्य हर वर्ष इस महोत्सव को और भी भव्य रूप में आयोजित कर जनमानस को भक्ति से जोड़ना है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल रांचीवासियों, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय बना। इस अवसर पर डूंगरमल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, निर्मल छावनिका, निर्मल जालान राजेंद्र अग्रवाल, मनोज चौधरी, संजय सर्राफ, मनीष जालान, पूरणमल अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, नवल अग्रवाल, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, मधु जाजोदिया, अनूप अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अमन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, श्रेष्ठ अग्रवाल, पवन पोद्दार, विद्या देवी अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, प्रमिला पुरोहित, कविता गाडोदिया, सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, निकिता अग्रवाल, शोभा जालान, अमिता जालान, मनीषा जालान, सीता देवी शर्मा, सरिता अग्रवाल, दीक्षा अग्रवाल पूनम अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, सुषमा, अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## भगवान आदिनाथ मंदिर क्षेत्र के विकास के लिए संजय सेठ ने दिया आश्वासन

**रांची।** झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन सरायकेला स्थित देवलटांड़ में भगवान आदिनाथ के प्राचीन मंदिर के विकास करने की मांग को लेकर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से मिले। इस मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने आदिनाथ मंदिर के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। जैन के साथ बोर्ड के कर्मचारी दिव्यांशु भी उपस्थित थे। सरायकेला के ईचागढ़ के देवलटांड़ स्थित भगवान आदिनाथ मंदिर लगभग 2500 से 3000 साल पुराना है। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर में भगवान महावीर ने चातुर्मास किया था। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जैन धर्मावलंबियों को जैन धर्म और दर्शन की शिक्षा दी थी। वैसे जैन समाज के लगभग 40 परिवार मंदिर के आस पास आज भी रहते हैं।

# सरना नवयुवक संघ की बैठक में करम पूर्व संध्या समारोह की तैयारी पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- मंत्री रामदास के निधन पर रखा गया 2 मिनट का मौन
- संघ की अगली बैठक 24 अगस्त को होगी

सरना नवयुवक संघ, केंद्रीय समिति, रांची की बैठक रविवार को अध्यक्ष डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में 13, आरआईटी बिल्डिंग, कोर्ट कंपाउंड रांची में हुई। बैठक में आगामी 02 सितंबर 25 को दीक्षांत मंडल, रांची विश्वविद्यालय रांची में होने वाले करम पूर्व संध्या समारोह की तैयारी संबंधी विचार -विमर्श किया गया। एकल गीत एवं उद्घोषक-उद्घोषिका प्रतिभागियों के प्रथम चरण का स्वर परीक्षण भी हुआ।

बताया गया कि संघ की अगली बैठक 24 अगस्त 2025 को होगी, जिसमें उप समिति गठन करते हुए कार्य विभाजन किया जाएगा। साथ ही, फाइनल स्वर परीक्षण होगा।

बैठक के उपरांत मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया। आज की बैठक में अध्यक्ष डॉ हरि उरांव, उपाध्यक्ष साधु उरांव, सचिव वीरेंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष डॉ बंदे खलखो, लोधेर उरांव, लक्ष्मण उरांव, जगदीश उरांव, गणेश उरांव, अमर उरांव, सुचिता कुमारी, रेणुका उरांव, जयमुनी कुमारी, श्वेता उरांव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## आज / कल




# धूमधाम से मनाया गया श्री राणी सती मंडल का वार्षिकोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री राणी सती मंडल ने अपना 44वां वार्षिकोत्सव रविवार को प्रातः 8:30 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक मारवाड़ी भवन हरमू रोड में बड़े ही धूमधाम से मनाया। प्रातः 9:00 बजे आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाज के मंत्रोच्चार के साथ विजय खोवाल ने सपत्नीक गणेश पूजन का कार्य संपन्न कराया। उद्योगपति अभय अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया। इसके बाद पश्चात मंडल के सदस्यों ने पांच भजनों की माला अर्पित की। दिन में 11:00



बजे से श्री हनुमान मंडल के सदस्यों ने भजन प्रस्तुत किया। दिन में 2:00 बजे से भारत के नंबर 1 मंगल पाठ वाचक एवं भजन गायक सौरभ - केशव मधुकर (कोलकाता) ने 701 सुहागन महिलाओं के साथ राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित हो कर राणी सती के जीवन चरित्र के मंगल पाठ का रसास्वादन कराया। साथ ही, अपने भजन भी प्रस्तुत किए।समाजसेवी सज्जन कुमार, मनीष सर्राफ एवं हनुमान प्रसाद रामअवतार राजगढ़िया ने दादी जी को गजरा पहनाया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने सपत्नीक दादी जी को मेहंदी लगाई। समाजसेवी कमल मोर ने सपरिवार दादी जी को चुनड़ी ओढ़ाई। समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने छप्पन भोग लगाया, तो प्रदीप नारसरिया ने सपरिवार भक्तों के बीच मंगल पाठ के प्रसाद का वितरण किया। इसके बाद महाभोग लगा कर लगभग 3500 भक्तों को प्रसाद दिया गया।

## पंचशील नगर में अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई अंतिम चरण में

# एक अवैध निर्माण तोड़ने के लिए पुलिस बल की मांग की गई

- सड़क के एक ओर हो रही कार्रवाई जबकि अतिक्रमणकारियों की सूची है लंबी

**मनोज मिश्रा**



**रांची।** डालटनगंज, लोहरदगा से रांची रूट में रातु रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के रैंप के पास एनएच 75 में पंचशील नगर चौक है। बरसात के दिनों में इस चौक में आए दिन पानी जमा रहता है और राजधानी से यह सड़क कट जाता है। भारी जलजमाव में एंबुलेंस फंस जाते हैं और बड़ी गाड़ियों को भी आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है। ऐसी विषम हालातों में अभिभावक अपने बच्चों को दो पहिया वाहन से स्कूल पहुंचाते लाते देखे जाते हैं। कई लोग बाढ़ के पानी को दरकिनार कर सड़क पार करने की कोशिश करते हैं जो जानलेवा साबित हो सकती है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र ने सीरियल में कई समाचार छापे थे। इस खबर के बाद बड़ी करवाई हुई और इस बात का खुलासा हुआ कि नाले के जमीन का अतिक्रमण कर कुछ लोग मकान दुकान बनाए हैं। कार्रवाई आगे बढ़ी और भारी पुलिसबल की तैनाती में पंचशील नगर चौक में नाले की जमीन को नापा गया जिसमें पांच लोगों के नाले की जमीन का अतिक्रमण कर मकान दुकान बनाए जाने की पुष्टि हुई। सूत्रों ने बताया कि सड़क के एक ओर ही कार्रवाई हो रही है जबकि अतिक्रमणकारियों की सूची लंबी है। वहीं हेहल अंचल कार्यालय ने उन पांच लोगों में से चार लोगों के दस्तावेज की जांच की और संतुष्ट नहीं होने पर जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव एलआरडीसी के पास भेजा है। वहीं एक ने दस्तावेज जमा करने के लिए कुछ समय की मांग की और कुछ दिनों के बाद अंत में अंचलाधिकारी घनश्याम कुमार को बताया कि प्लॉट नंबर 1075 और 1076 में उसके मकान बने हैं, 1076 प्लॉट का पेपर तो है लेकिन 1075 का कोई पेपर नहीं हैं। विदित हो कि 1075 नंबर प्लॉट नाले की जमीन है। पंचशील नगर में अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई अंतिम चरण में है वहीं एक के ऊपर कार्रवाई जल्द को सकती है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि हेहल अंचल ने प्लॉट नंबर 1075 में बने निर्माण को तोड़ने के लिए सदर एसडीओ से एक अवैध निर्माण तोड़ने के लिए पुलिस बल की मांग की है। वहीं अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए अंचल द्वारा तकनीकी पक्ष का हवाला दिया जा रहा है कि जेसीबी जाने का कोई रास्ता नहीं है, अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए पीछे के रास्ते से जाना होगा लेकिन वहां दल-दल है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने पंचशील नगर चौक के और आसपास के कुछ लोगों से बात की तो नाम नहीं छापने की सूरत में लोगों ने बताया कि कहीं कोई दल-दल नहीं है।






## सात सितंबर को मिस व मिसेज झारखंड 2025 का फाइनल

# झारखंड के ऑडिशन में शामिल हुए 250 प्रतिभागी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** होटल बीएनआर चाणक्य में रविवार को मिस व मिसेज झारखंड 2025 का ऑडिशन हुआ। ओशियन इंटरटेनमेंट द्वारा ऑडिशन ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से किया गया। झारखंड से 250 प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान प्रतिभागियों को कैटवॉक राउंड, एक्स फैक्टर राउंड, आइक्यू राउंड, इंट्रोडक्शन राउंड आदि से गुजरना पड़ा। सात सितंबर को मिस व मिसेज झारखंड 2025 का फाइनल होगा। इसमें मिस व मिसेज झारखंड की घोषणा होगी। फाइनलिस्ट को मिसेज वर्ल्ड, मिस इंडिया, बॉलीवुड सेलिब्रिटी व हजारों दर्शकों के सामने कार्यक्रम में रैंप वॉक का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही उन्हें ग्रूमिंग सेशन में भाग लेने का मौका मिलेगा। ऑडिशन और ओरिएंटेशन सेशन में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों को कोई एक निर्धारित परिधान में उपस्थित होना अनिवार्य है। इस वर्ष का आयोजन स्टॉप वॉयलेंस अगेंस्ट वीमेन की थीम पर आयोजित है। आइसब्रेकर ओशियन विजन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रवीण सिन्हा ने बताया कि इस ऑडिशन में चयनित व इस पेजेंट के विनर को रूफ फाउंडेशन के सौजन्य से झारखंड भर में नारी के उत्थान के लिए एक ब्रांड अंबेस्डर के रूप में विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। गांव समाज में सैनेटरी पैड वितरण और इस विषय में गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक करने का लक्ष्य है। इस आयोजन के निर्णायक मंडल में सदस्य के रूप में मिस झारखंड 2025 आराधना कुमारी सिंह, वसीम आलम, प्रियंका जयसवाल, आरिफ बट्ट, बलराम साहु आदि शामिल रहे।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का एक साल पूरा नेताओं ने मनाया जश्न

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व का एक वर्ष पूरा होने पर रविवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रेन पार्क में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे और मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने के साथ ही विधानसभा चुनाव सर पर थे। ऐसे समय में कई प्रकार की अटकलों को विराम देते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल नेता डॉ. रामेश्वर उरांव की जोड़ी ने झारखंड में एक बार फिर मजबूत सरकार बनाने में महती भूमिका निभाई। इसी अवधि में जय भीम, जय बापू, जय संविधान के नारे के तहत आयोजित ऐतिहासिक रैली ने झारखंड की राजनीति में नई ऊर्जा भर दी।

## डॉ रविभूषण तिवारी की लिखी पुस्तक का हुआ विमोचन



**रांची।** डोरंडा कॉलेज के इतिहास विभाग से सेवानिवृत शिक्षक डॉ रविभूषण तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक बोड़ेया गांव की सार्थकता का विमोचन किया गया. इस पुस्तक में बोड़ेया गांव ओर यहां के देव स्थलों में छिपे रहस्यों को उजागर किया गया है. साथ ही बोड़ेया गांव के ब्रह्मणों की वंशावली, नागवंशी राजाओं का कुर्सीनामा, चेरो राजाओं का कुर्सीनामा का विशद विवरण दिया गया। इस अवसर पर बोड़ेया के गणमान्य लोग जिनमें पुरोहित अजय मिश्रा. मदन मोहन मंदिर के संरक्षक गोविंद नारायण तिवारी, अध्यक्ष सुधांशु तिवारी, गांव के मुखिया सोमा उरांव तथा सरपंच के उपस्थिति में इस पुस्तक का विमोचन किया गया।

## मांडर में दही हांडी कार्यक्रम आयोजित

# कुरकुरा टीम को मिला प्रथम पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मांडर।** मांडर स्थित शिव दुर्गा मंदिर परिसर में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शनिवार रात में भव्य दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से श्रीराम सेवा समिति, कुरकुरा की टीम ने मात्र 40 सेकेंड में मटकी फोड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और विजयी परचम लहराया। वहीं बजरंग दल, मलती की टीम ने 42 सेकेंड में मटकी फोड़कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। करगे नवा टोली की टीम ने 2 मिनट में मटकी फोड़कर तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। बालिका वर्ग में राधा रानी करगे की टीम ने 1 मिनट 3 सेकेंड में मटकी फोड़कर शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता की विजेता सभी टीमों को नगद राशि एवं शील्ड प्रदान कर मंदिर समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### विकास भारती का वनौषधि अभियान शुरू



रांची। पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित होकर विकास भारती बिशुनपुर ने हर घर वनौषधि अभियान का शुभारंभ लंगड़ाटांड से किया है। इस पहल का उद्देश्य हर घर में तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, येलोवेरा, हरसिंगार और नीम जैसे पौधे लगाना है। यह पौधे वायु शुद्धीकरण, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा सामान्य रोगों की चिकित्सा में सहायक होते हैं। यह औषधीय पौधे हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए कितने लाभदायक हैं, इस पर ग्रामवसियों के साथ विस्तृत चर्चा किया तथा उस गाँव के प्रत्येक परिवार में औषधीय पौधों के साथ फलदार पौधे (नाशपाती और आम) का वितरण किया।

### अवैध मवेशी तस्करी का पदार्फाश पिकअप वाहन से चार मवेशी बरामद



**पिठौरिया।** पिठौरिया पुलिस ने अवैध मवेशी कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार मवेशियों से लदे एक पिकअप वाहन खल्22उ4104 को जब्त किया है। इस दौरान दो तस्करों को भी रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इरफान अंसारी, निवासी नया सराय विधानसभा थाना क्षेत्र तथा वारिस आलम, निवासी कटमकुली, पिठौरिया थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पिठौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्या विकास पब्लिक स्कूल सोसो के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने पिकअप को रोका। तलाशी में वाहन से अवैध रूप से ले जाए जा रहे चार मवेशी बरामद हुए। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने मवेशियों को अवैध कारोबार हेतु ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया में भेजने की तैयारी कर रही है। थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध मवेशी कारोबार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### युवा पीढ़ी को नशा मुक्त होना बहुत आवश्यक : सुजीत मुंडा

**लापुंग।** शिक्षा दीप कोचिंग सेंटर के तत्वावधान में लापुंग प्रखंड के ककरिया से करम चौरा तक 2500 .02 मीटर कुल पांच किलोमीटर लंबी क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। कोचिंग सेंटर के संस्थापक और निदेशक सुजीत मुंडा तथा हेमंत कुमार साहु के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान सुनील उरांव ने अपना जलवा दिखाते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर सुजीत उरांव तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर अजस उर्फ अगस कच्छप ने भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में क्रमशः रूपेश महतो, श्याम महतो ने चौथा और पांचवा स्थान हासिल किया। पुलिस प्रशासन की मदद से आयोजित दौड़ के दौरान युवाओं को नशा मुक्त करने, यातायात नियम के अनुसार बाइक और स्कूटी चलाने सहित शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए युवाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सुजीत मुंडा ने कहा कि आजकल के युवा पीढ़ी को नशा मुक्त होना बहुत आवश्यक है। जब हमारा समाज नशा मुक्त होगा तब बच्चे और युवा पीढ़ी.संस्कार वान होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रम सिंह, राजेश सिंह, शनि नायक, जितेन्द्र सिंह, गौरव पाठक, विमल मुंडा, सनम मुंडा, गौतम वर्मा सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में विजेताओं को मेडल और कप देकर सम्मानित किया गया।

### सरला बिरला स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव मना



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का उत्सव बड़े उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 के छात्र-छात्राएं नन्हे राधा-कृष्ण के रूप में सजकर आए और कार्यक्रम में रंग भर दिया। उन्होंने अपने शिक्षकों के साथ डांडिया नृत्य में भी भाग लिया। उनकी पारंपरिक वेशभूषा और मासूम मुस्कान ने उत्सवी माहौल बना दिया। पहली कक्षा के बच्चों ने कृष्ण का संदेश देते हुए भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। पाँचवीं कक्षा के छात्रों ने रचनात्मक बांसुरी बनाने की गतिविधि में भाग लिया, जहाँ उन्होंने भगवान कृष्ण के पसंदीदा वाद्य यंत्र के बारे में सीखते हुए अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण की जीवन गाथा पर आधारित एक झांकी भी सजाई गई, जिसने उत्सव को और अधिक दिव्य बना दिया। यह दिन श्रद्धा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक भावना से भरपूर रहा, जिसने उपस्थित सभी लोगों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी।

### खलारी में किशोरी के साथ दुष्कर्म महिला हिरासत में

**खलारी।** खलारी थानाक्षेत्र में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। घटना सोमवार दोपहर करीब एक बजे की है। घटना के बाद किशोरी अपने घर से करीब एक किमी दूर जंगल की ओर से अकेली आते मिली। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए किशोरी की मां ने बताया कि पड़ोस के एक व्यक्ति ने उन्हें बताया कि कालोनी की ही एक महिला किशोरी को स्कूटी में लेकर गई है। इसके बाद पूरा परिवार किशोरी को ढूंढने में जुट गया। इस बीच उक्त महिला एक दूसरे दुपहिया वाहन से वहां पहुंची। किशोरी की मां ने जब उक्त महिला से अपनी बेटी के बारे में पूछा तो उसका जबाब था कि ह्यतुम्हारी बेटी काम से गई, जो करना है करोह्न। करीब चार घंटे के बाद उक्त किशोरी को पहचानने वाले किसी ने बताया कि करीब एक किमी आगे सड़क पर किशोरी अकेली आते दिखी है। इसके बाद परिवार के लोग वहां पहुंचकर उसे साथ लेकर घर आ गए। किशोरी ने अपनी मां को पूरी आपबीती बताई। अपनी मां को बताई कि कालोनी की ही महिला उसे साथ ले गई और एक दूसरे अनजान व्यक्ति को सौंप दी। यह उसे निकट के जंगल की ओर ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाया। मामले की पूरी जानकारी मिलते ही कालोनी की सभी महिलाएं एकजुट हो गई और घटना के लिए जिम्मेवार कालोनी की उक्त महिला की कड़ी निन्दा करने लगी। इसके बाद पीड़ित किशोरी के माता पिता व कालोनी की दर्जन भर महिलाएं खलारी थाना पहुंच गई। पुलिस को जानकारी मिलने पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपित महिला को पूछताछ के लिए थाना ले आई।

## खिलाड़ियों के बीच टी-शर्ट और जर्सी का वितरण

# खेल को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता : परवेज आलम



**बेड़ो।** प्रखंड के डाड़कंडरिया गांव में रविवार को कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सह जमीअतुल एराकीन देही छोटानागपुर के सेक्रेट्री परवेज आलम ने 8 खिलाड़ियों की टीम के बीच टी-शर्ट और जर्सी का वितरण किया। यह वितरण पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के निर्देश पर किया गया।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए परवेज आलम ने कहा कि ह्लखेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह सामग्री आप सभी खिलाड़ियों को दी जा रही है। हमारी पार्टी हमेशा खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी" यह सामग्री बंधु तिर्की के आवास से वितरित की जानी थी, लेकिन खिलाड़ियों की आवाजाही में होने वाली परेशानी को देखते हुए कार्यक्रम अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष के आवास पर ही आयोजित किया गया। आलम ने बताया कि अगले सप्ताह अन्य टीमों को भी खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर शनि प्रधान, कमल किशोर लकड़ा, तौहिद अनवर सहित विभिन्न गांवों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

## नामकुम में युवती से छेड़खानी कर सिगरेट से दागा, केस दर्ज

**नामकुम।** थाना क्षेत्र की एक युवती से छेड़खानी कर सिगरेट से दागने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता ने इमरान अली उर्फ राजू पत्थलकुदवा, आजाद बस्ती निवासी के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाने में दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया कि छह साल पहले उसका संबंध इमरान अली से था, परंतु चरित्र ठीक नहीं होने के कारण उसने चार वर्ष पहले उसे छोड़ दिया। इसके बावजूद इमरान अपने दोस्तों के साथ उससे छेड़छाड़ करता है। पीड़िता ने बताया कि नौ अगस्त को वह अपनी बहन के साथ नेपाल हाउस डोरंडा के पास मोमो दुकान पर खड़ी थी। उसी दौरान इमरान अपने दोस्त जाउल हबीब के साथ पहुंचा और छेड़छाड़ करने लगा। इसके बाद दोनों बहन जब घर जाने लगी तो घाघरा के रिलायंस मॉल के पास रोककर इमरान ने सिगरेट से उसे दाग दिया वह भागकर मुश्किल से घर पहुंची।

# जेसीआई रांची ने एक्सपो उत्सव के ब्रोशर का किया अनावरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई ने रविवार को अपने एक्सपो ब्रोशर का अनावरण किया और अपने प्रायोजकों को सम्मानित किया। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने जेसीआई रांची की प्रशंसा करते हुए कहा कि जेसीआई रांची व्यापार और खेल जगत में युवाओं के लिए मार्गदर्शन का काम कर रहा है। उन्होंने अध्यक्ष प्रतीक जैन और एक्सपो उत्सव 2025 के मुख्य संचालक सिद्धार्थ जयसवाल को बधाई दी। एक्सपो उत्सव 2025 के मुख्य संचालक सिद्धार्थ जयसवाल ने एक्सपो ब्रोशर के अनावरण के साथ सभी व्यापार जगत के लोगों को इस आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण दिया। ज्ञात हो कि पिछले 27 साल से जेसीआई रांची एक्सपो उत्सव केवल रांची ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की एक पहचान बन चुकी है। भारत के पूर्वी क्षेत्र का सबसे बड़ा कंज्यूमर फेस्ट माने जाने वाला यह एक्सपो न केवल रांची के व्यापार को बढ़ावा देता है, बल्कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारियों को आकर्षित भी करता है।

## अशोक परियोजना के 41 कर्मचारियों को दी गई पदोन्नति

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल के अशोक परियोजना में 41 कोयला कर्मियों को पदोन्नति मिलने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने किया। इस अवसर पर अशोक ओसीपी परियोजना के 22 और पिपरवार परियोजना के 19 कर्मियों को पदोन्नति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तीन दिनों के भीतर डीपीसी सदस्यों के दिशा-निर्देश पर परियोजना कर्मी फुलेश्वर महतो और सुरेश गंझू के प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई। पदोन्नति प्राप्त कर्मियों में क्लर्क, ई.पी. फिट्टर, पंप ऑपरेटर और कोल सैंपलर श्रेणी के कर्मचारी शामिल रहे। इनमें प्रमुख नामों में कलामनी देवी, हरिलाल महतो मौजूद थे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

# सिल्ली में देर रात तक भक्ति में सराबोर रहे श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिल्ली ।** सिल्ली में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें सिल्ली हाट बगान स्थित हरि मंदिर, धर्मशाला परिसर,बाउल डेरा,मंडप टोला आदि जगहों पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा का आयोजन किया गया। वहीं रूगड़ी टोला स्थित ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर में देर शाम श्री कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मंदिर परिसर में राधा कृष्ण का भव्य श्रृंगार, अभिषेक एवं पूजा एवं प्रसाद वितरण किया गया। महोत्सव में छोटे बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें छोटे छोटे बच्चे राधा रानी,बाल गोपाल के परिधान में शामिल हुए। आयोजन समिति की ओर से उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।वहीं देर शाम आयोजित भजन प्रस्तुति से वातावरण को कृष्णामयी कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। भजन कीर्तन में देर रात तक सराबोर रहे श्रद्धालु।कार्यक्रम के सफल आयोजन में ठाकुर बाड़ी मंदिर समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# कालीनगर राम जानकी हनुमान मंदिर में महाभंडारा का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**नामकुम।** नामकुम बरगावां कालीनगर में श्री राम जानकी हनुमान मंदिर कि ओर से जन्मआष्ट्मी रात्रि में भजन कीर्तन के साथ श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया। वहीं रविवार को महाभंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में सैकड़ो की संख्या में खीर-पूड़ी चना छोला का प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के सदस्य दुर्गा शंकर झा,जय किशोर सिंह, राम बिनय शर्मा,राम सोहन दुबे व कमलेश सिंह ने बताया कि श्री जानकी राम मंदिर में पिछले 10 वर्षों से जन्माष्टमी पर धूमधाम से मनाने के साथ-साथ दूसरे दिन महाभंडारा का आयोजन किया जाता है,इसमें हजारों की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके साथ ही जन्मआष्टमी रात्रि में भजन कीर्तन के साथ श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अमित पाठक और पिंकेश पाठक ने मंदिर परिषर में भंडारा कराया मंदिर के सदस्यों ने इस मंदिर में इस भ्य आयोजन में पप्पू यादव,दुर्गा शंकर झा, मंतोष राय,हेमंत झा, सुनील राय,निक्की पाठक, आरती झा, डोली झा, वीणा मिश्रा सहित अन्य का सहयोग दिया है।

## चान्हो में दो फरार अभियुक्तों के घर बाजे गाजे के साथ चिपकाया गया इश्तेहार

# 30 दिनों में आत्मसमर्पण का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**चान्हो।** थानाक्षेत्र के दो फरार अभियुक्तों के घर पर शनिवार को चान्हो पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया। यह कार्रवाई मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, लोहरदगा के न्यायालय में लंबित जीआर केस संख्या 174/2021 के संदर्भ में की गई। इश्तेहार (धारा 82 दं.प्र.सं.) के तहत जिन अभियुक्तों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है, उनमें राजकुमार उरांव पिता जयराम उरांव, निवासी सिंदबार टोली, चान्हो तथा सुरेश महतो पिता भुटकू महतो, निवासी बलसोकरा महुआ टोली, चान्हो शामिल हैं।चान्हो थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार दोनों अभियुक्तों के घर एवं सार्वजनिक स्थलों पर ढोल-नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाया। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि दोनों अभियुक्त 30 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध का एक हाथ कटा

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** खलारी रेलवे स्टेशन के समीप अप रेल लाइन में ट्रेन के चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्ध जगरन्नाथ मिस्त्री का एक हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। घटना सोमवार शाम लगभग 7 बजे की है। इस संबंध में आरपीएफ द्वारा बताया गया कि खलारी स्टेशन से उन्हे घटना की जानकारी मिली। स्टेशन से पश्चिम करीब एक किमी दूर घटना स्थल पर पहुंचने पर पाया कि वृद्ध जगरन्नाथ मिस्त्री का दाहिना हाथ कट गया है और उसने अपने कटे हाथ को झोला में स्वयं डाल लिया था। लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण चल नहीं पा रहा था। पुछने पर अपना नाम जगरन्नाथ मिस्त्री पिता स्व तुलसी मिस्त्री बताया। वह अजनिया बेलवटी स्टेशन बरकी सलईया नवीनगर (बिहार) का रहने वाला है। तत्परता दिखाते हुए आरपीएफ के जवानों ने एम्बुलेंस से सीसीएल के डकरा सेन्ट्रल अस्पताल भेज दिया।

# माइंस बंद कराने व मारपीट के आरोप में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के 5 बाउंसर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

- **धरना-प्रदर्शन की वजह योगेंद्र साव की पत्नी निर्मला देवी का चिमनी भट्ठा की चाहरदिवारी को एनटीपीसी के द्वारा तोड़ा जाना बताया जाता है**



**हजारीबाग।** हजारीबाग की पुलिस ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के पांच बाउंसरों को गिरफ्तार कर लिया है। योगेंद्र साव के पांचों बाउंसरों पर आरोप है कि शनिवार को उन्होंने चट्टी बरियातू माइंस को बंद कराया। वहां मौजूद ट्रांसपोर्टरों व वाहन चालकों के साथ मारपीट की। जिन पांच लोगों ने मारपीट की है, उन पर कथित रुप से योगेंद्र साव का बाउंसर होने का आरोप है। सभी हरियाणा के रहने वाले हैं। पांचों को योगेंद्र साव के कार्यालय से गिरफ्तार किया गया है, उस वक्त योगेंद्र साव व पूर्व विधायक अंबा प्रसाद वहीं मोजूद थे। जानकारी के मुताबिक एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस में पिछले कई दिनों से धरना प्रदर्शन चल रहा है। धरना-प्रदर्शन की वजह योगेंद्र साव की पत्नी निर्मला देवी का चिमनी भट्टा की चाहरदिवारी को एनटीपीसी के द्वारा तोड़ा जाना बताया जाता है। इसी दौरान शनिवार को योगेंद्र साव के साथ रहने वाले बाउंसरों ने लोगों के साथ मारपीट की। जिसे लेकर ट्रांसपोर्टरों के यूनियन ने बड़कागांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद बड़कागांव पुलिस ने पांचों बाउंसर को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तालाश की जा रही है। इस मामले में इससे पहले भी पुलिस ने योगेंद्र साव के 8 समर्थकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## प्राचीन ठाकुरबाड़ी मंदिर में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा बाजार स्थित प्राचीन ठाकुरबाड़ी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भरत पांडेय परिवार के सौजन्य से आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालु पूरे दिन व्रत रखते हुए रात्रि में श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल हुए और उनकी आराधना में लीन रहे। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और भजन की गूंज सुनाई देती रही। बाबू भइया जागरण मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक कृष्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# हुदुआ जंगल में पेड़ से लटका मिला छात्रा का शव

नवीन मेल संवाददाता

**कटकमसांडी।** कटकमदाग और बड़कागांव प्रखंड की सीमा पर स्थित हुदुआ जंगल में एक पेड़ से युवती का फंदे से लटका हुआ शव पुलिस ने बरामद किया. शव की पहचान कटकमदाग थाना क्षेत्र के बेंदी झगरबांध निवासी खिरोधर गंझू की 21 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी के रूप में की गयी. बताया गया कि 12 अगस्त की सुबह कुछ युवकों ने नेहा कुमारी को अगवा कर लिया था. पिता की शिकायत पर कटकमदाग थाना में केरेडारी प्रखंड के नावाडीह गांव निवासी निशांत गंझू सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. मामले के बाद पुलिस लगातार तलाश कर रही थी, लेकिन युवती का कुछ पता नहीं चल पा रहा था. शनिवार को सूचना मिली कि हुदुआ जंगल में पेड़ पर शव लटका है. कटकमदाग थाना प्रभारी प्रमोद राय और बड़कागांव पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा. सूत्रों के अनुसार, इस मामले में कटकमदाग पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है. नेहा कुमारी कस्तूरबा विद्यालय कटकमदाग में पढ़ती थी और छुट्टी में गांव आयी हुई थी. 12 अगस्त को जब वह खेत की ओर जा रही थी, तभी तीन-चार युवक उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर फरार हो गये थे.

## बरकट्ठा पुलिस ने चोरी के आरोप में युवक को भेजा जेल



**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में करण सोनी पिता संतोष सोनी को गिरफ्तार किया ।विदित हो करण सोनी ग्राम परबत्ता निवासी 94/25 कांड संख्या के प्राथमिक अभियुक्त है। पुलिस ने करण को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर व मेडिकल जांच कर न्यायिक हिरासत हजारीबाग भेज दिया।

### कार से 102 किग्रा डोडा बरामद, गाड़ी लॉक कर चालक फरार

# मादक पदार्थ के तस्कर अपने परिवार सहित समाज के भी दुश्मन हैं : एसडीपीओ

नवीन मेल संवाददाता

- **मालिक और तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस विभिन्न विंदुओं पर जांच प्रारंभ कर दिया है**



**बरही ।** रविवार की रात्रि 10.05 बजे बरही चौक से पुलिस ने एक सफेद रंग वर्ना कार संख्या यूपी 70 सीवाई 9444 जब्त किया है. जिसमें 7 बोरे में रखे हुए कुल 102 किग्रा डोडा बरामद किया गया. उक्त जानकारी प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने दी. उन्होंने बताया कि बीते रात्रि 9.30 बजे एसपी हजारीबाग ने उन्हे रांची से बरही की ओर वर्ना कार से अवैध बस्तु की परिवहन की जानकारी दिया. सूचना मिलते ही वह स्वयं इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, सब इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार सिंह और थाना के सशस्त्र बल के साथ बरही चौक पर वाहन चेकिंग प्रारंभ कर दिए. 10.05 बजे उक्त वाहन को चौक पर रोकने का प्रयास किया गया. परंतु चालक गाड़ी तेजी से भगाते हुए गया रोड स्थित हरीनगर मुहल्ले की गली में कार लॉक कर भाग गया. जिसे क्रेन की मदद से बरही थाना लाया गया. जहां गश्ती दल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी की उपस्थिति में एसडीपीओ के आदेश पर किसी तरह कार को खोलवाया गया. जहां कार के डिक्की से 4 और सीट पर रखा हुआ 3 बोरा कुला मिलाकर 7 बोरा अफीम का डंठल व खोखा पाया गया. जिसे खोलने और वजन करवाने पर 102 किग्रा डोडा मिला. मामले के संबंध में जब्त वरना कार के वाहन चालक, मालिक और तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस विभिन्न विंदुओं पर जांच प्रारंभ कर दिया है. प्रेस वार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी भी मौजूद थे. प्रेस वार्ता में एसडीपीओ बिमल ने सभी मादक पदार्थ व्यापारियों से इस प्रकार के धंधे छोड़ने की अपील की है. उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ में दोषी साबित होने पर 10 वर्ष से आजीवन सजा के प्रावधान है. जिससे न केवल मादक पदार्थ के व्यापारी बल्कि पूरा परिवार तबाह हो जाता है. उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि बड़ी अनुमंडल पुलिस मादक पदार्थ के तस्करों के खिलाफ पूरी तरह से कमर कस चुकी है, किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा. ऐसे तस्कर परिवार के साथ समाज के भी दुश्मन है, इनका सार्वजनिक विरोध होनी चाहिए.

## विद्यालय गोरहर में शान से लहराया तिरंगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर स्थित संत पाल एकेडमी गुरुकुल विद्यालय गोरहर में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया पांडेय,पंचायत समिति सदस्य ज्योति देवी शामिल हुई तथा जिप सदस्य ने झंडोत्तोलन किया। कार्यक्रम में निदेशक कार्तिक करण देव, जिप प्रतिनिधि सह समाजसेवी चंद्रकांत पांडेय, पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, पंसस प्रतिनिधि लखन महतो, वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो, कमल करण देव, गणेश करण देव, पत्रकार श्याम किशोर पांडेय, पीयूष पांडेय, शाहबाज अंसारी, बैजनाथ महतो उपस्थित थे। वहीं प्राचार्या पूजा कुमारी ने संबोधित करते हुए कहा कि यहां प्रत्येक वर्ष विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ।आज के दिन विद्यालय में निःशुल्क नामांकन और 28 बच्चों को निःशुल्क पोशाक दिया गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया जिससे उपस्थित सभी लोगों के तालियां के गड़गड़ाहट से और भारत माता की जयकारे से क्षेत्र गूंजयमान हो गया ।मौके पर शिक्षक ललितेश्वर पांडेय, गोलेश्वर कुमार, शालू कुमारी, रितिक कुमार, अमन कुमार, बेबी कुमारी, रुबी कुमारी,शराफत अंसारी, शमा परवीन, अंजली कुमारी, दीपक कुमार के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

## अटल विचार मंच ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** अटल विचार मंच के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शनिवार को अटल चौक पर किया गया। मौके पर भारतरत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूरे कार्यक्रम के दौरान उनकी ओजस्वी कविताएं निरंतर गूंजती रहीं। इस अवसर पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के सहायक प्रध्यापक डॉ. हितेंद्र अनुपम ने कहा कि अटल जी द्वारा स्थापित राजनीतिक सुचिता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी रहेगी। अजय कुमार सिंह ने उन्हें कोमल हृदय के साथ-साथ कठोर निर्णय लेने में सक्षम अद्वितीय नेता बताया। वहीं मनोज कुमार ने उन्हें भारतीय राजनीति का नवप्रवर्तक बताते हुए गठबंधन सरकार को सफलतापूर्वक चलाने वाला महारथी कहा। इस मौके पर नवदीप प्रजापति, मनोज प्रजापति, अमर यादव धोनी, राजू प्रजापति, अजय प्रजापति, ओम प्रकाश उपस्थित रहे।

## भुरकुंडा में जन्माष्टमी पर यदुवंशी परिवार की शोभायात्रा

**भुरकुंडा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर यदुवंशी परिवार की ओर से शनिवार को भुरकुंडा कोयलांचल में शोभायात्रा निकाली गई। इसका शुभारंभ पटेलनगर स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर से हुआ। वासुदेव पताका की अगुवाई में श्रद्धालु जय श्रीकृष्ण, जय वासुदेव, जय माधव-जय यादव का जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा पटेलनगर से निकल कर भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड, बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार, संकटमोचन मंदिर होते थाना चौक स्थित काली मंदिर पहुंचा, जहां विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं शोभायात्रा में महाभारत के प्रसंग के अलावा राधा-कृष्ण, भगवान शिव और कृष्ण-सुदामा के प्रसंग पर आधारित मनोरम झांकियां थी, जो आकर्षण का केंद्र बनी। थाना मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए गिरधारी गोप ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश और आदर्शों को आत्मसात कर इंसान अपना जीवन धन्य बना सकता है। आयोजन की सफलता पर उन्होंने समस्त यदुवंशी परिवार को धन्यवाद दिया। यहां सभा को गिरधारी गोप के अलावा संतोष यादव, कन्हैया सिंह यादव, सुरेंद्र यादव, धनंजय प्रसाद यादव, रामेश्वर गोप, रामबिलास यादव, शिवकुमार यादव, बैजनाथ यादव, लालू महतो ने संबोधित किया। आयोजन को सफल बनाने में शंकर यादव, चंद्रिका राय, टुनटुन यादव, प्रदीप यादव, वीरेंद्र यादव, सुनील यादव, पप्पू यादव, विश्वनाथ यादव, राजकुमार यादव, राजेंद्र यादव, जीतन यादव, देवकरण यादव ने योगदान दिया।

## स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना

**हजारीबाग।** पबरा रोड स्थित मिलेनियम पब्लिक स्कूल मे 79वीं स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राशिद इब्राहिम ने झंडोतोलन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने राष्ट्रगान के साथ सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों काफी उत्साहित दिखे। बच्चों तिरंगा हाथों में लेकर काफी मनमोहक नजर आ रहे थे।

प्रधानाध्यापक ने बच्चों, शिक्षकों एवं अतिथियों का अभिवादन करते हुए अपना भाषण प्रस्तूत किया, कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के एडमिन साकिब अख्तर के साथ-साथ सभी शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक कर्मियों ने अपना योगदान दिया वहीं एडमिन साकिब अख्तर ने सभी अतिथियों एवं बच्चों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

# कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर गैयपहाड़ी में दही हांडी कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गैयपहाड़ी में नवयुवक क्लब द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर दही हांडी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 8 बजे हुई और ठीक 12 बजे, भगवान श्रीकृष्ण जन्म के समय, दही हांडी फोड़ा गया। विदित हो कि गैयपहाड़ी के ग्रामीणों द्वारा यह आयोजन लगातार पांच वर्षों से होता आ रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी पर आयोजित इस परंपरागत कार्यक्रम में मानव पिरामिड बनाकर दूध, माखन, फल और जल से भरे मिट्टी के घड़े को फोड़ा गया। इस दौरान लोगों ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की जयघोष के साथ उत्सव का आनंद लिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, पूर्व पंचायत समिति सदस्य महेंद्र प्रसाद, शिक्षक रामकृष्ण प्रसाद, उपमुखिया गुनेश्वर प्रसाद, रवीन्द्र प्रसाद, चेतलाल पंडित, दुर्गा महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बता दें कि नवयुवक क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रकाश राणा, सचिव संदीप कुमार, उपाध्यक्ष सिकंदर प्रसाद, निर्देशक वासुदेव प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, त्रिलोकी ठाकुर, मनोज प्रसाद व अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने किया कार्यशाला का आयोजन

# सेल रिफ्रैक्ट्रीज यूनिटों के आधुनिकीकरण में तेजी से काम किया जा रहा है : डीजीएम

नवीन मेल संवाददाता

- **सेल रिफ्रैक्ट्रीज की इंडियन ऑयल के साथ एमओयू और प्राकृतिक गैस द्वारा फायरिंग करने के संबंध में कार्यशाला में चर्चा की गई**



**रामगढ़।** स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया सेल रिफ्रैक्ट्रीज यूनिट के आधुनिकीकरण , विस्तारीकरण विषय पर 17 अगस्त को एसआरयू इफिको रांची रोड के कॉन्फ्रेस रूम में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य रूप से बीके तिवारी डायरेक्टर इंचार्ज बीएसएल एंड एसआरयू , पीके रथ एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सेल रिफ्रैक्ट्रीज, के एस एस कन्हैया चीफ जेनरल मैनेजर, सीजीएम ऑपरेशन आरके सिंह, जीएम एचआर मो युसूफ हुसैन, सीजीएम एस आरयू भिलाई विशाल दुबे, सोमनाथ सेन जीएम इंचार्ज एसआरयू भंडारीदह, पीके गुप्ता जीएम इंचार्ज एसआरयू इफिको एंड रांची रोड, एके सिन्हा डीजीएम एचआर, यश श्रीवास्तव सीनियर मेनेजर एचआर मौजूद थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सेल रिफ्रैक्ट्रीज यूनिट के डीजीएम द्वारा कहा गया कि बेहतर उत्पादन को लेकर सेल रिफ्रैक्ट्रीज यूनिटों के आधुनिकीकरण, विस्तारीकरण पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके तहत नये उत्पादों का विकास, कच्चे माल की सुरक्षा, बाहरी सलाहकारों के सुझाओं को प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही कार्यशाला में सेल रिफ्रैक्ट्रीज के विभिन्न इकाईयों में उत्पादन और डिस्पैच पर कार्यशाला में विचार विमर्श किया गया। इसके अलावे सेल रिफ्रैक्ट्रीज की इंडियन ऑयल के साथ एमओयू और प्राकृतिक गैस द्वारा फायरिंग करने के संबंध में कार्यशाला में चर्चा की गई। वहीं, एचआर प्लान के तहत सीएसआर प्रोजेक्ट 2025-26 में मानव संसाधान विकास एवं सीएसआर प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन पर भी कार्यशाला में चर्चा की गई।

### आजसू के क्रेद्रीय सचिव ने किया ध्वजारोहण

## हम स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को मिलकर करेंगे साकारः मनोज



**रामगढ़।** 15 अगस्त को संत अन्ना स्कूल कैथा में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव सह निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने झंडोतोलन किया। मौके पर उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आज जो स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं । उसके लिए हजारों देश वासी शहीद हुए हैं। इसके बाद हमें 15 अगस्त 1947 में आजादी मिली। कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई के दौरान एक मजबूत और खुशहाल भारत निर्माण का सपना देखा था जहां बिना किसी भेदभाव के सभी को विकास का समान अवसर मिले। कहा कि आज का दिन स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का संकल्प लेने का दिन है। कहा कि हम सभी आज संकल्प लेते हैं कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए सभी को साथ लेकर चलेंगे और जरूरत के समय एक दूसरे क मदद करेंगे । मौके पर कई लोग मौजूद थे ।

# न्यूज बॉक्स

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को एक वर्ष पूरा होने पर दी गई बधाई



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता सह मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव कमलेश महतो को उनके अध्यक्ष पद का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर पुष्पगुच्छ (बुकें) भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। मौके पर रामगढ़ विधायक ममता देवी मौजूद थीं। इस अवसर पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में केशव कमलेश महतो का यह एक वर्ष संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उ संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं को सम्मान और जिम्मेदारी देने तथा जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करने के उनके प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने आगे कहा कि महतो ने प्रदेश के विभिन्न जिलों का लगातार दौरा कर न सिर्फ कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है, बल्कि जनहित से जुड़े सवालों को लेकर सरकार और प्रशासन के समक्ष मजबूती से आवाज़ भी उठाई है। यही कारण है कि आज झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और जनता के बीच बढ़ते विश्वास का वातावरण दिखाई दे रहा है। सुधीर मंगलेश ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में केशव कमलेश महतो के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी और अधिक मजबूत होगी तथा जनता की समस्याओं को उठाने और उनके समाधान के लिए संघर्षरत रहेगी।

## रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ ने मनाया चार्टर डे




**रामगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ ने मनाया चार्टर डे मनाया गया। डिस्ट्रिक गवर्नर रोटेरियन नम्रता का रामगढ़ में ऑफिशियल विजिट हुआ। क्लब के बाहर अन्नपूर्णा सेवा के तहत राहगीरों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। इस क्रम में लगभग 500 लोगों को खिचडी प्रदान किया गया। एक जरूरतवंद महिला को ठेला वितरण किया गया ताकि वो अपनी जीवीका चला सके एवम् आत्मनिर्भर बन सके। डीजी नम्रता ने क्लब असेंबली मीटिंग में क्लब के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की क्लब को एक सिग्नेचर प्रोजेक्ट करना चाहिए। रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा क्लॉक टावर बनाने का विचार कर रहे हैं । अगर सही जगह मिल जाए तो यह कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। देर शाम क्लब हॉल में पब्लिक फंक्शन का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक गवर्नर रोटेरियन नम्रता ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रोटेरियन नम्रता ,क्लब अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व जिलापाल संजीव ठाकुर ,सचिव विजय कुमार,रीजनल डायरेक्टर विवेक अग्रवाल, कार्यक्रम संचालक डॉ एके बेरेलिया, निलांजन दत्ता ने किया। चार्टर डे केक कटिंग करके किया गया, जिसमें उपस्थित सभी पूर्व अध्यक्ष ने हिस्सा लिया ।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**रामगढ़ ।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में 15 अगस्त को धूमधाम से देश का 79 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व की जानकारी दी. डॉ कश्यप ने कहा कि आज का यह दिन गौरवपूर्ण दिन है.यह दिन उन शहीदो को याद दिलाता है जिन्होंने अपना बलिदान देकर देश को आजादी दिलाई. स्वतंत्रता दिवस समारोह को विद्यालय के बाल संसद और सहायक अध्यापक सभी मिलकर सफल बनाया. मौके पर सहायक अध्यापक शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता,जेठुलाल मांझी और प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद थे.

## नशा व मादक पदार्थों के विरुद्ध बरकट्ठा पुलिस ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र में नशा एवं मादक पदार्थों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए बरकट्ठा पुलिस द्वारा रविवार को बाजार क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि "ड्रग्स के कुचक्र को तोड़ो और जीवन को रिश्तों व समाज से नाता जोड़ो।" वहीं थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने कहा नशा, समाज व परिवार दोनों के लिए घातक है। यह युवा पीढ़ी को गलत दिशा में ले जा रही है। पुलिस ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों पर नजर रखें और किसी भी तरह के नशा कारोबार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस मौके पर पुलिस ने अपना हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया। थाना प्रभारी का नंबर 6206839278 एवं इंस्पेक्टर का नंबर 8969122219 जारी किया गया है। किसी भी तरह की सूचना इन नंबरों पर सीधे साझा की जा सकती है। पुलिस ने यह भी कहा कि नशे के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिस तरह से युवाओं में नशाखोरी की लत लग गई यह बहुत ही बुरी आदत है, इससे समाज और घर दोनों ही बदनामी की ओर जा रहे हैं। इस पर रोक लगना बहुत ही जरूरी है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम, भव्य भजन और महाआरती से गूंजा शहर



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम शनिवार को हर तरफ देखी गई। "हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की" के नारों से सिमडेगा के सभी मंदिर और पूजा स्थल गूंजायमान रहे। इसी क्रम में शहर की हृदयस्थली महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह आयोजन महावीर कीर्तन मंडली के द्वारा किया गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हेडक्वार्टर डीएसपी रणवीर सिंह शामिल हुए। इन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम में का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात व्यास बाबू सिंह के द्वारा गणेश वंदना गाकर भजन संध्या की शुरुआत की गई।महावीर कीर्तन मंडली के अध्यक्ष डीडी सिंह एवं रामनवमी प्रबंधक समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा के द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया। इस दौरान डीएसपी रणवीर सिंह ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।जिसके पश्चात बिहार के विभिन्न जिलों से गायकों द्वारा एक से एक भजनों की सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति दी गई।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर महावीर मंदिर में श्रीकृष्ण की पालकी सुंदर-सुंदर फूलों से सजाकर पूजन अनुष्ठान किया गया। वही रात्रि 12:00 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के पश्चात महाआरती की गई। साथ ही "नंद के आनंद भयो, जय हो नंदलाल की" के जयकारे भक्तगण लगाते दिखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरि सिंह, मुकेश कुमार बरणवाल, हरिश्चंद्र गुप्ता, अनिरुद्ध सिंह, शैलेश कुमार, अजय महतो, गुड्डू ठाकुर ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## जन्माष्टमी पर वीरू जगन्नाथ मंदिर में कलश यात्रा और 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू

सिमडेगा: श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बीरु स्थित जगन्नाथ मंदिर में इस वर्ष भी भव्य धार्मिक आयोजन की शुरुआत हुई। शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसकी शुरुआत मदा नदी से जल भरकर की गई। जल कलश को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए शोभायात्रा के रूप में जगन्नाथ मंदिर लाया गया, जहाँ विधिवत उसकी स्थापना की गई।शाम के समय राजपुरोहित प्रदीप मिश्रा ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की, वहीं वीरूगढ़ के राजा दुर्विजय सिंह देव ने अजमान की भूमिका निभाई। कलश स्थापना के बाद भक्तिमय माहौल में रविवार को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ हुआ।कीर्तन में वीरू और आसपास के कई गांवों से आए कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। मंडलियों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत और भजन प्रस्तुत किए। "हरे राम, हरे कृष्णा" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। देर रात तक श्रद्धालु नाच-गान और भक्ति रस में डूबे रहे।समिति सदस्यों ने बताया कि अखंड कीर्तन का समापन सोमवार को होगा। इस अवसर पर नगर भ्रमण,दधि भजंन किया जाएगा। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा।पूरे आयोजन को सफल बनाने में जन्माष्टमी पूजा प्रबंधकारिणी समिति बीरु के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सराहनीय भूमिका रही। समिति ने बताया कि हर वर्ष जन्माष्टमी के मौके पर इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धालुओं को भक्ति और समर्पण का अनूठा अनुभव प्रदान किया जाता है।



## सिमडेगा कुंज नगर में भव्य श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**सिमडेगा।** नगर क्षेत्र के कुंज नगर में इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। जन्माष्टमी पूजा से पूर्व रात्रि में भाव-भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक रामजी यादव सहित विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारकर किया गया। इसके बाद भक्ति संध्या का आगाज़ हुआ, जिसमें बाहर से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। मधुर भजनों और कीर्तन ने पूरे माहौल को कृष्णमय कर दिया और श्रद्धालु झूमने पर विवश हो गए।आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम में शामिल अतिथियों एवं विशिष्ट जनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आयोजक रामजी यादव एवं उनकी पूरी समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर इस प्रकार का आयोजन किया जाता है, जिससे पूरे नगर का वातावरण भक्ति और आनंद से भर उठता है।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पूजा-अर्चना एवं विधिवत आरती। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म के साथ ही भक्तों ने झूमते हुए "नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" जैसे उद्घोषों से मंदिर परिसर गुंजा दिया।पूजा-पाठ एवं आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। देर रात तक चले इस भव्य आयोजन ने श्रद्धालुओं को गहरी आध्यात्मिक अनुभूति कराई।



# लचरागढ़ शिव मंदिर में कृष्णा युवा मंच का नागपुरी गायन से रात्रि जागरण का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ पुराना रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्णा युवा मंच के बैनर तले श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर रात्रि जागरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोलेबिरा थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विष्णु साहू, रामदेव कसेरा, संजय साव, गजेंद्र साव, दशरथ साहू, विनय अग्रवाल तथा एस.आई. जितेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत नागपुरी गायिका मातेश्वरी कुमारी द्वारा देवी दुर्गा की वंदना "जय माता देवी दुर्गा" से की गई। इसके बाद पूरी रात एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत-संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया।इस अवसर पर कृष्णा युवा मंच के अध्यक्ष माना साहू, उपाध्यक्ष रूपेश साहू, सचिव विजय स्वामी, उपसचिव गोकुल कसेरा, कोषाध्यक्ष निखिल कसेरा, उपकोषाध्यक्ष रूपेश सिंह सहित मंच के कई पदाधिकारी व सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे। वहीं मीडिया प्रभारी अजय स्वामी, संरक्षक अनूप साहू, उपसंरक्षण प्रताप जैन, राज साउंड ऑपरेटर गोकुल कसेरा तथा अन्य ग्रामीण युवा कार्यक्रम के संचालन में सहयोग कर रहे थे।जागरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं, बुद्धिजीवी वर्ग एवं विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू भी शामिल हुए। रात्रिभर चले इस आयोजन ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को भक्ति और सांस्कृतिक माहौल से सराबोर कर दिया।

# कुरडेग में श्रद्धापूर्वक मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नवीन मेल संवाददाता



**कुरडेग।** उमामहेश्वर महावीर मंदिर परिसर मेंशनिवार रात को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पर्व के मौके पर मंदिर संचालन समिति द्वारा मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।प्रतियोगिता में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कई ग्रुप ने मटका फोड़ने का प्रयास किया, लेकिन अंततः लबडेरा का ग्रुप मटका फोड़ने में सफल रहा। विजेता टीम को मंदिर संचालन समिति की ओर से 5100 रुपये नकद व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मंदिर प्रांगण भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु देर रात तक भगवान श्रीकृष्ण के भजनों और उत्सव में डूबे रहे। आयोजन स्थल पर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।मंच पर मंदिर संचालन समिति के संरक्षक सुशील श्रीवास्तव, जिला बीससूत्री उपाध्यक्ष मनोज जैसवाल, एसआई सुधीर प्रसाद, उमेश जैसवाल, अनुज गुप्ता, अशोक गुप्ता, श्रवण बड़ाईक, द्वारिका जयसवाल, संजीत जयसवाल, मंटू जयसवाल, रवि जयसवाल और बलवीर प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर संचालन समिति के सदस्यों व स्थानीय युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर इस प्रकार के आयोजन कर भगवान श्रीकृष्ण की लीला को जीवंत बनाने का प्रयास किया जाता है।

### सिमडेगा में जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# 60 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी के सख्त निर्देश पर जिला प्रशासन ने अवैध कारोबार और गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी के नेतृत्व में कोलेबिरा पुलिस टीम ने रविवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी कर रही थी। इसी बीच एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया। उसी समय सूचना मिली कि एक संदिग्ध वाहन संख्या JH01CU 5526 कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र से गुजर रहा है। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को रोका।जब वाहन की गहन तलाशी ली गई तो उसकी डिक्की से करीब 60 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। मौके पर ही पुलिस टीम ने वाहन में सवार तीन लोगों को दबोच लिया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान वाहन चालक संजय कुमार (उम्र 35 वर्ष, पिता- स्व. मिठाई लाल, थाना- सराय ममरेज, जिला- प्रयागराज, उत्तर प्रदेश), आकाश कुमार यादव (उम्र 27 वर्ष, पिता- राजेंद्र प्रसाद यादव, ग्राम- आलापुर, थाना- मीरगंज, जिला- जौनपुर, उत्तर प्रदेश) और एक अन्य आरोपी पाण्डेय जी (थाना- मदोही, जिला- भदोही, उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि ये लोग गांजा की खेप उड़ीसा के संबलपुर जुलवानी क्षेत्र से लेकर आ रहे थे।प्रशासन ने तुरंत ही वाहन को जब्त कर लिया और गांजा को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई शुरू कर दी। गिरफ्तार आरोपियों को कोलेबिरा थाना लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी सख्ती से ऐसे अवैध कारोबारियों पर नकेल कस रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने बताया कि जिले में तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।इस कार्रवाई से प्रशासनिक टीम को बड़ी सफलता मिली है और स्थानीय लोगों में संतोष का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस सख्त पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में क्षेत्र से अवैध कारोबार पूरी तरह समाप्त होगा।

# ठेठईटांगर में इंटरनेट संकट पर संघर्ष मोर्चा की बैठक, आंदोलन की चेतावनी




नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के ताराबोगा पंचायत स्थित संत अन्ना विद्यालय मैदान में रविवार को इंटरनेट सेवा संघर्ष मोर्चा की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन अमृत चिराग तिर्की ने किया। इस दौरान क्षेत्र में लंबे समय से बाधित इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर गहन चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि नेटवर्क ठप रहने से शिक्षा, रोजगार, बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे लोग लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्या को जिला प्रशासन तक पहुँचाने के लिए प्रतिनिधिमंडल का गठन किया जाए। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को आंदोलन से जोड़ने तथा शीघ्र ज्ञापन सौंपने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह भी तय किया गया कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन तेज किया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल में अमृत चिराग तिर्की, जॉन कुल्लू, मुखिया बलदेव सिंह, इशहाक डुंगडुंग, नितेश कुमार, प्रोमिला बिलुंग, जोसेफ तिर्की और मतियास कुल्लू को शामिल किया गया।अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि यह केवल इंटरनेट सेवा का नहीं, बल्कि विकास से जुड़े अधिकारों का सवाल है। मुखिया बलदेव सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं से वंचित रखना अस्वीकार्य है। प्रोमिला बिलुंग ने बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहे असर को रेखांकित किया, वहीं मतियास कुल्लू ने कहा कि अब जनता चुप नहीं बैठेगी।बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने प्रशासन तक जनता की आवाज़ पहुँचाने और आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# बानो में जेएलकेएम की विशेष बैठक रविंद्र सिंह बने प्रखंड अध्यक्ष

**बानो।** बानो प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रविंद्र सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष ब्रजकिशोर की अगुवाई में हुआ।बैठक में सर्वसम्मति से बानो प्रखंड समिति का विस्तार किया गया। इसमें रविंद्र सिंह को प्रखंड अध्यक्ष, विकास मगहिया को सचिव तथा देवंती कुमारी को महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष राजू सिंह, उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी विनोद नाग, कार्यकारी अध्यक्ष पुनीत प्रीतम सिंह, महासचिव ललित कुमार सिंह, सह सचिव रूपेंद्र सिंह, महामंत्री कर्मवीर सिंह, मंत्री मनोज बड़ाइक, छात्र संगठन अध्यक्ष रोहित बड़ाइक, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू साहू, एसटी मोर्चा अध्यक्ष कलेवर प्रधान, एससी मोर्चा अध्यक्ष जगतपाल स्वांसी तथा बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष सह सलाहकार बनेश्वर सिंह बनाए गए।नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि प्रखंड एवं जिला कमेटी ने जो विश्वास जताया है, उसका वह पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

## बोलबा की पानी टंकी 2 साल बाद भी बंद, आजसू ने जताया आक्रोश

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पानी टंकी दो वर्ष बीत जाने के बाद भी चालू नहीं हो पाई है। रविवार को आजसू पार्टी सिमडेगा के जिला सचिव विकास बड़ाईक ने टंकी स्थल का जायजा लिया। मौके पर टंकी और ओपरेटर हाउस की बदहाल स्थिति देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई।आजसू जिला सचिव ने कहा कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित बोलबा के लोगों को आज भी चुआं और ढोभा का पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर इस योजना को बनाया था। उनका कहना था कि देखरेख के अभाव में टंकी और उससे जुड़ी संरचनाएँ बिना उपयोग में आए ही जर्जर हो चुकी हैं।बड़ाईक ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सिमडेगा में योजनाओं को आधा-अधूरा छोड़ना और केवल टेंडर व राशि की निकासी कर लेना परम्परा बन गई है। योजनाएँ धरातल पर उतरे बिना ही मरम्मत योग्य घोषित कर दी जाती हैं ताकि दोबारा टेंडर कर राशि निकाली जा सके।

## अज्ञात शव को देवनदी तट पर दफनाया गया

**बानो।** बानो पुलिस ने एक व्यक्ति के अज्ञात शव को देवनदी तट पर दफनाया।मिली जानकारी के अनुसार बानो पुलिस को 14 अगस्त को बानो मनोहरपुर पथ स्थित जयधर डैम में एक व्यक्ति का शव मिला था ।शव का अंत्यपरीक्षण किया गया तथा शव को पहचानने के लिए 72 घंटा तक रखा गया. थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि शव का पहचान नहीं होने के कारण मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में देव नदी तट में शव को दफनाया गया।

# शिक्षा मंत्री के निधन पर शिक्षक संघ ने शोकसभा आयोजित की

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यालय में रविवार को राज्य के शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने मंत्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने मंत्री रामदास सोरेन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी शिक्षक मर्माहत हैं और उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री ने अंतिम सांस तक जीवन जीने की लड़ाई लड़ी, किंतु मृत्यु को कोई नहीं टाल सकता। इस दुखद घड़ी में जिले के सभी शिक्षक उनके परिवार के साथ खड़े हैं।इस अवसर पर देवेंद्र प्रसाद तिवारी, सुमरन सिंह, देश बंधु शास्त्री, ओम प्रसाद, नौशाद परवेज, विष्णु देव प्रसाद, अजीत तिर्की, संजीव कुमार, आमोद रंजन, मृगेंद्र कुमार, अमर कुमार सिंह, सुमंत चंद्र महतो, अनिल कुजूर, ज्योति सोरेंग, जगन्नाथ राम, अजय कुमार, प्रदीप प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, योगेंद्र कुमार, संजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# कमलाबेड़ा में हाथी का उत्पात विकलांग ग्रामीण घायल

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के बांकी पंचायत अंतर्गत कमलाबेड़ा गांव में बीती रात हाथी ने उत्पात मचाया। जानकारी के अनुसार, रविवार आधी रात करीब 12 बजे हाथी गांव में घुस आया और विकलांग डालो डांग की झोपड़ी को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे में झोपड़ी के अंदर सो रहे डालो डांग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना को दी। उन्होंने मामले की जानकारी तुरंत वन विभाग, थाना और प्रखंड प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस और वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल डालो डांग को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

**जड़ों का स्मरण** | कुरडेग के गाड़ियाजोर में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस

# आदिवासी संस्कृति और परंपरा हमारी पहचान है: विधायक

- जुलूस निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** कुरडेग के गाड़ियाजोर में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उनके साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, करमडीह पेरिस चेयरमैन सदानंद कुजूर भी मौजूद थे। मौके पर जुलूस भी निकाली गई। अपने संबोधन में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली हमारी असली पहचान है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी जड़ों को न भूलें और शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में योगदान दें। विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज के विकास के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में नई पहल करने की भी बात कही। साथ ही आदिवासी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। विधायक ने कहा कि आज आदिवासी समाज को अपना अस्तित्व, संस्कृति और सम्मान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## अदभुत है आदिवासी समाज की भाषा, संस्कृति व परंपरा: जोसिमा खाखा



जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि आदिवासी समाज का रहन सहन, भाषा, संस्कृति, परंपरा अदभुत है। आदिवासी समाज की संख्या तेजी से घट रही है। देश में आदिवासी समाज को खत्म करने के लिए कई प्रकार के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। हमारे निवास स्थल के क्षेत्रों में बड़े बड़े पूंजीपतियों की कुदृष्टि लगी हुई है। हमारे जल, जंगल, जमीन हथियाने के लिए तरह तरह के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। इसके लिए सभी लोगों को एकजूट होकर आवाज बुलंद करने की जरुरत है।मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, शीतल तिर्की, दीपक जायसवाल, मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेस, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, मुखिया प्रतिभा कुजूर, पंचायत अध्यक्ष सुनील कुजूर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गुलशल एक्का, महिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सबिता लकड़ा, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, दुर्गेश पासी, आशीष कुमार समेत भारी संख्या में आदिवासी भाई-बहन शामिल हुए।

## बानो में लगी आग कपड़े सहित कई सामान जलकर राख

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित साजिद अंसारी के घर में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। इस हादसे में घर में रखे कपड़े सहित कई जरूरी सामान जलकर राख हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।मिली जानकारी के अनुसार, साजिद अंसारी के घर में कपड़े बनाने और बेचने के लिए काफी मात्रा में कपड़ा रखा हुआ था। रविवार की सुबह अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उस पर काबू नहीं पाया जा सका।स्थिति बिगड़ने पर ग्रामीण शाहनवाज अंसारी ने तुरंत इसकी सूचना बानो पुलिस को दी।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन व मारवाड़ी सहायक समिति ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

# झंडोत्तोलन कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया, वीर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

- **स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मारवाड़ी भवन परिसर में मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी द्वारा झंडोत्तोलन किया गया**



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति ने एक भव्य समारोह का आयोजन मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची स्थित प्रांतीय कार्यालय में किया गया। समारोह की शुरूआत झंडोत्तोलन से हुई, जिसे संयुक्त रूप से झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने किया। राष्ट्रीय ध्वज के फहराते ही उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी आस्था और समर्पण व्यक्त किया। इसके पश्चात सुरेश चंद्र अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि देशभक्ति, त्याग और कर्तव्यपरायणता की भावना को जीवित रखने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। रांची जिला अध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझें और समाज की सेवा में स्वयं को समर्पित करें। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि एकता, समरसता और सेवा की भावना को अपनाकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मारवाड़ी भवन परिसर में मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाने का अवसर है कि हमारे पूर्वजों ने किन कठिन संघर्षों के बाद यह आजादी दिलाई, जिसे हमें सहेजकर आगे बढ़ना है। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार जैन ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रांतीय व जिला स्तरीय पदाधिकारी, सदस्यगण, महिला एवं युवा के प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## केडीएच खदान में कोयला चुनने गए छह लोग झुलसे

**खलारी।** खलारी थानान्तर्गत जेहलीटांड़ से सटे केडीएच खुली खदान में कोयले चुनने गए छह ग्रामीणों के झुलसने की सूचना है। बताया जा रहा है कि हमेशा की तरह शनिवार सुबह भी स्थानीय ग्रामीण महिला, पुरूष खदान के ओबी से कोयला चुनने गए थे। इसी दौरान एक हालपैक डंपर वहां ओबी लेकर आया और अनलोड करने लगा। भारी भरकम मशीन हालपैक के आपरेटर के लिए आसपास देखपाना संभव नहीं था। लोगों ने बताया कि ग्रामीणो ने हालपैक को अपलोड करते देख लिया था। ग्रामीण अनलोडिंग प्वांइट से दूर भागने लगे।

हुटाप की एक महिला और उसकी किशोरी बेटी ऊपर की ओर यह सोच कर भागी कि यह स्थान सुरक्षित होगा। परंतु दुर्भाग्यवश ओबी के साथ काफी मात्रा में आग लगा कोयला भी था। अनलोड होते ही आग की लपट इतनी तेज उठी की मां बेटी उसके चपेट में आ गई। दूर भाग रहे हुटाप तथा नया बस्ती के चार युवक भी झुलस गए। घटना के बाद ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। जबतक सीआईएसएफ व सीसीएल अधिकारी वहां पहुंचते सभी जले, झुलसे लोगों को वहां से हटा लिया गया।

बताया गया कि मां बेटी गंभीर रूप से झुलस गई है। दोनो को रांची के किसी अस्पताल में भेजा गया है। वहीं युवकों का प्राथमिक इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया। चूकि खदान क्षेत्र में जाना गैरकानूनी है, इसलिए इस दुर्घटना में झुलसे ग्रामीणों की पहचान छिपा ली गई है। आसपास के लोग दबी जबान से इस दुर्घटना की चर्चा कर रहे हैं। इस घटना की जानकारी को लेकर खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो व केडीएच परियोजना पदाधिकारी एके सिंह ने अनभिज्ञता जताई है।

# न्यूज बॉक्स

## झुंझुनू यात्रा कीर्तन का हुआ आयोजन



**रांची।** श्री राणी सती सेवा समिति द्वारा झुंझुनू यात्रा कीर्तन अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ। मौके पर अध्यक्ष किशन मोदी ने बताया कि सर्वप्रथम राजेश बुधिया सपत्नीक ज्योत प्रज्वलित कर कीर्तन की शुरूआत की। उसके पश्चात गणेश वंदना कर भजन कीर्तन की गंगा प्रवाहित की गई। इसमें कई प्रकार के भजन से दादी जी को रिछाया। उपाध्यक्ष प्रदीप राजगढ़िया ने बताया कि इस बार की झुंझुनू यात्रा में समिति के 40 से अधिक सदस्य सपरिवार जाएंगे यह यात्रा 20 एवं 21 अगस्त को शुरू होकर 25 अगस्त को समाप्त होगी वर्ष की सबसे बड़ी भादो बदी अमावस्या में दादी जी का दर्शन एवं पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजीव गोयनका, कमल अग्रवाल, नीरज बंका, राजा भालोठिया, अंकुर डागा, विजय खोवाल, सुशील केडिया, अनुपम गाड़ोदिया, सौरभ केडिया, लक्ष्मण राणा, अरविंद बंका, मनीष लोधा, अमित सोनी संजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल एवं अन्य कई सदस्यों ने अपने सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया यह जानकारी प्रवक्ता मनीष लोधा ने दी।

## जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन



**रांची।** केंद्रीय विद्यालय, हिनू और जवाहर नवोदय विद्यालय, पतरातू में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीबी रांची के अधीक्षक एस. शारिक उमर उपस्थित थे। उन्होंने विद्यालय के मंच से समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। उनका संदेश स्पष्ट था कि नशीले पदार्थ न केवल हमारे समाज के आधार को नष्ट कर रहे हैं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। नशीले पदार्थों के ऐसे अवैध व्यापार में लिप्त पाए जाने पर किसी को भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस गतिविधि में शामिल किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, छात्रों और शिक्षकों को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 से भी परिचित कराया गया।

## देवकी नंदन भगवान का प्राकट्य महोत्सव मना



**रांची।** विगत शनिवार को दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्रीकृष्णचन्द्र के आविर्भाव दिवस पर कई कार्यक्रम हुए। दिव्य सुवासित पुष्पों और पत्तों से सजाये हुए झूला पर भगवान श्रीवेंकटेश्वर ने दर्शन दिए। इसके पूर्व आयोजित अनुष्ठान की प्रक्रिया ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 4:30 बजे प्रतिष्ठापित विग्रहों का महाभिषेक हुआ। फिर भगवान के विग्रहों का साज सजावट करके नक्षत्र ,कुंभ और कपूर से महाआरती की गई। खीर,आलू पकोड़ा, फल और मेवा का बालभोग निवेदन हुआ। इसके बात श्रुति, उपनिषद और देशिक स्तोत्राणि के उत्कृष्ट ऋचाएं एवं श्लोकों से स्तुति की गई। इसके बाद रात्रि 8:00 से भजन- संकीर्तन और श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का सामूहिक पाठ हुआ। फिर भगवान का रात्रि तिरुआराधना -पूजादि संपादन कर स्तवन नैवेद्य भोग और शयन आरती कराकर आज का अनुष्ठान संपन्न हुआ।

## सीआईएसएफ का 'प्रोजेक्ट मन', मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक मजबूत कदमः कमलेश

**खलारी।** सीआईएसएफ 'प्रोजेक्ट मन' अब तक 75,000 से ज्यादा जवानों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सहायता उपलब्ध करा चुका है। इस पहल के ज़रिए परामर्श सेवाएं और ज़रूरत के अनुसार समय पर हस्तक्षेप करके पूरे बल का मनोबल मज़बूत किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीसीएल एनके एरिया में पदस्थापित सीआईएसएफ कमांडेंट कमलेश चौधरी ने बताया कि आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट (एबीईटी) की चेयरपर्सन नीरजा बिड़ला और सीआईएसएफ के महानिदेशक आरएस भट्टी (आईपीएस) ने इस प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की। बताया कि यह मानसिक स्वास्थ्य पहल नवंबर 2024 में सीआईएसएफ और एबीईटी के बीच हुए समझौते के तहत शुरू की गई थी। अब तक 'प्रोजेक्ट मन' से 75,181 सीआईएसएफ कर्मी और उनके परिवार लाभान्वित हो चुके हैं और पिछले तीन वर्षों में, 'प्रोजेक्ट मन' ने देशभर की सीआईएसएफ इकाइयों में 75,000 से अधिक कर्मियों को मनोवैज्ञानिक परीक्षण, परामर्श, सहकर्मी सहभागिता और 24×7 हेल्पलाइन जैसी सुविधाओं के माध्यम से सहायता प्रदान की है।

## हिंडालको मुरी में स्वतंत्रता दिवस का हुआ भव्य आयोजन




**मुरी/सिल्ली।** मुरी स्थित हिंडालको इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड में आज 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।इस अवसर पर कंपनी के यूनिट हेड संदीप पाटिल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी।अपने संबोधन में पाटिल ने सभी मुरीवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।उन्होंने देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए।कंपनी के सुरक्षा गार्ड,अग्निशमन विभाग, एबीएचएस स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक परेड में भाग लिया। परेड का निरीक्षण यूनिट हेड संदीप पाटिल द्वारा किया गया, जिसमें सुरक्षा अधिकारी श्याम कुमार ने उन्हें सभी परेड टुकड़ियों का क्रमवार परिचय कराया।परेड अत्यंत ही मनमोहक रहा,जिसने उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। इस अवसर पर हिंडाल्को यूनिट के सभी अधिकारी,कॉलोनी के निवासी तथा आसपास के क्षेत्रों से आए अनेकों लोग उपस्थित रहे।पूरे कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा श्रीवास्तव ने किया।

स्वतंत्रता दिवस पर जेल अदालत का सफल आयोजन

## जेल अदालत में छह वादों का हुआ निष्पादन



**रांची।** झालसा के निदेशा पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने स्वतंत्रता दिवस पर बिरसा मंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मयंक मलियाज, सौरभ कुमार, शैलेन्द्र कुमार, राजेश रंजन कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, रांची विजय कुमार यादव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित थे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित 09 वादों के निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवारमें संसीमित बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था।06 बंदियों को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा से मुक्त किया गया। जेल अदालत में स्वतंत्रता दिवस पर बंदियों को उनके कारा में बिताई गई अवधि का लाभ देते हुए मुक्त किया गया। मौके पर काराधीक्षक, कारापाल, कारा लिपिक, कारा कर्मी बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार एवं एलएडीसी के सदस्य तथा न्यायालयकर्मी तथा बंदी उपस्थित थे।

# अवैध गांजा ले जाते एक तस्कर गिरफ्तार, 12 केजी गांजा जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** रविवार को समय लगभग 09:00 बजे पुलिस अधीक्षक महोदय को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि राँची की ओर से आ रही एक बस (वाहन सं० BR 01 PL 9498, बिहार राज्य परिवहन निगम) के बाएं तरफ डिक्की में प्लास्टिक बोरे में गांजा रखकर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना की पुष्टि हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही एवं थाना प्रभारी बरही को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत पु०अ०नि० मृत्युजंय कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के साथ बरही चौक पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। लगभग 10:24 बजे संबंधित बस को रोककर जांच की गई। जांच के क्रम में बस के कंडक्टर से पूछताछ करने पर उसने बताया कि डिक्की में रखा बोरा बस में सवार एक यात्री का है। उसकी पहचान कराने पर यात्री का नाम रंजन कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता स्व० नरेश यादव, ग्राम दौअधरपुर, थाना टेकारी, जिला गया (बिहार) पाया गया। प्लास्टिक बोरे की तलाशी लेने पर उसमें एक कार्टन से कुल 06 पैकेट सीलबंद गांजा (कुल वजन 12 किलोग्राम) बरामद हुआ। अवैध रूप से गांजा ले जाने के आरोप में रंजन कुमार को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद गांजा को विधिवत जप्त करते हुए बरही थाना कांड सं० 295/2025, दिनांक 16.08.2025, धारा-18(c)/22(ii)B/25 NDPS Act के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### गिरफ्तार व्यक्ति के नाम व शामिल पदाधिकारी

गिरफ्तार व्यक्ति का विवरण रंजन कुमार, उम्र: 23 वर्ष, पिता का नाम: स्व0 नरेश यादव, पताः ग्राम दौअधरपुर, थाना टेकारी, जिला गया (बिहार)।

**जब्त सामान :** 1. एक कार्टन में बंद 06 सीलबंद पैकेट गांजा (कुल वजन - 12 किलोग्राम) कार्रवाई में शामिल पुलिस पदाधिकारी-अजीत कुमार बिमल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही, बिनोद कुमार, पु0नि0 सह थाना प्रभारी, बरही थाना, पु0अ0नि0 मृत्युजंय कुमार सिंह, बरही थाना, आ0/480 गंगा उरांव, बरही थाना, आ0/850 जयमसी खलखो, बरही थाना, सहायक आ0/192 अभिषेक भारद्वाज, चौकीदार 1/4 सकलदेव यादव शामिल थे।

## गुरु नानक सेवक जत्था ने बच्चों के बीच बांटे लंच बॉक्स



**रांची।** गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में गुरु नानक सेवक जत्था ने स्कूल के बच्चों के बीच लंच बॉक्स,वॉटर बॉटल एवं इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया. कृष्णा नगर कॉलोनी रातु रोड स्थित गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल के बच्चों के लिए इस बार का स्वतंत्रता दिवस खास रहा. एक और जहां स्कूल के बच्चों ने ड्रिल एवं नृत्य के साथ देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया, वहीं दूसरी ओर गुरु नानक सेवक जत्था ने बच्चों के बीच पढ़ाई लिखाई से संबंधित जरूरी सामान वितरण कर उनके चेहरों पर खुशियां बिखेरी. गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल की प्रधानाध्यापिका शिवानी मेहता ने गुरु नानक सेवक जत्था के इस प्रयास की सराहना की और उनका आभार जताया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद सुखीजा एवं रमेश पपनेजा तथा प्रिंसिपल शिवानी मेहता ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया तथा उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी.कार्यक्रम का संचालन स्कूल की शिक्षिका बेला रंजन ने किया. कार्यक्रम समाप्ति पर बच्चों के बीच स्कूल कमिटी द्वारा केक का वितरण किया गया. इस मौके पर गुरुनानक सत्संग सभा के अर्जुन देव मिढ़ा,सुरेश मिढ़ा,मनीष मिढ़ा,,कवलजीत मिढ़ा, किशन गिरधर, गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमिटी के चंदू गिरधर,बहावलपुरी पंजाबी समाज के डॉक्टर सतीश मिढ़ा, स्त्री सत्संग सभा की रमेश गिरधर,मंजीत कौर,आशी मिढ़ा,माता गुजरी जत्था की शीतल मुंजाल,ऋचा मिढ़ा समेत अन्य उपस्थित थे.

## राधाकृष्ण मंदिर में दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का हुआ आयोजन



**ठाकुरगांव।** बैंक मोड़ स्थित श्रीश्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ किया गया।कलश यात्रा में 251 कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर स्थानीय जलाशय से जल उठाकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुआ। इस दौरान राधे कृष्ण व जय श्री राम के उदघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वहीं शाम में भव्य आरती व भजन व देर रात में छप्पन भोग, झूलन व जन्माष्टमी पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर यजमान कृष्ण गोपाल तिवारी, सीमा तिवारी, शशि दुबे, डॉ सोनी दुबे व अरिन्दम दुबे शामिल हुए। पंडित आचार्य धनंजय शास्त्री, पंडित मनोज पांडेय, मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित आचार्य विनोद पाठक व साईं मंदिर के मुख्य पुजारी जटा शंकर तिवारी के सानिध्य में संपन्न किया जा रहा है।

## जंगली हाथियों के तांडव से दहशत में हैं विजैयावासी

**बरही ।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र विजैया में जंगली हाथियों की धमक से ग्रामीण दहशत में है. जानकारी के अनुसार रविवार की अहले सुबह जंगली हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश कर महादेव प्रसाद के घर की चहारदीवारी तोड़ दी. गांव में लगे हुए फसलों को रौंद दिया.

## सिल्ली मुरी के आसपास के क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

**सिल्ली।** सिल्ली आसपास क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में स्वतंत्रा दिवस पर ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक व उप प्रमुख आरती देवी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया, बीडीओ एवं सीओ ने आवास परिसर में, सिल्ली थाना परिसर में थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, कस्तूरबा विद्यालय में जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं वार्डन चंद्रिका कुमारी,आरईओ कार्यालय में एसडीओ मुनीश्वर हेमरोम,आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो व नगर कार्यालय में जयपाल सिंह व भरत देव साय, हिंडाल्को मैदान में हिंडाल्को यूनिट हेड संदीप पाटिल मुहल्ले में भी गणमान्य लोगों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# अनुशासन खिलाड़ियों के लिए वरदान होता है : प्रदीप वर्मा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में शनिवार को 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 16 से 18 अगस्त तक चलेगी, जिसमें देशभर के कुल 23 राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों ने आदरणीय श्री शिबू सोरेन जी के चित्र और झारखंड के दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री श्री रामदास सोरेन जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं 02 मिनट का मौन रखकर उनकी स्मृति को नमन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा— यह प्रतियोगिता केवल खेल का नहीं बल्कि भाईचारा, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक है। खिलाड़ी जीत और हार से ऊपर उठकर खेल भावना को सर्वोपरि रखें। झारखंड जैसे खेलप्रेमी राज्य में इस आयोजन से निश्चित रूप से थ्रोबॉल को नई पहचान मिलेगी और आने वाले समय में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड और भारत का नाम रोशन करेंगे।

**भक्तिमय वातावरण** महिलाओं के भजन कीर्तन व हवन के साथ जन्माष्टमी पूजा का हुआ समापन

# भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता

- **पंडित शिवकुमार झा के द्वारा आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया**



**रामगढ़।** सारूबेरा के सीसीएल सर्किट हाउस के पास स्थित पुराना हनुमान मंदिर में विगत शनिवार को रात्रि के समय में कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर पूजा 10:00 बजे रात्रि में प्रारंभ की गई,जो भगवान कृष्ण के जन्म 12 बजे के बाद भजन एवं आरती के साथ संपन्न हो गई। आचार्य के रूप में हनुमान मंदिर के आचार्य शिवकुमार झा एवं यजमान के रूप में तेज प्रताप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम सिंह के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ शिवकुमार झा ने पूजा कराया। इस अवसर पर आचार्य शिवकुमार झा ने कहा कि कृष्ण का जन्म धर्म की स्थापना के लिए उसे समय जरूरी था और उन्होंने धर्म की स्थापना भी आगे चलकर किया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने जन्म लेकर ही बचपन कल से धर्म की स्थापना के लिए अनेक पापियों का नाश किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए यजमान बने तेज प्रताप सिंह ने कहा कि रात्रि 10:00 बजे से 1:00 तक पूजा का कार्यक्रम चलते रहा और सुबह 7:00 बजे हवन के साथ संपन्न हो गया। रात्रि के समय में भारी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ थी और पुरुष भी उतने ही मात्रा में थे। 12:00 कृष्ण के जन्म होने के बाद जो एक भावना बरसों बरस से चला रहा है जिसमें सच्चाई भी है, के बाद वहां मौजूद महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किया गया और पंडित शिवकुमार झा के द्वारा आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सुबह हवन के साथ कृष्ण के जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हो गया और आप उनकी छठी का कार्यक्रम 6 दिन बाद होगा जिसमें चली आ रही परंपरा के अनुसार मंदिर में खीर का भोग लगेगा और श्रद्धांलुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, संजय कुमार, अशोक प्रसाद, उमेश प्रसाद साव, मनोज श्रीवास्तव, हिमांशु कुमार, प्रियांशु कुमार, इंदल सिंह अन्य सदस्य मौजूद थे।

## केदारुत व खेरौन में दो टीमों के बीच मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित

**बरही ।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर खेरौंन व केदारुत में दो टीमों के बीच मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्यातिथि बरही पश्चिमी जिप सदस्या प्रीति कुमारी शामिल हुईं. कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्त्री-पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग शामिल हुए. जिप सदस्या ने बताया कि जन्माष्टमी देश भर में लोकप्रिय है. जो भगवान श्री कृष्ण के जन्म और उनके लीलाओं को याद दिलाता है. श्री कृष्ण युग युगांतर तक हर एक सनातनी के दिलो दिमाग में रहेंगे. जिन्होंने सत्य और धर्म की रक्षा के लिए दुराचारी दैत्यराज कंश, शिशुपाल आदि जैसे अनाचारियों का वध किया था.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

## संपादकीय

# भारत और अमेरिकी स्वतंत्रता


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से लंबा भाषण दिया जिसे शायद अन्य पूर्व के प्रधानमंत्रियों से ज्यादा सुना गया और यूट्यूब पर अभी भी देखा सुना जा रहा है जबकि विश्व के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को भी बहुत देखा जाता है, दोनों में बड़ा अंतर है। मोदी ने घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बात रखी पर उसमें ट्रंप जैसी अविश्वसनीयता नहीं थी तर्क दिया जिसमें राजनीतिक मुद्दे भी थे। ट्रंप ने तो भारत व पकिस्तान को, विशेषकर भारत को न तो समझाया और न युद्ध से रोका। भारत से केवल ट्रेड डील की बात की और टैरिफ की धमकी दी। पाकिस्तान के साथ पर्सनल व्यापार किया-विशेषकर सेनापति मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच दिया और नोबेल पुरस्कार की सिफारिश खरीदी। उसका उद्देश्य केवल नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करना और अपने व्यवसाय को बढ़ाना है। एपल कंपनी के मालिक से करोड़ों का गिफ्ट (रिश्वत) लेते हुए उसे कोई शर्म नहीं आई और न ही उसकी कुर्सी गई। भारत का कोई भी प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर सकता, करेगा तो उसी दिन उसकी कुर्सी गई। भारत और अमेरिका के लोकतंत्र और जीवन मूल्यों में यह अंतर है। भारत अपने आदर्शों और जीवन मूल्यों पर अड़े रहने की भारी कीमत चुकाता है। अमेरिका का एक विचारक हेनरी थारो हुआ। महात्मा गांधी उससे बहुत प्रभावित थे। अमेरिकी विधान में लिखा हुआ है कि व्यक्ति को आवागमन की स्वतंत्रता है। इसका उसने क्या अर्थ किया, मालूम है? रेलगाड़ी में बिना टिकट चलना !आवागमन की स्वतंत्रता! कोई रोक नहीं सकता। जब आवागमन की स्वतंत्रता है, तो रेलगाड़ी में बैठेंगे, हवाई जहाज में चढ़ेंगे! वह कई दफा पकड़ा गया, सजाएं भी काटीं, मगर वह यह कहता था कि यह व्यक्ति की मूलभूत स्वतंत्रता है; और फिर चलता था बिना टिकट। प्रति वर्ष हम 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। यह दिवस एक राष्ट्रीय उत्सव की गरिमा वाला दिवस है, लेकिन इस उत्सव के पहले और बाद में ज्यादातर लोग राजनीतिक स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता का व्यवहार करते दिखाई देते हैं। यहां तक कि देश की संसद भी अपवाद नहीं है। स्वतंत्रता और स्वच्छंदता में गुणात्मक अंतर है। ओशो ने अपने एक प्रवचन में समझाया है आज तक जमीन पर यह घटना घटी ही नहीं है कि स्वतंत्र चित्त व्यक्ति कभी स्वच्छंद हुआ हो। स्वच्छंद होता है, परतंत्र चित्त ही। परतंत्र चित्त जब क्रोध से भर जाता है, तो स्वच्छंद हो जाता है। हमारे, सभी नई पीढ़ियों के युवक आज क्रोध से भरे हैं। इसलिए स्वच्छंद होते जा रहे हैं। इसमें हजारों वर्ष से मनुष्य के मन पर लादी गई दासता का हाथ है। जब तक हम इस सत्य को न जानेंगे, तब तक न तो हम मनुष्य को परतंत्रता से बचा सकते हैं और न स्वच्छंदता से। एक विशियस सर्कल (दुश्चक्र) शुरू होता है। परतंत्र चित्त स्वच्छंद होना चाहता है। स्वच्छंद चित्त को देखकर हम घबराते हैं और परतंत्रता को थोपने की कोशिश करते हैं। जितनी हम परतंत्रता थोपते हैं, उतनी स्वच्छंदता प्रतिक्रिया में पैदा होती है। जितनी स्वच्छंदता पैदा होती है, उतने हम भयभीत हो जाते हैं और परतंत्रता के नए आयोजन करते हैं। ऐसा एक दुश्चक्र हजारों वर्ष से मनुष्य के ऊपर चल रहा है। अब यह शायद अंतिम घड़ी में पहुंच गया है। शायद परतंत्रता इतनी गहरी हो गई है कि उसके परिणाम में आदमी अब सब भांति स्वच्छंद हो जाना चाहता है। चित्त को हम जितना दबाते हैं, उसकी उतनी प्रतिक्रियाएं शुरू हो जाती हैं। स्वच्छंदता और परतंत्रता, दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

*भारत और अमेरिका के लोकतंत्र और जीवन मूल्यों में यह अंतर है। भारत अपने आदर्शों और जीवन मूल्यों पर अड़े रहने की भारी कीमत चुकाता है।*

फादर कामिल बुल्के की पुण्यतिथि पर विशेष

# झारखंड को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले रामकथा विशेषज्ञ फादर कामिल बुल्के





झारखंड को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में फादर कामिल बुल्के का नाम अग्रणी है, जिन्होंने भारतीय साहित्य और संस्कृति को संपूर्णता में देखा और विश्लेषित किया। बुल्के ने हिंदी प्रेम के कारण अपनी पीएचडी थीसिस हिंदी में ही लिखी जो पहले अंग्रेजी में लिखी जाती थी । उन्होंने लिखा है, 'मातृभाषा प्रेम का संस्कार लेकर मैं वर्ष 1935 में रांची पहुंचा और मुझे यह देखकर दुख हुआ कि भारत में न केवल अंग्रेजों का राज है, बल्कि अंग्रेजी का भी बोलबाला है। मेरे देश की भांति उत्तर भारत का मध्यवर्ग भी अपनी मातृभाषा की अपेक्षा एक विदेशी भाषा को अधिक महत्व देता है।इसके प्रतिक्रिया स्वरूप मैंने हिंदी पंडित बनने का निश्चय किया।' आलोक पराड़कर द्वारा संपादित 'रामकथा- वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने कहा था कि फादर बुल्के के शोध ग्रंथ 'राम कथा' से हिंदी में तुलनात्मक साहित्य और देश-विदेश में रामकथा के तुलनात्मक अध्ययन की शुरुआत होती है। हिंदी क्या, संभवतः किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है। हिंदी पट्टी में इस लोकप्रिय विषय पर ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण से धर्म और राजनीति के अनेक मिथक खंडित हो जाते हैं और शोधकर्ताओं को एक दिशा भी मिलती है। फादर कामिल बुल्के का जन्म बेल्जियम के फ्लैंडर्स प्रांत के रम्सकपैले नामक गांव में एक सितंबर, 1909 को हुआ। लूवेन विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज में उन्होंने 1928 में दाखिला लिया और वहीं पढ़ाई के क्रम में उन्होंने संन्यासी बनने का निश्चय किया। वर्ष 1930 में वे गेंत के नजदीक ड्रॉदंग्न नगर के जेसुइट धर्मसंघ में दाखिल हो गये। वहां दो वर्ष रहने के बाद वे हॉलैंड के वाल्केनबर्ग के जेसुइट केंद्र में भेज दिये गये, जहां उन्होंने लैटिन, जर्मन और ग्रीक आदि भाषाओं के साथ-साथ ईसाई धर्म और दर्शन का गहरा अध्ययन किया।वर्ष 1934 में उन्होंने देश में रहकर धर्म सेवा करने के बजाय भारत जाने का निर्णय किया। वर्ष 1935 में जब वे भारत पहुंचे, तो उनकी जीवनयात्रा का एक नया दौर दार्जिलिंग के संत जोसेफ कॉलेज और आदिवासी बहुल गुमला के संत इग्नासियुश स्कूल में विज्ञान शिक्षक के रूप में शुरू हुआ। जल्दी ही उन्हें महसूस हुआ कि जैसे बेल्जियम में मातृभाषा फ्लेमिश की उपेक्षा थी और फ्रेंच का वर्चस्व था, वैसी ही स्थिति भारत में थी।इसी भावना से उन्होंने 1947 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में एमए किया और फिर वहीं से 1949 में रामकथा के विकास शोध किया, जो बाद में 'रामकथाः उत्पत्ति और विकास' के रूप में पूरी दुनिया में चर्चित हुई। विज्ञान के इस पूर्व शिक्षक की रांची के प्रतिष्ठित संत जेवियर्स कॉलेज के हिंदी विभाग में 1950 में उनकी नियुक्ति विभागाध्यक्ष पद पर हुई और इसी वर्ष उन्होंने भारत की नागरिकता ली।वर्ष 1968 में अंग्रेजी हिंदी कोश प्रकाशित हुआ जो अब तक प्रकाशित कोशों में सबसे प्रामाणिक माना जाता है। मॉरिस मेटरलिंक के प्रसिद्ध नाटक 'द ब्लू बर्ड' का 'नील पंछी' नाम से बुल्के ने अनुवाद किया। उन्होंने बाइबिल का हिंदी अनुवाद भी किया। वे लंबे समय तक संस्कृत तथा हिंदी के विभागाध्यक्ष रहे। बाद में सुनने में परेशानी के कारण कॉलेज में पढ़ाने से अधिक उनकी रुचि गहन अध्ययन और स्वाध्याय में होती चली गयी। इलाहाबाद के प्रवास को वे अपने जीवन का 'द्वितीय बसंत' कहते थे। डॉ बुल्के का अपने समय के हिंदी भाषा के चोटी के सभी विद्वानों से संपर्क था, जिनमें धर्मवीर भारती, जगदीश गुप्त, रामस्वरूप, रघुवंश, महादेवी वर्मा आदि शामिल थे। भारतीयता (भारत की स्वस्थ परंपराओं) के अनन्य भक्त कामिल बुल्के बौद्धिक और आध्यात्मिक होने के साथ-साथ प्रभु ईसा मसीह के भी परम भक्त थे। साथ ही गोस्वामी तुलसीदास की राम भक्ति के सात्विक और आध्यात्मिक आयाम के प्रति उनके मन में बहुत आदर था। उनका कहना था, ''जब मैं अपने जीवन पर विचार करता हूं, तो मुझे लगता है ईसा, हिंदी और तुलसीदास- ये वास्तव में मेरी साधना के तीन प्रमुख घटक हैं और मेरे लिए इन तीन तत्वों में कोई विरोध नहीं है, बल्कि गहरा संबंध है जहां तक विद्या तथा आस्था के पारस्परिक संबंध का प्रश्न है, तो मैं उन तीनों में कोई विरोध नहीं पाता। मैं तो समझता हूं कि भौतिकतावाद मानव जीवन की समस्या का हल करने में असमर्थ है। मैं यह भी मानता हूं कि 'धार्मिक विश्वास' तर्क-वितर्क का विषय नहीं है।''आकाशवाणी रांची में उनकी एक दुर्लभ भेंटवार्ता संग्रहित है, जिसमें फादर बुल्के की भाषा और उच्चारण की शुद्धता आज भी नये प्रसारकों के लिए मानक व मार्गदर्शक की तरह है। रांची के लोग उनको एक अच्छे प्राध्यापक ही नहीं, एक अच्छे इंसान के रूप में हमेशा याद रखेंगे, जिनका संस्मरण और संग्रह पुरुलिया रोड के मनरेसा हाउस में संग्रहित है। विदेशी मूल के इस विद्वान ने जो इतिहास रचा, उसे आगे बढ़ाने या नया इतिहास रचने के लिए जो प्रयास गंभीरता से करने की आवश्यकता थी, वह कम दिखाई पड़ती है। दिल्ली में 17 अगस्त 1982 को उनके निधन से साहित्य और समर्पण के एक अध्याय का अंत हो गया।

आज की बात



**सुनील बादल**

# वाहनों का 'रेट्रोफिट' करना

पर्यावरण के अनुकूल यातायात को बढ़ावा देने के क्रम में भारत की अधिकांश कोशिशें अब तक नए इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने तक सीमित रही है, परंतु इसके समानांतर एक अधिक तेज विकल्प उभर रहा है और वह है पुराने इंटरनल कम्बस्टन इंजन (आईसीई) यानी पेट्रोल-डीजन से चलने वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलना यानी उन्हें रेट्रोफिट करना। बेंगलूरु की कंपनी सन मोबिलिटी ने हाल ही में करीब 30,000 रुपये की औसत लागत पर सामान्य स्कूटर को ई-स्कूटर में बदलना शुरू किया है। यह इस वैकल्पिक नीति की दिशा में एक अहम पड़ाव है। यह एक व्यावहारिक और किफायती तरीका है जिससे पुराने वाहनों के अपना जीवन चक्र पूरा करने की प्रतीक्षा किए बिना लाखों वाहनों को ईवी में बदला जा सकता है। देश की सड़कों पर करीब 20 करोड़ पारंपरिक दोपहिया वाहन और एक करोड़ तिपहिया वाहन चलते हैं। ऐसे में इनमें इलेक्ट्रिक इंजन फिट करने की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। नए ईवी खरीदने की बात करें तो उसके उलट कम आय वाले उपभोक्ता और छोटे बेडे वाले संचालकों के लिए पुराने वाहन में नया इंजन फिट करवाना उपयोगी साबित होगा। यह चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांत के अनुरूप ही है। इससे विनिर्माण संबंधी प्रदूषण कम होता है और प्रत्यक्ष लागत कम होती है। गिग वर्कर्स और शहरी माल ढुलाई करने वालों के लिए पुराने स्कूटरों को ईवी में बदलने का अर्थ है ईंधन और रखरखाव में तत्काल बचत। इसके साथ ही वे सख्त उत्सर्जन मानकों का अनुपालन भी कर पाते हैं। नीति आयोग की वर्ष 2025 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में ईवी को 7.6 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने में करीब एक दशक का समय लगा है। रिपोर्ट कहती है कि 2030 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले पांच साल में उसे 22 फीसदी की उछाल लगानी होगी। ऐसे में पुराने वाहनों को ईवी में बदलना इस अंतर को दूर करने में अहम भूमिका निभा सकता है। जलवायु संबंधी अनिवार्यताएं भी हैं। जुलाई 2025 में जारी अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ परिवहन परिषद की एक रिपोर्ट कहती है कि बैटरी से चलने वाले वाहन आईसीई वाहनों की तुलना में 73 फीसदी कम उत्सर्जन करते हैं। उदाहरण के लिए स्पेन ने पुराने इंजन वाले वाहनों को बैटरी चालित बनाने के प्रमाणन की व्यवस्था को सुसंगत किया है। इससे सुरक्षा और नियामकीय अनुपालन सहित इसे अपनाने में मदद मिल रही है। इस बीच केन्या में नाइट्स एनर्जी ने डीजल से चलने वाली मिनीवैन को बिजली से चलने वाली शटल सेवाओं में बदल दिया है और वे नैरोबी के सार्वजनिक परिवहन मार्गों पर सेवा दे रही हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**राकेश दुबे**

# भादो दुबर नहीं बल्कि हमारी छठी इंद्रिय का है वाहक !

भारत में भादो के महिने में प्रवेश करते ही मानों पर्व, व्रत व अनुष्ठान की एक संपूर्ण श्रृंखला का प्रारंभ हो जाता है। संयोग देखिए, यह सबकुछ उस शिव को समर्पित श्रावण मास के रूद्राभिषेक के बाद ही हमें मिल पाता है जिसे भारतीय दर्शन में संहार का प्रतीक माना गया है। संहार का मर्म समापन में अंतर्निहित है और कोई भी समापन अपने आप में भविष्य की बातें करता है। निहितार्थ यह कि सावन हमें भविष्य की ओर ले जाता है जबकि भादो का महिना इस भविष्य के भव्य श्रृंगार की अनुभूति लेकर सामने आता है। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों है? इसे ठीक से समझने के लिए आपको भादो के पर्व व व्रत को लांघकर आश्विन मास में प्रवेश करना होगा। यह प्रवेश जीवित्पुत्रिका व्रत, मातृ नवमी, पितृपक्ष और शैलपुत्री के अभिवादन के तौर पर हमारे लिए दशहरा दीपावली जैसा व्रत, अनुष्ठान, पूजा, यज्ञ आदि त्यौहार के साथ उत्सव का एक पूरा श्रृंखला लेकर आता है। जीवित्पुत्रिका, पितृपक्ष व दशहरे के शैलपुत्री का संदर्भ मूलतः सृजन से जुड़ा हुआ विषय है। सावन के समापन दर्शन से सृजन के संधिकाल वाले इस यात्रा वृत्तान्त में भादो ही वह कालखंड है जब हमारे जीवन की पूरी धारा पर्व, व्रत और अनुष्ठान की त्रिवेणी के तौर पर सामने होती है। हमारे यहाँ "सावन से भादो दुबर?" जैसी एक लोकोक्ति है। वैसे तो यह वर्षापात के संदर्भ में है परन्तु भारतीय दर्शन के आलोक में इस दर्शन के अपने अलग ही मायने हैं। सहज भाव से इसे देखें तो यह भादो ही है जहाँ खुशी, उत्सव, उत्साह, संस्कृति और तमाम धार्मिक गतिविधियों के साथ सृजन के उत्सव का तोरणद्वार नजर आने लगता है। साल के इस छठे महीने में पड़ने वाले कृष्ण जन्माष्टमी, कुश अमावस्या, तीज, गणेश चतुर्थी, ऋषि पंचमी, ललिता सप्तमी, करमा एकादशी, वामन जन्मोत्सव,अनंत चतुर्दशी जैसे पर्व व व्रतों की सूची बहुत लंबी है। इस सूची पर गौर करते ही यह कालखंड हमें उस पर्व का अहसास कराने लगता है जो किसी न किसी विशेष तिथि या घटना से संबंधित होता है। धार्मिक या सांस्कृतिक दृष्टिकोण से इसके अपने महत्व हैं व इनको मनाने के पीछे कोई न कोई कारण जरूर होता है और कोई न कोई कहानी भी होती है।इस कहानी का एक चरम यह भी है कि यही वह महिना है जो हमें समान रूप से "पर्व" के साथ साथ "व्रत" का अवसर भी प्रदान करता है। मोटे तौर पर कहें तो यह एक विरल संयोग होने के साथ एक विराट संयोग भी है क्योंकि इसी भादो में हम धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से अपने किसी आराध्य विशेष को प्रसन्न करने के लिए कुछ समय के लिए खाने-पीने से लेकर तमाम सांसारिक सुखों के परित्याग की परंपरा का निर्वाह करने में सुख का अनुभव करते हैं। सामान्य नजर आने के बावजूद यह सबकुछ इतना सरल भी नहीं है क्योंकि यही वह महिना है जिसके खाते में वैसे अनुष्ठान तक शामिल हैं जिनके लिए हमें साल भर का इंतजार बना रहता है। संदर्भवश बताते चलें कि कुश के बगैर किसी तरह के भारतीय कर्मकांड की कल्पना नहीं की जाती। इसी तरह बगैर बांस के भवन निर्माण से लेकर भस्मीभूत होने को निकलने वाले शवयात्रा की कल्पना भी बेमानी होती है जबकि एक धार्मिक क्रिया के तहत यहाँ कुश अमावस्या साथ बांस व कुश संग्रह का अनुष्ठान किया जाता है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से चलकर अनंत चतुर्दशी तक को दिशा देने वाले भादो को इसलिए भी दुबर (कमजोर) नहीं माना जाता क्योंकि इसके साथ किसी विशेष उद्देश्य को पूरा करने वाले की पूजा के साथ भारतीय संस्कृति को संपूर्णता प्रदान करने के तमाम तंत्र जुड़े हुए हैं। भारतीय संस्कृति का अनुशासन देखिए कि मंत्र, तंत्र, पूजा, यज्ञ और अन्य धार्मिक क्रियाओं में शामिल इस पूरे महीने का मूल स्वभाव जब उपवास, जप, तप, दान आदि की व्याख्या करता है तो एक तिथि के तौर पर यही भादो हमारे लिए पर्व होता है, व्रत का धार्मिक अनुष्ठान होता है और साथ में त्यौहार के उत्सव का कमाल बनकर सामने होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आपकी बात



**केदारनाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बिना बात के रुठना, बिना बात अलगाव।
कितनों के दिल खामखाँ, जलते दिखे अलाव।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# गुमनामी से अमरत्व तक, नेताजी का अनंत सफर

18 अगस्त : सुभाष चंद्र बोस पुण्यतिथि

दिल्ली चलो!"—यह नारा मात्र एक उद्घोष नहीं, बल्कि सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारतीय जनमानस में प्रज्वलित एक ज्वलंत क्रांति की चिंगारी था। उनकी पुण्यतिथि हमें उस अदम्य योद्धा को स्मरण करने का अवसर देती है, जिसने स्वतंत्रता को रक्त, बलिदान और अटूट संकल्प से जोड़ा। उन्होंने एक ऐसे भारत का सपना देखा, जो न केवल औपनिवेशिक बेड़ियों से मुक्त हो, बल्कि अपनी सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक शक्ति के बल पर विश्व मंच पर सिर ऊँचा कर खड़ा हो। सुभाष चंद्र बोस का जीवन केवल इतिहास की पंक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि साहस, समता और आत्मनिर्भरता की वह प्रेरणा है, जो आज भी हमें दिशा दिखाती है। उनकी पुण्यतिथि पर हमें उनकी अनकही विरासत—उनके वैश्विक दृष्टिकोण, सामाजिक क्रांति की सोच और रहस्यमय अंत की गूँज को पुनर्जनन और सम्मान देना चाहिए। सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई। 1941 में जर्मनी में उन्होंने सैन्य सहायता मांगी और भारत के संघर्ष को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया। जर्मन भाषा और यूरोपीय राजनीति की समझ के साथ उन्होंने प्रभावी संवाद किया। जर्मनी से समर्थन न मिलने पर भी उनका संकल्प अटल रहा। जापान में आज़ाद हिंद फौज को पुनर्जनन दिया और 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में आज़ाद हिंद सरकार स्थापित की, जो स्वतंत्र भारत का प्रशासनिक स्वप्न थी। जापान, जर्मनी, इटली से मान्यता प्राप्त इस सरकार में हिंदू, मुस्लिम, सिख समेत सभी समुदायों को शामिल कर बोस ने एकता और समावेशिता का उदाहरण पेश किया। सुभाष चंद्र बोस की सामाजिक दृष्टि स्वतंत्रता को सामाजिक समता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव से जोड़ती थी। आज़ाद हिंद सरकार में लक्ष्मी सहगल को रानी झाँसी रेजिमेंट का नेतृत्व सौंपकर उन्होंने लैंगिक समानता का क्रांतिकारी कदम उठाया, जहाँ महिलाएँ पुरुष सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ीं। बोस का मानना था कि भारत की प्रगति जातिगत भेदभाव, सामाजिक रूढ़ियों और लैंगिक असमानता से मुक्ति के बिना असंभव है। उनकी पुस्तक द इंडियन स्ट्रगल में वे एक आधुनिक भारत की कल्पना करते हैं, जो औद्योगिकीकरण, शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हो। यह प्रगतिशील सोच उस युग में, जब राजनीतिक स्वतंत्रता ही प्रमुख थी, एक सशक्त भारत का दूरदर्शी खाका थी। सुभाष चंद्र बोस का बौद्धिक पक्ष उनकी नेतृत्व क्षमता जितना ही प्रभावशाली था। कैम्ब्रिज की शिक्षा ने उन्हें पश्चिमी दर्शन और राजनीति से जोड़ा, पर वे भारतीय संस्कृति और दर्शन से गहरे जुड़े रहे। स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ टैगोर का प्रभाव उनके लेखन और भाषणों में दिखता था। "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा" जैसे आह्वान ने आज़ाद हिंद रेडियो के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और क्रांति की ज्वाला जलाई। जनमानस को प्रेरित करने और विचारों के स्तर पर क्रांति रचने की उनकी क्षमता उन्हें एक अप्रतिम नेता बनाती थी। सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि का रहस्य उनकी मृत्यु के इर्द-गिर्द अनुत्तरित प्रश्नों से जुड़ा है। आधिकारिक दस्तावेज़ दावा करते हैं कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हुई, पर मुखर्जी आयोग ने इसे खारिज कर संकेत दिए कि बोस शायद सोवियत संघ में जीवित रहे या भारत में "गुमनामी बाबा" के रूप में 1985 तक रहे। यह रहस्य उनकी मृत्यु से परे स्वतंत्रता संग्राम की अधूरी गाथा को दर्शाता है, जो बोस को एक अमर किंवदंती बनाता है, जो हमें उनके सपनों को साकार करने की प्रेरणा देता है। सुभाष चंद्र बोस की संगठनात्मक अनुशासन की भावना उनकी विरासत का एक अनमोल रत्न है। आज़ाद हिंद फौज केवल एक सैन्य संगठन नहीं थी; यह एक ऐसी प्रयोगशाला थी, जहाँ सैनिकों को युद्ध कौशल के साथ-साथ नैतिकता, अनुशासन और अटूट देशभक्ति की शिक्षा दी जाती थी। बोस का दृढ़ विश्वास था कि कोई आंदोलन तभी विजयी हो सकता है, जब वह सैन्य-जैसी अनुशासनबद्धता और एकता से संचालित हो। उनकी फौज में विभिन्न धर्मों, क्षेत्रों और पृष्ठभूमियों के लोग कंधे से कंधा मिलाकर लड़े, जो उस युग के भारत में सामाजिक एकता का एक प्रेरक प्रतीक था। "कर्म ही पूजा है" का उनका मंत्र हर सैनिक के हृदय में गूँजता था, जो उनकी नेतृत्व शक्ति का जीवंत प्रमाण था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सिर पर संविधान रखकर नाचने वालों ने संविधान को कुचला : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- **पीएम मोदी ने कहा : इस दिवाली देशवासियों को डबल बोनस मिलेगा**
- **पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने सैकड़ों पुराने और अव्यवहारिक कानूनों को खत्म किया है।**
- **कांग्रेस ने बाबासाहेब अंबेडकर की भावनाओं को धोखा दिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि सिर पर संविधान रखकर नाचने वालों ने संविधान को कुचला था। उन्होंने खुलासा किया कि पहले दिल्ली में एक ऐसा कानून लागू था, जो बिना सूचना के काम पर न आने वाले सफाईकर्मियों को जेल भेजने की अनुमति देता था।

दिल्ली के रोहिणी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "जो लोग सिर पर संविधान रखकर नाचते हैं, वह संविधान को कैसे कुचलते थे, वह बाबासाहेब की भावनाओं को कैसे दगा देते थे, वह सच्चाई बताने जा रहा है। सफाईकर्मी भाई-बहनों के लिए दिल्ली में पहले खतरनाक कानून था। दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन एक्ट में एक बात लिखी थी, यदि कोई सफाई मित्र बिना बताए काम पर नहीं आता तो उसे एक महीने के लिए जेल में डाला जा सकता था। खुद सोचिए, सफाई कर्मियों को ये लोग क्या समझते थे। एक छोटी सी गलती के कारण क्या आप उन्हें जेल में डाल देंगे?"

पीएम मोदी ने कहा, "आज जो सामाजिक न्याय की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उन्होंने ऐसे कई कानून देश में बनाए रखे हुए थे। यह मोदी है, जो इस तरह के गलत कानूनों को खोज-खोजकर खत्म कर रहा है। हमारी सरकार ने ऐसे सैकड़ों कानूनों को समाप्त किया है और यह अभियान लगातार जारी है।"प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में शासन सुधारों पर बल देते हुए कहा कि हमारे लिए रिफॉर्म का मतलब सुशासन का विस्तार है। इसलिए हम रिफॉर्म पर बल दे रहे हैं। आने वाले समय में हम बड़े-बड़े रिफॉर्म करने वाले हैं, ताकि जीवन और बिजनेस सब कुछ आसान हो। उन्होंने बताया कि इस दिशा में अगला बड़ा कदम जीएसटी सुधार का है। प्रधानमंत्री ने कहा, "जीएसटी रिफॉर्म होने जा रहा है।

## मेट्रो नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क में से एक : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में 11 हजार करोड़ रुपए की हाईवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। दिल्ली के रोहिणी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले से मैंने देश की अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास पर विश्वास से बात की। आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं, यह सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया जब भारत को देखती और परखती है, तब उसकी पहली नजर हमारी राजधानी पर पड़ती है। इसलिए दिल्ली को विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां यह सबको महसूस हो कि यह विकसित होते भारत की राजधानी है। उन्होंने कहा कि अगस्त का महीना आजादी और क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के महोत्सव के बीच दिल्ली देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेसवे और यूईआर-2 की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली-गुरुग्राम समेत पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। सभी का समय बचेगा। पीएम मोदी ने कहा कि किसानों और व्यापारियों को भी इस हाईवे परियोजना से लाभ होगा।

पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल से केंद्र सरकार ने लगातार काम किया है। दिल्ली एनसीआर की कनेक्टिविटी में बहुत सुधार हुआ है। मेट्रो नेटवर्क के मामले में यह दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क क्षेत्रों में से एक है। नमो भारत जैसा रैपिड रेल सिस्टम है। पिछले 11 साल में दिल्ली एनसीआर में आना-जाना पहले के मुकाबले आसान हुआ है।

## ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन के बाद अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला भारत लौटे



एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन पूरा कर और अंतरिक्ष में 21 दिन बिताने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला रविवार को भारत लौट आए हैं। एक महीने पहले उन्होंने इस ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा को अंजाम दिया था। शुभांशु शुक्ला का दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे पर शुभांशु शुक्ला के आगमन से पहले ही उनके स्वागत के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। लोग भारतीय राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए अपने नायक का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे। शुक्ला के बाहर आते ही लोगों ने तालियों और नारों से उनका अभिनंदन किया।

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने कई वैज्ञानिक प्रयोगों और शोध कार्यों में हिस्सा लिया। उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो भविष्य के मानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए नई राह खोलेगा।

## महिला के रोने मात्र से दहेज उत्पीड़न का मामला नहीं बनता: दिल्ली उच्च न्यायालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि केवल इस तथ्य से कि एक महिला रो रही थी, दहेज उत्पीड़न का मामला नहीं बन सकता। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने यह टिप्पणी एक व्यक्ति और उसके परिवार को क्रूरता एवं दहेज उत्पीड़न के आरोपों से मुक्त करने के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करते हुए की। अभियोजन पक्ष के अनुसार महिला का उसके पति और ससुराल वालों ने उत्पीड़न किया और दहेज की मांग की। महिला का विवाह दिसंबर 2010 में हुआ था। महिला के परिवार ने दावा किया कि उन्होंने शादी पर लगभग चार लाख रुपये खर्च किए थे लेकिन पति और ससुराल वालों ने मोटरसाइकिल, नकदी और सोने के कंगन की मांग की। महिला की दो बेटियां थीं, उसकी 31 मार्च 2014 को मौत हो गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा, ''मृतका की बहन का धारा 161 के तहत बयान दर्ज किया गया जिसमें उसने यह भी कहा कि होली के अवसर पर उसने अपनी बहन को फोन किया था और उस दौरान उसकी बहन रो रही थी। हालांकि केवल इसलिए कि महिला रो रही थी, दहेज उत्पीड़न का कोई मामला नहीं बनता।

### 'वोट चोरी' के आरोप पर चुनाव आयोग का बयान

# 'हमारे लिए न कोई पक्ष, न विपक्ष राहुल गांधी के आरोपों को नकारा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



- **हर दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण से होता है, इसलिए भेदभाव का सवाल ही नहीं**
- **चुनाव आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों से पीछे नहीं हटेगा, चाहे कोई भी राजनीतिक दल आरोप लगाए**

विपक्ष के 'वोट चोरी' के आरोपों के बीच चुनाव आयोग ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार करता है, क्योंकि हर दल का जन्म आयोग में पंजीकरण से होता है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि आयोग के लिए कोई पक्ष या विपक्ष नहीं है, सभी दल समकक्ष हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, "कानून के अनुरूप हर राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण से होता है, तो चुनाव आयोग उन राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए, कोई पक्ष या विपक्ष नहीं है, सभी समकक्ष हैं। चाहे किसी भी राजनीतिक दल का कोई भी हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।"

उन्होंने कहा, "पिछले दो दशकों से, लगभग सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को पूरा करने के लिए चुनाव आयोग ने बिहार से एक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत की है। एसआईआर की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख बीएलए ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है।"

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, "भारत के संविधान के अनुसार, 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले प्रत्येक भारतीय नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और मतदान भी करना चाहिए।" ज्ञानेश कुमार ने विपक्ष द्वारा मतदाताओं की तस्वीरों को मीडिया में दिखाए जाने का जिक्र करते हुए कहा, "हमने कुछ दिन पहले देखा कि कई मतदाताओं की तस्वीरें बिना उनकी अनुमति के मीडिया के सामने पेश की गईं। उन पर आरोप लगाए गए, उनका इस्तेमाल किया गया। क्या चुनाव आयोग को मतदाताओं, उनकी माताओं, बहुओं या बेटियों के सीसीटीवी फुटेज साझा करने चाहिए? मतदाता सूची में जिनके नाम होते हैं, वे ही अपने उम्मीदवार को चुनने के लिए वोट डालते हैं।"

### बंगाल और देश के अन्य राज्यों में एसआईआर पर जल्द लेंगे निर्णय : ज्ञानेश कुमार



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल और देश के अन्य राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि तीनों चुनाव आयुक्त मिलकर सही समय पर इस संबंध में निर्णय लेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, "जहां तक पश्चिम बंगाल के एसआईआर की तारीख का सवाल है, तो हम तीनों कमिश्नर सही समय देखकर निर्णय लेंगे। चाहे वह पश्चिम बंगाल में हो या देश के अन्य राज्यों में हो, जल्द ही इस संबंध में तारीखों की घोषणा आने वाले समय में की जाएगी।" मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बांग्लादेश और अन्य विदेशी नागरिकों द्वारा मतदान के मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, "मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत के संविधान के अनुसार, केवल भारत के नागरिक ही विधायक, सांसद का चुनाव कर सकते हैं। किसी अन्य देश के नागरिकों को यह अधिकार नहीं है। अगर ऐसे लोगों ने गणना फॉर्म भरा है, तो एसआईआर की प्रक्रिया में उनकी पात्रता साबित करने के लिए कुछ दस्तावेज मांगे गए हैं, जिनकी 30 सितंबर तक पूरी जांच होगी और ऐसे केस में गहन जांच के दौरान ऐसे लोग पाए जाएंगे, जो हमारे देश के नागरिक नहीं हैं और निश्चित तौर से उनका वोट नहीं बनेगा।" मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने फॉर्म 7 और शपथ पत्र से संबंधित सवालों का जवाब देते हुए कहा, "सवाल था कि आप कुछ लोगों से फॉर्म 7 और कुछ लोगों से शपथ पत्र क्यों मांग रहे हैं, इसका जवाब है कि लोक प्रतिनिधित्व कानून, जो सभी के लिए समान है, यह मेरे लिए भी है, आपके लिए भी और किसी भी सांसद या विधायक के लिए भी है। अगर आप उस निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक हैं, तो आपको समय पर शिकायत करने का पूरा अवसर मिलता है, आप फॉर्म 6, फॉर्म 7, फॉर्म 8 भर सकते हैं। बशर्ते आप उस विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक हों, लेकिन अगर आप वहां के निर्वाचक नहीं हैं और आप अपनी शिकायत को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो आपके पास कानून में केवल एक ही विकल्प है और वह है निर्वाचन नियमों का पंजीकरण, नियम संख्या (20 उपखंड 3 उपखंड बी) जो कहता है कि अगर आप उस विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक नहीं हैं, तो आप एक गवाह के रूप में अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## उत्तराखंड में सरकार का इरादा मदरसों को खत्म करने का : हरीश रावत



**देहरादून।** उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम समाप्त करने का मुद्दा गरमाया हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने रविवार को प्रदेश सरकार को उसकी सोच बदलने की नसीहत दी। कांग्रेस नेता हरीश रावत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "मुझे यह नहीं पता कि भाजपा कब तक नाम बदलकर अपनी सरकार चलाएगी; उन्हें अपनी सोच बदलनी चाहिए। 'मदरसा' उर्दू का शब्द है; उर्दू गंगा-जमुना तहजीब की पैदाइश है।"उन्होंने कहा, "मदरसों का अपना इतिहास है, जो देश के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा हुआ इतिहास है। एक समुदाय राज्य के कानून के तहत अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने में सहयोग देना चाह रहा है, तो आप उससे परहेज क्यों कर रहे हैं?"राहत ने कहा कि सरकार का इरादा मदरसों को खत्म करने का है, लेकिन वे कर नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा, "आज देश के लोकतंत्र की हत्या हो रही है, जिस लोकतंत्र और पंचायती राज व्यवस्था के लिए हमारा संविधान खड़ा है, जिस संविधान और देश की रक्षा के लिए हमारे बलिदानियों ने हमारे प्राणों की आहूति देने का काम किया है और शहीद हुए हैं। आज जब लोकतंत्र खतरे में है, तो हम शहीद स्थल आए हैं और कह रहे हैं कि प्रदेश और देश में क्या हो रहा है? पंचायती राज की भावना को लूटने का काम हो रहा है।"बता दें कि उत्तराखंड सरकार अल्पसंख्यक संस्थानों को लेकर नया कानून लाने वाली है। धामी कैबिनेट ने निर्णय लिया है।

## ओडिशा में भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा के बीच सीधी उड़ान शुरू

**ओडिशा।** ओडिशा में शनिवार को भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू की गई। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दोनों शहरों के बीच पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टार एयर की ओर से संचालित यह सेवा राज्य की बी-मान (विमानन परिसंपत्तियों और नेटवर्क का निर्माण एवं प्रबंधन) योजना के तहत शुरू की गई है। स्टार एयर इस मार्ग पर मंगलवार से शनिवार तक 76 सीटों वाले विमान का परिचालन करेगी। माझी ने कहा, "यह पहल न केवल पश्चिमी ओडिशा को राज्य की राजधानी के करीब ले आएगी, बल्कि औद्योगिक विकास, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज पैसों के मामलों में दूसरों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।

**वृष :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। आज सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आज आपको जीवनसाथी से काम में पूरा- पूरा सहयोग मिलेगा। आज व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज बिजनेस को बढ़ाने के लिये आपको नये अवसर मिलेंगे। आज आपको व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी जिससे आपका उत्साह भी बढ़ेगा। आज घर में कोई फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है।

**कर्क :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रहेगा। आज ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। आज आपको किसी बड़ी कम्पनी में काम करने का मौका मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आपको पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी बनी रहेगी। आज आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

**कन्या :** आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी। इस राशि के राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। आज बिजनेस मैन जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं , जिससे आपको बिजनेस बढ़ाने में काफ़ी मदद मिलेगी।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा और शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। आज आपको फर्नीचर के बिजनेस में बढ़िया लाभ होगा और आपको बड़े प्रोजेक्ट का आर्डर भी मिलेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिये आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। आज आपको नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु :** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज आप दोस्तों के साथ थियेटर में मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। आज किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए और जल्द से जल्द उसे पूरा करना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी।

**कुंभ :** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बिजनेस की शुरुआत अपने दोस्त के साथ मिलकर कर सकते हैं। आज आप दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। आज आप नई स्किल सीख सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

**मीन :** आज आप का दिन नई उमंग के साथ शुरु होने वाला है। आज आपका अच्छा व्यवहार सोसाइटी में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला, आज आपको बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। आज आप मौसमी फलों का सेवन करें , जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

## निर्वाचन आयोग के कंधों पर लोकतंत्र बचाने का ऐतिहासिक दायित्व : अखिलेश

**एजेंसी। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व निर्वाचन आयोग के कंधों पर है और जब आयोग सही रास्ते पर चल पड़ेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा।

यादव ने यहां जारी एक बयान में कहा कि आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उसके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझे कि वो अकेले हैं। यादव ने कहा, जब निर्वाचन आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जनविश्वास स्वयं चलने लगता है। निर्वाचन आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है।

## भाजपा नेताओं ने आपदा प्रभावित किश्तवाड़ का दौरा किया

### शाह और नड्डा को स्थिति की जानकारी दी

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**



बादल फटने की घटना से प्रभावित किश्तवाड़ के चिसोती गांव में डेरा डाले हुए जम्मू-कश्मीर भाजपा के नेताओं ने जीवित बचे लोगों और अधिकारियों से बातचीत की और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को स्थिति से अवगत कराया। पार्टी के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता के मुताबिक, नेताओं ने पीड़ितों को अधिकतम सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार की सहायता के अलावा, केंद्र और भाजपा की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी।प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष सत शर्मा के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को किश्तवाड़ पहुंचा और नुकसान का आकलन करने तथा राहत कार्यों का जायजा लेने के लिए दो दिवसीय दौरा शुरू किया। बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 12:25 बजे मचैल माता मंदिर के रास्ते में पड़ने वाले चिसोती गांव में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई और 70 लोग लापता हो गए।

### कठुआ में बादल फटने से चार लोगों की मौत

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में बादल फटने से चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि को बादल फटने की यह घटना राजबाग के जोड घाटी गांव में हुई। अधिकारियों ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की एक संयुक्त टीम गांव पहुंच गई और स्थानीय स्वयंसेवकों के साथ राहत कार्य में जुट गई। उन्होंने बताया कि अब तक चार लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि छह अन्य घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कठुआ थाना क्षेत्र के बगड़ और चंगड़ा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवां-हुटली में भी भूस्खलन की घटनाएं हुई, लेकिन किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है ।

### सासाराम से शुरू हुई वोट अधिकार यात्रा में विपक्षी पार्टियों की हुंकार

# यह यात्रा चुनाव आयोग के एसआइआर के विरुद्ध है :राहुल

- **बीजेपी चूना लगाना चाहती है यहां खैनी की तरह रगड़कर खा जाएंगे : तेजस्वी**
- **दलितों और अल्पसंख्यकों का वोट काटा गया है : खड़गे**

**एजेंसी। सासाराम(रोहतास)**



17 अगस्त। विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआइआर के विरुद्ध बिहार की कुल 16 दिनों की मतदाता अधिकार यात्रा पर निकले राहुल गांधी की यह यात्रा रोहतास जिले के सुअरा हवाई अड्डा से शुरू हुई। यात्रा में महागठबंधन के नेता लालू प्रसाद यादव,तेजस्वी यादव,दीपांकर भट्टाचार्य तथा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य नेता मौजूद थे । सुअरा हवाई अड्डा पर एक भीड़ भरी जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सबको समान अधिकार देने की बात करती है। हमने आपके वोट को बचाने के लिए अपनी लड़ाई शुरू की है। इस लड़ाई में हमें आपका साथ चाहिए। उन्होंने कहा कि यह यात्रा चुनाव आयोग के एसआइआर के विरुद्ध है। बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले नए वोटर लिस्ट में छेड़छाड़ को जनता जान गई है। वह एनडीए सरकार को इस बार बिहार से उखाड़ फेंकेगी। सभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर का संविधान सबको वोट डालने की अनुमति देता है जबकि चुनाव आयोग केंद्र सरकार का एजेंट बन गया है। उसके द्वारा जान-बूझकर दलितों और अल्पसंख्यकों का वोट काटा गया है। इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कहा कि वोट चोरों को हटाइये और बीजेपी को भगाइए। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में लोगों को बीजेपी चूना लगाना चाहती है, लेकिन उन्हें यह पता होना चाहिए कि यहां चूना का उपयोग खैनी और तंबाकू में किया जाता है, जिसे रगड़कर चबा लिया जाता है। उन्होंने कहा कि बिहार में अनियमितता नहीं होने देंगे। चुनाव आयोग आपके वोट देने का अधिकार छीन रहा है। भाजपा अपना काम चुनाव आयोग से करवा रही है, यह हम होने नहीं देंगे। भाकपा माले के राष्ट्रीय सचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि देश के वोट चोरों ने कई चुनावों में वोट चुराए हैं। वोटर अधिकार-यात्रा का लाभ बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को कितना मिल सकता है, यह आने वाले समय में ही स्पष्ट हो सकेगा।

## चलना मुश्किल था नीतीश के रास्तों पर चलगी यात्रा : अशोक चौधरी

**बिहार।** बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'मतदाता अधिकार यात्रा' पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को राज्य की बेहतर सड़कों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शुक्रिया अदा करना चाहिए, क्योंकि इन्हीं सड़कों की वजह से उनकी यह यात्रा संभव हो पाई है। चौधरी ने कहा, 'राहुल गांधी को नीतीश कुमार का धन्यवाद करना चाहिए। पहले जो सड़कें इतनी खराब थीं, वे अब इतनी अच्छी हो गई हैं कि राहुल गांधी अपनी यात्रा निकाल पा रहे हैं। उन्हें आभारी होना चाहिए कि उनके कारण ही वे इतनी बड़ी यात्रा निकाल पा रहे है।



नीतीश कुमार की सड़कों की वजह से ही इतनी बड़ी यात्रा संभव हो पाई

## एशिया कप में भारतीय टीम को पाकिस्तान के साथ नहीं खेलना चाहिए : केदार जाधव



**पुणे।** पुणे में संस्कृति प्रतिष्ठान द्वारा गुणवंत विद्यार्थी गौरव समारोह का आयोजन किया गया था। पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मीडिया से बात करते हुए केदार जाधव ने कहा, "मैंने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए सिर्फ वनडे और टी20 मैच खेले हैं। मुझे लगता है कि इंडियन टीम हमेशा प्रतिभावान खिलाड़ियों से भरी रही है। मौजूदा टीम भी प्रतिभावान है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड में भारतीय टीम का अच्छा प्रदर्शन रहा। इंग्लैंड की अनुभवी टीम के खिलाफ भारत की युवा टीम का प्रदर्शन उसकी क्षमता को बताता है।" जाधव ने एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को होने वाले मैच पर कहा, "मुझे लगता है कि इंडियन टीम को खेलना ही नहीं चाहिए। शायद टीम इंडिया न भी खेले। हालांकि, भारतीय टीम जहां भी खेलेगी, वहां जीतेगी।" बता दें कि केदार जाधव महाराष्ट्र से आते हैं। वह मध्यक्रम के धाकड़ बल्लेबाज और दाएं हाथ के उपयोगी स्पिनर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए केदार जाधव ने 73 वनडे और 9 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने वनडे की 52 पारियों में 2 शतक और 6 अर्धशतक लगाते हुए 1,389 रन बनाए हैं और 27 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने टी20 की 6 पारियों में 122 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 58 रहा है। केदार जाधव ने 87 प्रथम श्रेणी मैचों में 17 शतक और 23 अर्धशतक लगाते हुए 6,100 रन बनाए हैं। वहीं, 186 लिस्ट ए मैचों में 10 शतक के साथ 5,520 रन बनाए हैं।

## ओलंपिक पदक विजेता वेस पेस को दी गई श्रद्धांजलि



**कोलकाता।** पूर्व ओलंपियन वेस पेस का 14 अगस्त को कोलकाता में निधन हो गया था। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शहर के रेड रोड स्थित हॉकी बंगाल मैदान टेंट में रविवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की और पश्चिम बंगाल के मंत्री और हॉकी बंगाल के अध्यक्ष सुजीत बोस उपस्थित थे। बंगाल की तीनों दिग्गज फुटबॉल टीमों, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मोहन बागान और एससी ईस्ट बंगाल ने भी वेस पेस को श्रद्धांजलि दी। वेस पेस को श्रद्धांजलि देने वालों में उनके बेटे लिएंडर पेस के अलावा बंगाल हॉकी से जुड़े कई बड़े नाम शामिल थे। आईएएनएस से बात करते हुए दिलीप तिर्की ने कहा, "मुझे वेस पेस के निधन पर गहरा दुख हुआ है। उनका हॉकी के खेल में बड़ा योगदान रहा है।



# ऑस्ट्रेलिया ने बनाया 8वीं बार वर्ल्ड कप जीतने का प्लान

### भारत में इस नई चाल के साथ उतरेगी कंगारू टीम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी खिलाड़ी एलिसा हीली ने माना है कि रिकॉर्ड आठवीं बार विश्व कप जीतने के लिए उनकी टीम को भारतीय उपमहाद्वीप में स्पिन गेंदबाजों की चुनौती से बड़े पैमाने पर निपटना होगा। महिला विश्व कप का आयोजन अगले महीने भारत और श्रीलंका में होगा। इस विश्व कप में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज पर सबकी निगाहें होंगी। एलिसा हीली शानदार फॉर्म में एलिसा हीली ने भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन मैचों की सीरीज के आखिरी वनडे में नाबाद 137 रन की पारी के साथ लय में वापसी की। उनकी इस पारी से टीम सांत्वना जीत दर्ज करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया ए इस सीरीज को 1-2 से हार गया लेकिन हीली ने सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाते हुए सबसे ज्यादा रन बनाए। स्पिन से निपटना होगा चुनौती लिसा हीली ने सीरीज के दूसरे मैच में भी 91 रन की पारी खेली थी। वह अनुभवी स्पिनरों से सजी भारत ए के गेंदबाजों से निपटने में काफी सफल रहीं। भारत ए की टीम में राधा यादव, मिन्नु मणि, तनुजा कंवर और प्रेमा रावत जैसी स्पिनर शामिल थीं। प्रेमा तीसरे वनडे की अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थी। हीली ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, 'भारत ए की इस की टीम में स्पिनरों की भरमार है। हमें आगामी विश्व कप में भी इसी तरह की टीमों का सामना करना पड़ेगा। वहां भी बीच के ओवरों में स्पिन का ही दबदबा रहेगा।' ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को भारत ए की पारी में 217 रन पर समेटने के बाद महज 28 ओवर में एक विकेट विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। हीली ने ओपनिंग बल्लेबाज तहलिया विलसन (51 गेंद में 59 रन) के साथ महज 16.1 ओवर में 137 रन की साझेदारी कर टीम को म ज बू त शुरुआत दिलाई।

*इरफान पठान ने पाकिस्तानियों को दिखाया आईना*

## पाकिस्तानियों को न ये लगता है कि दुनियाभर के सारे मुसलमान हैं उनकी जो जिम्मेदारी है : इरफान पठान



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। दरअसल, उन्होंने कहा है कि, पाकिस्तान वाले पूरी दुनिया के मुसलमानों के ठेकेदार बनने की कोशिश करते हैं। उन्होंने पाकिस्तान को खुद पर ध्यान देने की सलाह दी है। इरफान पठान ने ये बात पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी से जुड़ा किस्सा सुनाते हुए कही। इरफान पठान ने कहा कि शाहिद अफरीदी ने एक बार इंटरव्यू के दौरान खुद को असली पठान और उनको नकली पठान बताया था। इससे उन्हें अपमान महसूस हुआ था। एक इंटरव्यू में इरफान ने बताया कि एक बार फ्लाइट में शाहिद अफरीदी से उनकी लड़ाई हो गई थी, जब भारतीय टीम 2006 में पाकिस्तान दौरे पर गई थी। इरफान पठान ने कहा कि, पाकिस्तानियों को न ये लगता है कि दुनियाभर के सारे मुसलमान हैं दुनिया के उनकी जो जिम्मेदारी उन्होंने ले रखी है। उनकी ये गलतफहमी है जो मुझे लगता है कि यार थोड़ा सा ठहरो। थोड़ा रुको। अपने आप पे थोड़ा पहले ध्यान दो। ये बड़ी चीज है। मतलब आप ऐसा मत करिए क्योंकि मैंने पर्सनल लेवल पर महसूस किया है। दूसरा जब मैं आया तो हर्षा भोगले साहब का एक इंटरव्यू था उनके के साथ। मतलब हर्षा भोगले ने काउंटर नहीं किया। उस बात के लिए मैंने कभी हर्षा भाई को ये बोला नहीं लेकिन हर्षा भाई को काउंटर करना चाहिए। इरफान आगे कहते हैं कि, पठानों के बारे में बात थी। बोले मैं असली पठान हूं वो नकली पठान है। ऐसा मुझे कहा। बदतमीज आदमी है। तो मुझे ये लगा कि आप सिर्फ मेरे बारे में बात नहीं कर रहे हैं आप मेरे वालिदैन (माता-पिता) के बारे में बात रहे हैं। जो आपको नहीं करना चाहिए। आप नहीं करते ये बात तो मुझे आपसे कोई प्रॉब्लम ही नहीं है। आप खेलो, हम खेलें हम चले जाएंगे। लेकिन आप पर्सनल हो रहे हो। ये सही नहीं है। तो जब-जब मेरे हाथ में बॉल था। मेरे जेहन में ता इसको तो मैं आउट कर दूंगा। मैं आउट करके 11 बार बता चुका हूं कि असली पठान कौन है?

### बार्सिलोना ने मैलोर्का पर जीत के साथ की 'ला लीगा' की शुरुआत

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना ने मैलोर्का के खिलाफ 3-0 की जीत के साथ ला लीगा चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत की। बार्सिलोना ला लीगा की डिफेंडिंग चैंपियन है। बार्सिलोना ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। 7वें मिनट में लेमिन यामल के शानदार क्रॉस पर रफिन्हा ने हेडर से शानदार गोल किया और बार्सिलोना को 1-0 से आगे कर दिया। 23वें मिनट में फर्मिन लोपेज ने टीम के लिए दूसरा गोल दागा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, डिफेंडर एंटोनियो रेलो क्रॉस को क्लियर करने के बाद मैदान में गिर गए। इसी दौरान लोपेज ने गोल कर दिया। एंटोनियो के गिरने के बाद भी खेल जारी रखने के रेफरी के फैसले पर मैलोर्का के खिलाड़ी असंतुष्ट नजर आए। मनु मोरालेस पर विरोध करने के लिए मामला दर्ज किया गया।

## ताइक्वांडो में सफल हुए 93 खिलाड़ियों को मिला कलर बेल्ट और सर्टिफिकेट




**नवीन मेल संवाददाता**

**बुंडू।** आज दिनांक 17-08-2025 दिन रविवार को झारखंड युनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन के बैनर तले एम.बी. ताइक्वांडो अकादमी (एम. बी.स्कूल) बुंडू में ताइक्वांडो खिलाड़ियों का कलर बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट लिया गया । ग्रेडिंग मुख्य रूप से एम.बी. ताइक्वांडो अकादमी के डायरेक्टर श्री एमडी जमील अंसारी तथा झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव श्री सकील अंसारी के देख - रेख में लिए गया। ग्रेडिंग लेने वाले सीनियर कोच शाहनवाज अंसारी, कोच जयपाल महतो, मनीषा मुंडा, खुशी तिर्की, और मोहित मुंडा थे । मुख्य अतिथि के रुप में बुंडू थाना से सब इंस्पेक्टर श्री आतिश कुमार जी तथा श्री राहुल कुमार जी थे । साथ ही अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बुंडू प्रखण्ड अध्यक्ष श्री कोलेश्व महतो जी तथा उनके कई साथी गण भी उपस्थित थे । साथ ही इस मौके पर एमबी स्कूल के प्रिंसिपल श्री अबू अब्बास अली एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती जाहिदा कौसर, रिज़वान कुरैशी, अशरफ अंसारी शाहनवाज अंसारी आदि मौजूद थे। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रतिभा को देखते हुए काफी तारीफे कि तथा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ आशीर्वाद दिए साथ ही साथ ग्रेडिंग में सफल हुए खिलाड़ियों को नया बेल्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सकील अंसारी तथा जमील अंसारी ने बताया कि ये ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट खिलाड़ियों का हर चार महीने में एक बार लिया जाता है।

### सिनसिनाटी ओपन : कार्लोस अल्काराज ने फाइनल में बनाई जगह

**सिनसिनाटी।** कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। अल्काराज ने सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर जेवरेव को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार सातवीं बार टूर-लेवल फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में कार्लोस अल्काराज के सामने एक बार फिर जानिक सिनर होंगे। अल्काराज और सिनर के बीच इस साल का चौथा और कुल 14वां मैच खेला जाएगा। अल्काराज ने कहा, "मैं सिनर के खिलाफ एक बार फिर खेलने के लिए उत्सुक हूं। हर मैच में हम अपना स्तर ऊंचा उठाने की कोशिश करते हैं। मैं चुनौती लेने के लिए तैयार हूं। मैं उन गलतियों को सुधारने के लिए तैयार हूं, जो मैंने पिछले मैच में की थी।"एटीपी के मुताबिक, 22 साल और तीन महीने की उम्र में अल्काराज राफेल नडाल (20) और नोवाक जोकोविच (21) के बाद नौ मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं।

## 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन संजय सेठ खिलाड़ियों के बीच पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में चल रही 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ जी खिलाड़ियों के बीच पहुंचे। श्री सेठ जी ने सर्वप्रथम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत उन्होंने स्टेडियम का भ्रमण किया, खिलाड़ियों से आत्मीय भेंट की और प्रतियोगिता में शामिल देशभर के 25 राज्यों से आई 50 पुरुष एवं महिला टीमों को आशीर्वचन दिया।

अपने प्रेरणादायी संबोधन में श्री संजय सेठ जी ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और युवा शक्ति के जागरण का सशक्त जरिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी खेलों को बढ़ावा देने वाले यशस्वी पुरुष हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। ओलंपिक से लेकर ग्रामीण स्तर तक, हर खेल को प्रोत्साहन और संसाधन उपलब्ध कराना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। थ्रोबॉल जैसे खेलों को भी अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है, जो मोदी जी की दूरदर्शिता और सरकार की खेलों के प्रति गंभीरता को दर्शाता है।



उन्होंने आगे कहा कि झारखंड की धरती प्रतिभाओं की भूमि है और यहां से कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देश का गौरव बढ़ा चुके हैं। इस प्रतियोगिता से भी कई नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। श्री संजय सेठ जी ने खिलाड़ियों के साथ समय बिताया, उनके अनुभवों को सुना और उन्हें लगातार मेहनत और अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ सामूहिक स्मृति फोटो भी खिंचवाया, जिसे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक संजोया।आज प्रतियोगिता स्थल पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी पहुंचे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## 2026 के समाप्त होने से पहले भारत की ढुलाई खर्च सिंगल डिजिट में आ जाएगी : नितिन गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि मैं पीएम मोदी के साथ देश की जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि 2026 के समाप्त होने से पहले भारत की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट सिंगल डिजिट में आ जाएगी, जो हमारे निर्यात के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगी और हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) और द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली सेगमेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दोनों प्रोजेक्ट्स से दिल्ली एनसीआर के लोगों को ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने लॉजिस्टिक्स कॉस्ट को लेकर कहा, "अगर मैं कहूं कि इन राजमार्गों की वजह से दिल्ली में 50 प्रतिशत तक ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाएगी, तो मुझे लगता है कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। इन प्रोजेक्ट्स में हमने दिल्ली को अलग-अलग जगह से जोड़ा है। पीएम मोदी के दिए रोड मैप में लॉजिस्टिक्स कॉस्ट



को कम करने की बात रखी गई है। हमारे देश की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट 14 से 16 प्रतिशत है। वहीं चीन की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट 8 प्रतिशत है और अमेरिका की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट 12 प्रतिशत है।" उन्होंने बताया कि भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर, आईआईटी खड़गपुर और आईआईटी कानपुर तीनों की स्टडी में कहा गया है कि रोड अच्छे बनने की वजह से हमारी लॉजिस्टिक्स की कॉस्ट 6 प्रतिशत कम हुई है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने बताया कि विशेष रूप से एनसीआर में हाई स्पीड कॉरिडोर्स के बीच इंटरकनेक्टिविटी के लिए नए लिंक रोड की भी स्टडी की गई है। इससे हेवी ट्रैफिक को शहर के बाहर डायवर्ट करने में मदद होगी, खास कर दिल्ली से कटरा एक्सप्रेस वे को यूईआर-2 को कनेक्शन देने की योजना बनाई गई है। जम्मू कश्मीर, पंजाब से एयरपोर्ट व दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के लिए सीधी कनेक्टिविटी यूईआर-2 से मिलेगी। यूईआर-2 से दिल्ली देहरादून रोड का भी कनेक्शन है। देहरादून से आने वाले वाहनों के लिए एयरपोर्ट के लिए वैकल्पिक यात्रा समय जो दो से ढाई घंटे है, वो घटकर अब 45 मिनट रह जाएगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आगे की योजनाओं को लेकर कहा, "दिल्ली से देहरादून एक्सप्रेसवे से नोएडा, फरीदाबाद कनेक्टिविटी होगी, जो पूर्व दिल्ली के बायपास के रूप में काम करेगी। उत्तर, दक्षिण, पश्चिम दिल्ली से नोएडा फरीदाबाद के लिए सीधा मार्ग भी होगा। शिव मूर्ती नेशनल मंडेला मार्ग पर टनल बनाने की योजना हम बना रहे हैं, जो महिपालपुर और रंगपुरी के ट्रैफिक जाम से राहत देगी और दिल्ली से गुरुग्राम के आवागमन को भी सुगम करेगी।"

## गिलगित-बाल्टिस्तान में चीन-पाक व्यापारिक वर्चस्व के खिलाफ असंतोष, सीमा व्यापार ठप



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) क्षेत्र में स्थानीय लोगों और तेजी से बढ़ते चीन-पाक व्यापार तंत्र के बीच तनाव गहराता जा रहा है। हाल ही में सामने आए घटनाक्रमों ने इस असंतोष को और स्पष्ट कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल फुटेज में चीनी नागरिकों को एक प्रमुख सड़क पर विरोध करते हुए देखा गया। इसके कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तानी व्यापारियों ने सोस्त कस्बे के इमिग्रेशन प्वाइंट पर धरना शुरू कर दिया, जिससे 31 जुलाई को सीमा पार आवाजाही ठप हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटनाएं अकेली नहीं हैं बल्कि गिलगित-बाल्टिस्तान में गहराते असंतोष को दर्शाती हैं। स्थानीय लोग मानते हैं कि चीन-पाक व्यापारिक व्यवस्था असमान है, जिसमें लाभ मुख्य रूप से चीनी पक्ष को मिलते हैं जबकि जीबी के व्यापारी कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है अपेक्षित लाभ नहीं पहुंचाया है।







## भारत-मालदीव द्विपक्षीय व्यापार पिछले 7 वर्षों में तीन गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत और मालदीव के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले सात वर्षों में तीन गुना से अधिक बढ़ा है, जो कि 2017-18 में 22.3 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 68 करोड़ डॉलर हो गया है। भारत का मालदीव को निर्यात वित्त वर्ष 2017-18 में 21.7 करोड़ डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 56.1 करोड़ डॉलर हो गया, जबकि इसी अवधि के दौरान मालदीव से आयात 60 लाख डॉलर से बढ़कर 11.9 करोड़ डॉलर हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले महीने द्वीपीय देश की अपनी हालिया यात्रा के दौरान मालदीव को 4,850 करोड़ रुपए की ऋण सहायता की घोषणा के साथ, दोनों देशों के बीच व्यापार में वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि दोनों देशों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा भी शुरू हो गई है। भारत ने मालदीव में रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने का फैसला किया है और इस क्षेत्र में अपने अनुभव हिंद महासागर के पड़ोसी देश के साथ साझा करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर मालदीव का दौरा किया और देश के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह मुइज्जू सरकार के साथ संबंधों में बदलाव का भी प्रतीक था, जो 2023 में सत्ता में आई थी। द्विपक्षीय संबंधों में यह बदलाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, जिन्हें चीन का करीबी माना जाता है, विपक्ष में रहते हुए भारत विरोधी बयानबाजी के लिए जाने जाते थे, जो पिछली सरकार को हटाने की उनकी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा था। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है और रक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों में माले की पिछली सरकारों के कार्यकाल में लगातार वृद्धि देखी गई। यह भावना भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और महासागर दृष्टिकोण में अंतर्निहित है, जो इस क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि को अविभाज्य मानता है।

# भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है, अपना कर्म करो फल की चिंता हम पर छोड़ दो : लक्ष्मण यादव

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को प्रांतीय यादव महासभा के तत्वावधान में शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन (टाउन हॉल) में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव के अलावा प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष मोहर यादव, वृंद बिहारी यादव, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, रंजीत यादव, संतोष यादव, बलवंत यादव एवं रंजन यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म की महत्ता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और लगन से करना चाहिए। तुम सिर्फ अपना कर्म करो फल की चिंता हम पर छोड़ दों। उन्होंने कहा कि गीता ज्ञान संपूर्ण मानवता के लिए पथ प्रदर्शक है। श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा की महत्ता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि जब जब धर्म की हानि होती है, तब तब वह अवतार लेते हैं। जिला अध्यक्ष मोहर यादव ने श्रीकृष्ण के वचन हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं और हमें अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से करने की शिक्षा देते हैं।

बलवंत यादव ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का जिक्र किया और उससे जुड़ी प्रेरणादायी कथाओं को बताया. इस दौरान बिहार के छपरा व बैशाली आए हुए कलाकार टुनटुन यादव व संतोष कुमार ने महफिल को खुशनुमा बना दिया. श्रोता लोग घूमने को मजबूर हो गये। इस दौरान भक्ति और उल्लास के साथ सभी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय यादव महासभा के सदस्यों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मंच संचालन वंशी यादव ने किया। इस मौके पर रंजीत यादव, दरोगी यादव, संतोष यादव, रामप्रसाद यादव, रामकुमार यादव, चिंगी यादव, फुनेश्वर यादव, प्यारी यादव, रघुवीर यादव, दिनेश यादव, बंशी यादव, जगनारायण यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## महुआडांड़ प्रखंड में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण के आगमन पर प्रखंड अंतर्गत सभी मंदिरों में विशेष सजावट एवं लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। संध्या से ही नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, श्री राधे राधे जैसे भक्ति गीतों से प्रखंड मुख्यालय गूंज्यमान रहा। त्योहार को लेकर महिलाओं एवं बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। त्योहार को लेकर सुबह से ही महिलाएं पूजा की तैयारी में लगी रही। इस विशेष अवसर पर घर घर में प्रसाद के लिए गुजिया एवं विशेष पकवान भी बनाया गया।साथ ही अपने बच्चों को राधा कृष्ण के रूप में तैयार करती भी नजर आई। वही संध्या होते ही पूजा की थाली लिए अपने-अपने बच्चों को कान्हा एवं राधा के रूप में लेकर मंदिर पहुंचे। स्थानीय शिव मंदिर में रात्रि 9:00 से पूजन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। देर रात तक लोग भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। वहीं रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर महा आरती का भी आयोजन किया गया।

## अकीदत के साथ मना चेहल्लुम, अकीदतमंदों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में मुहर्रम के 40 वें दिन शुक्रवार को शहीदान- ए-कर्बला की याद में पूरे अकीदत के साथ चेहल्लुम मनाया गया। कर्बला में हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने परिवार व दोस्तों के साथ शहीद कर दिए गए थे। इस्लामिक मान्यता के अनुसार शहादत के 40 वें दिन चेहल्लुम मनाया जाता है। चेहल्लुम के मौके पर हुसैनाबाद में शिया समुदाय के वक्फ वास्ला बेगम सदर इमाम बारगह से मुख्य जुलूस निकाला गया। इसमें काफी संख्या में लोग नौहा-मातम करते हुए शहर के मुख्य मार्ग से गांधी चौक होते हुए कर्बला पहुंचे। कर्बला पर अपनी नमः आंखो से इमाम हुसैन व अन्य शहीदों को रूखस्त किया गया। इससे पूर्व जुलूस के दौरान गांधी चौक के चारों तरफ से शिया समुदाय के लोगो ने तकरीर के बाद जमकर खूनी मातम व ब्लेड मातम कर शरीर को लहूलुहान कर लिया। यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। जुलूस में अलम, ताबूत, सिपर व जुलजनाह के साथ शहीदों को खिराजे अकीदत पेश की गई। गांधी चौक पर मौलाना सैयद अली सजीर रिजवी साहब ने बताया कि आज हम सब शहीदों को श्रद्धांजली देने को यहां जमा हैं। उनपर किए गए जुल्मों को याद कर हम ग़म मना रहे हैं। यह ग़म दुनिया का सबसे बड़ा गम है। पैगम्बर मोहम्मद साहब (स.) के परिवार को एक दिन में यजीद के हुक्म से खत्म कर दिया गया । लोगों में उसका डर इतना था कि कोई शहीदों के शवों को दफनाने भी नहीं आया। सन् साठ हिजरी में वर्तमान इराक के कर्बला नामी स्थान पर हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) उनके सगे संबंधी, दोस्तों को यजीदी हुकूमत के आदेश पर इन्हें कत्ल कर दिया तथा उनकी औरतों बच्चों को कैदी बना लिया गया। उन पर यातनाओं का पहाड़ टूट पडा.। हमारे समाज में किसी के परिवार में एक व्यक्ति की मौत हो जाए, तो लोग दुखी परिवार को संतावना देने उसके घर पहुंच जाते हैं। परंतु कर्बला में ऐसे निर्दयी लोग मौजूद थें। जो दुखीयों को संतावना देने के बजाए उन्हें यातनाए देने में खुश होते थे।

# झामुमो नेताओं ने नेमरा पहुंचकर दी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के नेतृत्व में चंदवा समेत जिले भर से झामुमो कार्यकर्ता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष श्री शाहदेव ने कहा कि गुरूजी के रूप में झारखंड के जननायक को हमने खोया है। उनके अधुरे सपने विकसित झारखंड बेहतर झारखंड की परिकल्पना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूर्ण होगा और हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता सिपाही की तरह उनके साथ खड़े है। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंत्री सह केंद्रीय उपाध्यक्ष बैजनाथ राम,लाल मोती नाथ शाहदेव,बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे,पूर्व जिला सचिव शमशुल होदा, जिप सदस्य बिनोद उरांव,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश गंझु,जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा,चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी जअल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नौशाद अंसारी,वारिश अंसारी,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी,सरफराज आलम, बबलू राही, समीर अंसारी, महफूज अंसारी, नौशाद खान, रसीद खान, सुधीर गंझु, बिनेश्वर उरांव, रितिक चौधरी, सुशील कुमार,धनराज,रतनु गंझु समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं।

# सराढु में भू-माफियाओं के बड़े पैमाने पर अवैध जमाबंदी कराए जाने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

- भू-रैयतों ने उपायुक्त से की शिकायत, अंचल कार्यालय घेराव करने की दी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सराढु में बाहरी लोगों द्वारा भूमि फजीर्वाड़ा कराये जाने की भनक लगने पर रविवार को दर्जनों भू-रैयतों की बैठक परदाही मैदान में हुई, जिसकी अध्यक्षता पाली महतो व संचालन सुबोध सिंह ने किया। उक्त जानकारी देते हुवे सुबोध सिंह ने कहा कि हाल के दिनों में भू-माफियाओं द्वारा रैयतों के दशकों से जोत- आबाद जमीनों पर फजीर्वाड़ा हुआ है। वहीं दर्जनों बाहरी लोगों के नाम से अवैध जमाबंदी कायम कर राजस्व लगान निर्गत होने का आरोप लगाते हुवे उपायुक्त चतरा से लिखित शिकायत करने की बातें कही। मंगलदेव यादव ने बताया कि इन दिनों संघमित्रा परियोजना के विस्तारीकरण की प्रक्रिया तेज है। कुछ बिचौलिये पूर्व की भांति गुपचुप तरीके से अनापत्ति लेने के फिराक में जुटे हैं। दूसरी ओर भू-माफिया और बिचौलियों की भी चहलकदमी बढ़ी है। फजीर्वाड़ा से जमीन के बदले मुआवजा व नौकरी लेने के लिये संबंधित अधिकारियों से सांठगांठ कर बड़े पैमाने पर दस्तावेजों में छेड़छाड़ किया गया है।

**आक्रोश व्यक्त करते हुवे ग्रामीणों ने की नारेबाजी :** फजीर्वाड़े और धांधली से क्षुब्ध मौजूद ग्रामीणों ने दलालों होश में आओ, रैयतों का शोषण बंद करो समेत अन्य नारे लगाये। लोगों का कहना है कि भूमि का फजीर्वाड़ा यहां चरम पर है। पिछले दिनों सीसीएल,अंचल कर्मियों व बिचौलियों की मिलीभगत से पिपरवार परियोजना में अवैध तरीके से नौकरी व मुआवजा लेने के सनसनीखेज मामले सामने आये, जिला प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कराया पर सिंडिकेट में शामिल लोग अबतक पकड़ से बाहर हैं। जिससे बिचौलियों का मनोबल सातवें आसमान पर है।

**ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आखिर क्यों पनप रहा है अविश्वास :** भू-रैयतों ने अंचल कार्यालय के समक्ष शीघ्र हीं प्रदर्शन करने की दी चेतावनी दी है।ग्रामीणों की मानें तो ऐसे गंभीर मामलों राजस्वकर्मियों द्वारा ठंढे बस्ते में डालने की पुरानी आदत है। वर्ष 2019 में कन्वेयर कॉरीडोर निर्माण के दौरान फजीर्वाड़े का सहारा लेकर ग्रामीणों की अनापत्ति ली गई जिसमें एक दशक पूर्व कई मृतकों की मौजूदगी समेत वनाधिकार समिति तक के फर्जी हस्ताक्षर थे। शिकायत व समुचित प्रकाशन के बावजूद उच्चाधिकारियों ने भी तब कोई कार्रवाई नहीं की?।

## अमर शहीद शक्ति सिंह को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड ने अपने लाडले वीर सपूत अमर शहीद शक्ति सिंह की शहादत को याद करते हुए उनकी नौवीं शहादत दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल कुमार दास, जिप उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, जिप सदस्य चंद्रदेव गोप, भाजपा जिला महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह, द्वारा प्रखंड स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर अमर शहीद को माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। शहीद के पिता अधिवक्ता संत कुमार सिंह अपने पुत्र के प्रतिमा को गले लगाकर भावविह्वल हो गए। उन्होंने अश्रुपूर्ण नेत्रों से पुत्र को माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# हुसैनाबाद में कथित डॉक्टर की लापरवाही से बच्चे की मौत, डॉक्टर हुआ फरार

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में कथित चिकित्सक की लापरवाही से एक छह वर्षीय बच्चे की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद डॉक्टर फरार हो गया है। मृत बच्चे की पहचान हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के पचंबा गांव निवासी कमेश राम के पुत्र सचिन कुमार (6 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना बीते शुक्रवार की दोपहर की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार उक्त बच्चे को बिच्छू ने डंक मार दिया था, दर्द से उसे तड़पता देखकर परिजनों ने उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जा रहे थे, कि जपला हैदरनगर रोड स्थित नदी पर खुशबू क्लिनिक के डॉक्टर पंकज कुमार ने कहा कि कहां ले जा रहे है, यही ठीक हो जाएगा। परिजनों ने उसके पास इलाज के लिए ले गए। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने उसे देखने के बाद दो तीन इंजेक्शन लगाया और उसके बाद परिजनों को कहा की इस इंजेक्शन से बच्चे को तेज बुखार आएगा, कुछ घंटे बीतने के बाद उसे काफी तेज बुखार आया और कुछ ही मिनटों में उसका शरीर ठंडा पड़ा गया, शरीर में कोई हलचल नहीं देखकर जब हमलोगों ने डॉक्टर से बच्चे को बाहर ले जाने को कहा, तो डॉक्टर ने दबंगता दिखाते हुए पैसा की मांग करने लगे और कहा की जब तक इलाज का पैसा नहीं दोगे बाहर नहीं जाने देंगे। हमलोगों को तीन घंटा बंधक बना कर अपने क्लीनिक में रखा। उसके बाद गांव के दूसरे से फोन पे में पैसा देने के बाद मरीज और हमलोगों को बाहर इलाज के लिए जाने दिया। हमलोगों ने आनन फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए पुनः हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गए जहां प्रारंभिक इलाज के बाद उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचते ही वह शिथिल पड़ गया, जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है की कथित डॉक्टर के गलत इलाज किए जाने के कारण और तीन घंटा बंधक बनाए रखने के कारण उसका सही समय से इलाज नहीं होने के कारण बच्चे की मौत हुई है। इस संबंध में मृतक के पिता कमेश राम ने डॉक्टर के खिलाफ लिखित आवेदन थाना व सीएस को भी दिया है।

# सतबरवा में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** सतबरवा व आसपास के क्षेत्रों में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरे हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। पुराना बस पड़ाव स्थित राधाकृष्ण मंदिर, महावीर मंदिर, मां काली मंदिर समेत सभी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शाम से ही मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन का दौर शुरू हो गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा परिसर राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों की इतनी भीड़ उमड़ी कि तिल धरने की जगह नहीं रही। मंदिर के पुजारी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप का श्रृंगार कर पालने में विधिविधानपूर्वक प्रतिष्ठापित किया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण और भी पावन हो गया। मंदिर के संस्थापक स्व. सुरेंद्र नाथ बैद्य के तीनों पुत्र— संजय मिश्रा, सुनील मिश्रा उर्फ छोटे और राजेश मिश्रा ने विशेष रूप से पूजा-अर्चना में भाग लिया। जैसे ही रात के 12 बजे, घंटे-घड़ियाल और शंखनाद के बीच "जय कन्हैया लाल की" के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

## अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फॉर्मेसी में शान से लहराया तिरंगा



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप स्थित अविराम नर्सिंग एंड फामेर्सी कॉलेज परिसर में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद किया। भाषण और प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने आजादी के महत्व और हमारे वीर सेनानियों के योगदान को बताया। संस्थान के सचिव भारती ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे वीरों ने त्याग और बलिदान देकर हमें यह आजादी दिलाई है। हमें उनके गौरव और गरिमा को बनाए रखना है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने देश की रक्षा एवं उन्नति में अपना योगदान दें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। मौके पर शिक्षको समेत सैकड़ों छात्र मौजूद थे।

# कुशवाहा समाज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मैट्रिक-इंटर के छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** प्रखंड के मारंगलोइया पंचायत में जिला अध्यक्ष भूषण कुशवाहा के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन कर मैट्रिक इंटर के परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें जुली कुमारी, आरती कुमारी, हिमांशु राय,पूजा कुमारी,सपना कुमारी, शनिदेव महतो, रंजीत कुमार महतो, राधा कुमारी, नयन कुमार सहित 52 छात्र-छात्राओं के नाम शामिल हैं। मौके पर छात्र विशाल कुशवाहा जो मैट्रिक में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ-साथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नेशनल लेबल में चयन हुआ है जिन्हें विशेष मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य प्रियंका देवी ने कहा कि शिक्षा से ही हम उच्च से उच्चतम स्थान को प्राप्त कर सकते हैं। भारत के राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू भी एक महिला हैं जो प्रेरणादायक हैं। मौके पर महानंद कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारी बनना भी बहुत जरूरी है। समाज में उनकी अलग पहचान होती है। मौके पर उपस्थित भूषण कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा साहित्य कई समाज के गण्यमान्य लोगों ने जरूरतमंद छात्राओं को तन मन धन से सहयोग करने का बात कही। मौके पर उपस्थित लोगों ने समाज के उत्थान के लिए एक जुट होकर कदम से कदम मिलाकर चलने की संकल्प ली। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित महिला पुरुष सज्जन को महानंद कुशवाहा ने हनुमान चालीसा का पुस्तक भेंट स्वरूप दी गई.मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे रोहित महतो,रमेश महतो,बिंदेश्वर महतो,अनूप वर्मा,सुरेश महतो,लखन महतो अखिलेश महतो रत्न महतो मोती महतो सहित कई महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## पेज एक के शेष

### 7 दिन में...

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की बात करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, उन्होंने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? ऐसे में चुनाव आयोग अपना काम ही कर रहा है। जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत मतदाता सूची में त्रुटियों के दावों और आपत्तियों के लिए 01 अगस्त से 01 सितंबर 2025 तक का समय निर्धारित है। अभी भी 15 दिन का समय बाकी है। चुनाव आयोग सभी राजनीतिक दलों, उनके नामित बूथ स्तरीय एजेंटों, राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दलों तथा राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अपील करता है कि आने वाले 15 दिनों के भीतर यदि उन्हें उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची के प्रारूप में कोई त्रुटि है, तो वे उसे निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत करें। चुनाव आयोग के दरवाजे सभी के लिए खुले हुए हैं। महाराष्ट्र के वोटरों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में वोटर लिस्ट बढ़ी। जब समय था, तो दावे और आपत्तियां क्यों जमा नहीं कराई गई? जब रिजल्ट आ गया, तो उस दौरान याद आया कि यह गलत था। एक भी मतदाता का नाम सबूत समेत अभी तक महाराष्ट्र के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर को नहीं मिला। महाराष्ट्र में चुनाव हुए आठ महीने हो गए हैं। इसके बावजूद उच्चतम न्यायालय में चुनावी याचिका दायर क्यों नहीं की गई? इसके अलावा, यह भी कहा गया कि आखिरी घंटे में इतना मतदान कैसे हुआ और इसका जवाब आयोग ने दिया भी है। मैं इतना ही कहूंगा कि सच तो सच ही होता है और सूरज पूरब में ही उगता है। किसी के बोलने से पश्चिम में नहीं उगेगा। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यह भी कहा, चुनाव आयोग 75 सालों से पूरी कर्मठता के साथ काम कर रहा है। अगर आप मतदाता सूची और मतदान को मिलाकर चुनाव आयोग पर निराधार आरोप लगाएंगे और कहेंगे कि चोरी हो रही है, तो ये गलत है। जनता सब समझती है। अगर किसी व्यक्ति के दो जगह वोट भी हों, तब भी वह एक ही जगह वोट करने जाता है। दो जगह वोट करना कानूनी अपराध है और अगर कोई व्यक्ति ऐसा कहता है, तो सबूत चाहिए। सबूत मांगा था, लेकिन नहीं मिला।

### सैफ अंडर-17 बालिका...

गरीब किसान परिवार से आने के बावजूद, उन्होंने गुमला के आवासीय फुटबॉल सेंटर में प्रशिक्षण लिया। उनके माता-पिता कहते हैं कि सूरजमुनि ने अपने जुनून और मेहनत से जगह बनाई है। उम्मीद है कि सूरजमुनि फुटबॉल में नाम कमाएगी, तो घर के हालात बदलेंगे। एलिजाबेथ लकड़ा भी बिशुनपुर प्रखंड के ममरला गांव की रहने वाली हैं। छह भाई-बहनों के बीच परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी खेती पर निर्भर है। कच्चा घर है, लेकिन माता-पिता का सपना था कि उनकी बेटी भारत के लिए खेले। गरीबी के बावजूद, एलिजाबेथ ने लगातार अभ्यास किया और अंडर-17 टीम में चुनी गई हैं। अनीता डुंगडुंग बसिया प्रखंड के ससिया गांव की हैं। उनके घर की माली हालत ठीक नहीं है, लेकिन उन्होंने गुमला सेंटर में दिन-रात अभ्यास कर अपनी पहचान बनाई। नंगे पांव खेलना, गांव वालों के ताने सहना और हर चुनौती को पार करना उनके सपनों का हिस्सा रहा। विनीता होरो सिमडेगा जिले के बानो की रहने वाली हैं और छोटे किसान परिवार से आती हैं। वह 2022-23 में सुब्रतो मुखर्जी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रही हैं। वह गुमला के आवासीय फुटबॉल सेंटर में प्रशिक्षण ले रही हैं।

### ट्रंप से मिलने...

सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने तस्वीरों की बारीकी से तुलना करते हुए दावा किया कि अलास्का में दिखे पुतिन का चेहरा ज्यादा भरा-भरा लग रहा था और उनकी चाल-ढाल में भी फर्क नजर आया। कुछ ने मजाक उड़ाते हुए उन्हें 'जॉवियल पुतिन' नाम दे डाला और कहा कि यह उनका हमशक्ल है, असली पुतिन तो कहीं और सुरक्षित हैं। ट्विटर और फेसबुक पर यह चर्चा इतनी जोर पकड़ गई कि पुतिन की मुस्कान तक पर सवाल उठने लगे। हालांकि, बॉडी लैंग्वेज एक्सपर्ट्स ने इन दावों को नकार दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि पुतिन का खास चलने का अंदाज, जिसे 'गनस्लिंगर गेट' कहा जाता है, जहां उनका दायां हाथ स्थिर और बायां हाथ आगे-पीछे हिलता है, इस मुलाकात में साफ दिखाई दिया। यानी, चाल वही थी, जो हमेशा से पुतिन की पहचान रही है। ऐसे में महज चेहरे के भाव या मुस्कान के आधार पर यह मान लेना कि यह शख्स हमशक्ल था, एक अतिशयोक्ति से ज्यादा कुछ नहीं है। दरअसल, पुतिन के हमशक्लों की कहानियां कोई नई नहीं हैं। पिछले दो दशकों में कई बार यह चर्चा उठ चुकी है कि सुरक्षा कारणों से रूस के राष्ट्रपति ने अपने डुप्लिकेट्स का इस्तेमाल किया। विकिपीडिया पर भी कथित पुतिन डबल्स का जिक्र है, लेकिन आज तक कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया। अलास्का की ताजा मुलाकात ने बस इस पुराने विवाद को एक बार फिर हवा दे दी है। कुल मिलाकर, जिस अलास्का बैठक से वैश्विक राजनीति को दिशा मिलने की उम्मीद की जा रही थी, वह सोशल मीडिया पर महज एक मनोरंजक बहस का केंद्र बनकर रह गई। लोग नीतियों और बयानों से ज्यादा पुतिन की मुस्कान, जबड़े की बनावट और आंखों की झुर्रियों पर बातें करने लगे। फिलहाल, इस चर्चा की पुष्टि में कोई ठोस तथ्य नहीं, लेकिन यह जरूर साबित हो गया कि डिजिटल दौर में किसी भी बड़े नेता की छवि केवल राजनीति से नहीं, बल्कि अफवाहों और मीम्स से भी प्रभावित होती है।

## विदेश सचिव मिसरी दो दिवसीय यात्रा पर नेपाल पहुंचे



**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी रविवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नेपाल पहुंचे। इस दौरान वह नेपाल के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मिसरी सुबह लगभग नौ बजे त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। वह नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर यहां आए हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार वह राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली से मुलाकात करेंगे और विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा से शिष्टाचार भेंट करेंगे। सूत्रों ने बताया कि मिसरी दिन में बाद में विदेश मंत्रालय, सिंहदरबार में नेपाल के विदेश सचिव के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

## इजरायली नौसेना ने यमन की राजधानी पर किया बड़ा हमला

### आईडीएफ बोला- सिखाया सबक

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** इजरायली नौसेना ने रविवार सुबह राजधानी सना के दक्षिण में स्थित बिजली संयंत्र पर घातक हमला किया। इजरायली नौसेना के हमले के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति और जनरेटर सेवा बाधित हो गई। हमले की पुष्टि इजरायली नौसेना के एक अधिकारी ने की है। आईडीएफ के मुताबिक हूती विद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए हमला किया गया। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में दावा किया कि इस संयंत्र पर हूती का कब्जा था और उन्हें ही जवाब देने के लिए ये कार्रवाई की गई। सना के दक्षिण में स्थित हाजिज पावर स्टेशन को निशाना बनाया गया, जिसे राजधानी को बिजली आपूर्ति करने वाले अहम केंद्रों में से एक माना जाता है।

## सूडान में अर्धसैनिक बलों के हमले में 31 लोगों की मौत

**खार्तूम (आईएएनएस)।** स्वयंसेवी समूहों के अनुसार, पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में कम से कम 31 लोग मारे गए। मृतकों में सात बच्चे और एक गर्भवती महिला भी शामिल हैं। इसके अलावा 13 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह, सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने अबू शौक में विस्थापन शिविर को 'जानबूझकर' निशाना बनाकर एक 'जघन्य अपराध' किया है। संगठन ने ये चेतावनी दी है कि एल फशेर की जारी घेराबंदी के कारण दवाइयों, चिकित्सा कर्मचारियों और भोजन की भारी कमी हो गई है।

### सर्वोच्च न्यायालय ने लिया संज्ञान

# एनडीए ट्रेनिंग के समय हुए अपाहिज, अब मेडिकल बिल से बर्बाद हो रहे विकलांग कैडेटों के परिजन

### सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरत्ना व आर महादेवन की बेंच इस मामले की करेगी सुनवाई

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेना में भर्ती होना केवल व केवल रोजगार पाने का मामला नहीं है। इसके पीछे देश के लिए प्राण न्योछावर करने का जज्बा भी होता है। और इसके लिए बहुत बड़े नेताओं के प्रिय लाडले या अरबपति के सगे पुत्र या पुत्री नहीं अप्लाई करते हैं, नहीं सैन्य प्रशिक्षण के कड़े शारिरिक व मानसिक प्रशिक्षण से गुजरते हैं , फिर देश के दुर्गम इलाकों व सीमा पर तैनात होते हैं। भारत में इसके लिए ज्यादातर जाते हैं गरीब व मध्यम वर्गीय आय टच करने वाले परिवार के बेटे-बेटी। हर वर्ष नेशनल डिफेंस एकेडमी, इंडियन मिलिट्री एकेडमी में ऐसे परिवार के सैकड़ों की संख्या में कैडेट्स पहुंचते हैं। उनमें से कई अपनी ट्रेनिंग खत्म कर काबिल अफसर बनते हैं, उनका करियर परवान चढ़ने लगता है। लेकिन कई ऐसे कैडेट्स भी होते हैं जो काबिलियत के मामले में तो किसी से कम नहीं होते, लेकिन ट्रेनिंग के दौरान जख्मी हो जाते हैं।और उनकी हालत इतनी खराब हो जाती है कि वे फिर कभी सेना में जाने का सपना भी नहीं देख पाते। ऐसे ही कुछ कैडेट्स व उनके परिवार के दयनीय व मार्मिक हालात व संघर्ष की जिंदगी को अंग्रेज़ी अख़बार द इंडियन एक्सप्रेस ने प्रस्तुत किया है। इस अख़बार में कुछ दिन पहले एक खबर छापी थी कि सैन्य भर्ती प्रशिक्षण के दौरान घायल कैडेट्स व उनके परिजनों को तमाम तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, उनके इलाज के खर्चे भी बहुत ज्यादा रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरत्ना की पहल पर सर्वोच्च न्यायालय ने इस खबर व मामले का स्वतः: संज्ञान लिया है। सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरत्ना व आर महादेवन की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी।



हुआ यह कि जस्टिस नागरत्ना ने ही इस केस को चीफ जस्टिस बीआर गवई के सामने रखा था, उसके बाद उनकी तरफ से कहा गया कि जस्टिस नागरत्ना खुद इस मामले को देखें। आंकड़े बताते हैं कि 1985 से अब तक मिलिट्री संस्थानों से करीब 500 कैडेटों को डिसचार्ज किया गया है, मेडिकल ग्राउंड्स पर ही उनका करियर शुरू होने से पहले ही खत्म हुआ है। बात यदि अकेले एनडीए की करें तो यहां भी 2021 से जुलाई 2025 तक 20 ऐसे कैडेट्स को डिसचार्ज किया गया जो ट्रेनिंग के दौरान किसी कारण से मेडिकली अनफिट हो गए। अब नियम कहते हैं ऐसे जख्मी कैडेट्स को एक्स सर्विसमेन (ईएसएम) का दर्जा नहीं दिया जा सकता। यदि वो दर्जा उन्हें दिया जाता तो एक्स सर्विसमैन कॉन्ट्रिब्यूटरी हेल्थ स्कीम के तहत उन्हें मिलिट्री अस्पताल में मुफ्त इलाज मिलता। लेकिन क्योंकि ये कैडेट्स ऑफिसर नहीं बन पाए, ऐसे में इन्हें अब सिर्फ महीने के 40 हजार रुपये मिल रहे हैं।

अब चुनौती यह है कि इन कैडेट्स का मेडिकल बिल तो महीने का 50 हजार तक चला जाता है, कुछ केस में तो आंकड़ा एक लाख भी है, लेकिन उन्हें सहायता सिर्फ 40 हजार तक की मिल पा रही है। इस बारे में 26 वर्षीय विक्रांत की मां कहती हैं कि जब तक एक्स सर्विसमैन का दर्जा नहीं मिल जाता, प्राइवेट अस्पतालों में ही इलाज करवाना पड़ता है, फिजियोथेरेपिस्ट भी हायर करने पड़ते हैं, परिवार के पास रोज का मोटा बिल आता है। क्या मेरे बच्चों जैसे कैडेट्स को ईएसएम का दर्जा नहीं मिलना चाहिए, क्या उन्हें मिलिट्री अस्पताल में इलाज नहीं मिलना चाहिए? ऐसे ही एक अन्य कैडट शुभम कहते हैं कि यदि हमें एक दिव्यांग पेंशन दे दी जाए, यदि हमें ईएसएम का दर्जा मिल जाए, तो हम भी सम्मान के साथ अपनी जिंदगी बिता सकते हैं। एक और कैडट हरीश बता रहे हैं कि मेरी जिंदगी तो खत्म हो चुकी है, लेकिन दूसरे किसी कैडट के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। इस समय परेशान तो किशन की मां भी हैं, जो बता रही हैं कि वो अपने बेटे की फिजियोथेरेपी शुरू नहीं करवा पाई हैं। उनका परिवार मिलिट्री बैकग्राउंड का नहीं है, वो टीचर हैं। इन हालात से संघर्ष कर रहे कुछ कैडेट्स की कहानी -

**1. विक्रांत राज, उम्र 26 साल :** विक्रांत राज एक काबिल अफसर बनने के सारे गुण रखते थे, लेकिन एक चोट ने उन्हें ना सिर्फ देश की सेवा करने से रोक दिया बल्कि उनकी जिंदगी पर भी काफी असर पड़ा। विक्रांत दिसंबर 2016 से जून 2020 तक एनडीए में थे। अब विक्रांत की मां बताती हैं कि बचपन से ही उसमें अफसर वाले सारे गुण दिखते थे, उसे जनरल मटेरियल कहा जाता था। विक्रांत की मां आगे कहती हैं कि उसका एनडीए में सब कुछ अच्छा चल रहा था, लेकिन 2018 में एक बॉक्सिंग मैच के दौरान उसे सिर पर चोट लगी थी। वो तुरंत उठ गया, लेकिन फिर बेहोश होकर गिर पड़ा। एक हफ्ते तक वो अस्पताल में भर्ती रहा। एक महीने बाद उसने रोवर्स कैंप में भी हिस्सा लिया, चार से पांच दिनों तक खूब मेहनत की। वो अपने टर्म एग्जाम में भी काफी अच्छा किया। विक्रांत की मां आगे बताती हैं कि अपनी सफलताओं से वो काफी खुश था, ऐसे में उसने अक्टूबर में एक फुटबॉल मैच में भी हिस्सा लिया। मैच के दौरान एक फुटबॉल उसके सिर पर लगी, वहीं चोट लगी जहां बॉक्सिंग के दौरान सिर पर लगी थी। वो गिर पड़ा और ब्रेन सर्जरी हुई। लेकिन वो ठीक नहीं हो पाया और कोमा में चला गया। मेरा 6 फीट का बेटा जो कभी 70 किलो का हुआ करता था, कुछ ही हफ्तों में उसका वजन 35-40 किलो पर पहुंच गया। विक्रांत की मां भावुक होकर कहती हैं कि आज भी अगर वो कई मिलिट्री या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी फिल्म देखता है तो वो खुद भी सहयोग करना चाहता है। एक दिन उसने अजित डोभाल को स्पीच देते हुए देखा था, सीधे पूछा कि रॉ कैसे ज्वाइन कर सकते हैं। एक मां के लिए यह कितना दर्दनाक हो जाता है।

**2. शुभम गुप्ता, उम्र 33 साल :** शुभम गुप्ता जून 2010 से जून 2014 तक एनडीए का हिस्सा रहे, लेकिन 2012 में एक स्पाइनल इंजरी ने उनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी। शुभम कहते हैं कि अप्रैल 2012 में मैं अपने फोर्थ टर्म में था, लेकिन तब पूल में एक डीप डाइव लेते हुए मुझे स्पाइनल कॉर्ड में इंजरी हो गई। मैं काफी मुश्किल से बचा, लेकिन मैंने अपनी गर्दन फ्रैक्चर कर ली थी। गर्दन के नीचे से मैं पैरालाइज्ड हो चुका था। मेरी कुल आठ सर्जरी हुईं, दो महीने तो मैं वेंटिलेटर पर भी रहा। शुभम अपनी बात आगे रखते हुए कहते हैं कि मेरी चोट ने मुझे शारीरिक के साथ-साथ मानसिक तनाव भी दिया था। मैं अपने हाथों से एक पानी का ग्लास तक नहीं उठा पाता। मेरे रोज के फिजियोथेरेपी सेशन होते हैं, रोज के काम के लिए दो हेल्पर्स रखे हुए हैं। अब शुभम के मुताबिक क्योंकि वे देश की सेवा नहीं कर पा रहे हैं, उन्होंने अपना रुझान एस्ट्रोलॉजी की तरफ शिफ्ट किया है।

**3. कार्तिक शर्मा, उम्र 27 साल :** कार्तिक शर्मा जून 2015 से नवंबर 2021 तक एनडीए में सक्रिय रहे थे। वे सैनिक स्कूल सुजानपुर तिरा के पूर्व छात्र भी रह चुके हैं। कार्तिक हमेशा से ही एयरफोर्स का हिस्सा बनना चाहते थे, उन्हें एक फाइटर पायलट बनना था। लेकिन आज वे फाइटर प्लेन में नहीं बल्कि एक ऑटोमेटिक व्हीलचेयर पर बैठे हुए हैं, उनके लिंब्स काफी कमजोर हो चुके हैं, रोजमर्रा के कामों के लिए अटेंडेंट की जरूरत पड़ रही है। कार्तिक के मुताबिक 2016 में ट्रेनिंग के दौरान वे चोटिल हो गए थे, पुणे के कमांड अस्पताल में उनका इलाज भी एक महीने तक चला। लेकिन फिर उन्हें निमोनिया हो गया और तब से उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई।कार्तिक कहते हैं कि निमोनिया के बाद मुझे आर एंड आर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। फिर 2021 में मुझे पांच साल बाद खिरकी के मिलिट्री अस्पताल से भी छुट्टी दे दी गई। अब रिकॉर्ड्स बताते हैं कि तमाम चुनौतियों के बावजूद भी कार्तिक ने जीने का जज्बा नहीं छोड़ा। उन्होंने पैरा टेबल टेनिस के इवेंट में दो बार हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने पढ़ाई पर भी ध्यान दिया और पॉलिटिकल साइंस में ग्रेजुएट हुए। इस समय वे इग्नू से पॉलिटिकल साइंस में ही मास्टर्स की डिग्री हासिल कर रहे हैं।

## तुर्की में जंगल की आग के कारण कई गांव खाली कराए गए



**इस्तांबुल (आईएएनएस) ।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी प्रांत कानक्काले में भड़की जंगल की आग के कारण पांच गांवों को खाली कराना पड़ा है। कानक्काले के गवर्नर ओमर तोरामन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि आग बुझाने के लिए 11 विमान और 10 हेलीकॉप्टर जमीनी कर्मचारियों के साथ तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैल रही थी।

## पुतिन-जेलेंस्की संग शीघ्र त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन को आतुर ट्रंप

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में 15 अगस्त को बैठक हुई थी। इस बैठक के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपिय नेताओं से कहा है कि वह 22 अगस्त को रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों के साथ त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन करना चाहते हैं। अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सियोस के मुताबिक, "ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं को सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को एक एक्स पोस्ट में लिखा, "वह सोमवार को वाशिंगटन में ट्रंप से मिलेंगे।



## इटली में अभ्यास पूर्ण कर यूरोप रवाना हुआ आईएनएस तमाल



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय नौसेना का नवीनतम युद्धपोत आईएनएस तमाल इटली के नेपल्स बंदरगाह से भारत के लिए रवाना हो चुका है। रूस में बना यह अत्याधुनिक भारतीय युद्धपोत 13 से 16 अगस्त तक इटली में रहा, जहां इसने नेपल्स बंदरगाह का दौरा किया। अब अपनी भारत यात्रा के दौरान यह युद्धपोत यूरोप व एशिया के कुछ और बंदरगाहों की यात्रा करेगा। एशिया व यूरोपीय देशों की यात्रा पूरी कर यह युद्धपोत भारत लौटेगा। नौसेना का मानना है कि भारतीय युद्धपोत की इस समुद्री यात्रा से कूटनीति और द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई मिलेगी।

## एआई से नौकरी, प्राइवेसी को खतरा, लेकिन फायदे भी अपार हैं

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एआई से तमाम तरह के खतरे होने की बात कही जा रही है, प्रमाणित भी हो रहे हैं। लेकिन इसके फायदे भी बहुत हैं। अमेरिकी शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरण विकसित किया है जो अल्जाइमर रोग के सूक्ष्म संकेतों को पहचान सकता है। कैलिफोर्निया में ग्लैडस्टोन इंस्टीट्यूट्स की टीम ने अल्जाइमर के प्रमुख पहलुओं की नकल करने के लिए चूहों को तैयार किया और मस्तिष्क रोग के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए नए वीडियो-आधारित मशीन लर्निंग टूल का उपयोग किया। वर्तमान में इस बीमारी की पहचान में काफी समय लगता है। लेकिन सेल रिपोर्ट्स नामक पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्ष न्यूरोलॉजिकल बीमारी की पहचान समय से पहले करने की नई रणनीति पर प्रकाश डालते हैं। ग्लेडस्टोन के अन्वेषक (इन्वेस्टिगेटर) जॉर्ज पालोप ने कहा कि एआई संभावित रूप से मस्तिष्क के कार्य में प्रारंभिक असामान्यताओं के संकेत देने वाले अल्जाइमर से जुड़े व्यवहारों के विश्लेषण में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। वेरिएशनल एनिमल मोशन एम्बेडिंग नामक एक मशीन लर्निंग प्लेटफॉर्म ने खुले क्षेत्र में घूमते हुए चूहों के वीडियो फुटेज का विश्लेषण किया। इसने सूक्ष्म व्यवहार पैटर्न, अव्यवस्थित व्यवहार, असामान्य पैटर्न और चूहों की उम्र बढ़ने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के बीच अधिक बार संक्रमण की पहचान की। ये व्यवहार, जो संभवतः स्मृति व ध्यान की कमी से जुड़े हैं, कैमरे में कैद किए गए थे। पालोप ने कहा कि यह उपकरण गंभीर मस्तिष्क विकारों की उत्पत्ति और प्रगति को समझने में मदद कर सकता है, उन्होंने कहा कि इसे अन्य न्यूरोलॉजिकल रोगों पर भी लागू किया जा सकता है। इसके अलावा, नए अध्ययन में वेरिएशनल एनिमल मोशन एम्बेडिंग का उपयोग यह जानने के लिए भी किया गया कि क्या अल्जाइमर के लिए संभावित चिकित्सा तरीका चूहों में अव्यवस्थित व्यवहार को रोक सकेगा। उन्होंने पाया कि मस्तिष्क में टॉक्सिक इंफ्लामेशन को ट्रिगर करने वाले फाइब्रिन (रक्त का थक्का बनाने वाले प्रोटीन) को आनुवंशिक रूप से अवरुद्ध करने से चूहों में अल्जाइमर के विकास को रोका जा सकता है। बता दें कि अल्जाइमर एक ऐसी बीमारी है जिसमें धीरे-धीरे मरीज की याददाश्त कम होने लगती है।



अल्जाइमर का पता लगाने में कामयाब है एआई

### नॉर्थ और साउथ ब्लॉक बनेंगे 'युग युगीन भारत संग्रहालय'

# पीएमओ साऊथ ब्लॉक से सेन्ट्रल विस्टा जाएगा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आजादी के 78 साल बाद प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) अपने ऐतिहासिक स्थान साउथ ब्लॉक से हटकर सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत बने नए एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में स्थानांतरित होने वाला है। यह अहम बदलाव अगले महीने होगा, जब नया पीएमओ प्रधानमंत्री आवास के करीब स्थित होगा। सरकार ने घोषणा की है कि पुराने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को अब 'युग युगीन भारत संग्रहालय' में बदल दिया जाएगा। यह एक बडी पहल है, जिसके लिए राष्ट्रीय संग्रहालय और फ्रांस के संग्रहालय विकास के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर भी हुए हैं। यह संग्रहालय भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उसके इतिहास को प्रदर्शित करेगा। यह देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य की आकांक्षाओं की झलकियां पेश करेगा।हाल ही में नए प्रशासनिक भवनों का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि दशकों से देश की शासन व्यवस्था औपनिवेशिक काल के ढांचों से चल रही थी, जहां जगह, रोशनी और हवा की भारी कमी थी। उन्होंने कहा कि कई प्रमुख मंत्रालयों को ऐसी मुश्किलों के बीच काम करना पडता था।सूत्रों के अनुसार नए पीएमओ को एक नया नाम दिया जा सकता है, जो 'सेवा भावना' को दर्शाता हो। प्रधानमंत्री ने लगातार तीसरी बार पदभार संभालने के बाद दोहराया, 'पीएमओ जनता का पीएमओ होना चाहिए, यह मोदी का पीएमओ नहीं है।'नए एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में सिर्फ पीएमओ ही नहीं, बल्कि कैबिनेट सचिवालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय भी होगा। इसमें एक आधुनिक सम्मेलन कक्ष भी होगा, जिसमें पुरानी इमारतों में न मिलने वाली कई सुविधाएं होंगी।सरकार का कहना है कि यह कदम सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था का आधुनिकीकरण नहीं है, बल्कि एक ऐसा स्थान भी तैयार करना है जो भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को दर्शाता हो।



## ट्रंप ने वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई, 3 राज्यों से 700 सैनिक बुलाए

### राष्ट्रपति बोले थे- राजधानी में हालात काबू से बाहर

**वॉशिंगटन डीसी ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गाड्र्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे। अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गाड्र्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रंप कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गाड्र्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।



## 'रिटायरमेंट ले लो...' शाहरुख खान को यूजर ने कहा 'उम्रदराज

### सुपरस्टार ने दिया ऐसा तगड़ा जवाब, होने लगी वाहवाही

शाहरुख खान अपनी फिल्मों, अभिनय या लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए ही नहीं अपने जबरदस्त सेंस ऑफ ह्यूमर के लिए भी काफी मशहूर हैं। उनके वन लाइनर्स जवाब अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। मीडिया के साथ इंटरव्यूज हों या फिर सोशल मीडिया, किंग खान अक्सर अपने जवाब से छा जाते हैं। शाहरुख अक्सर अपने फैंस के लिए #AskSRK सेशन रखते हैं, जिसमें वह अपने फैंस के सवालों के जवाब देते हैं। हाल ही में भी उन्होंने फैंस के लिए ये सेशन रखा, जिसमें कुछ यूजर्स ने उनकी सेहत को लेकर सवाल किए, कुछ ने अपकमिंग प्रोजेक्ट तो कुछ ने यहां उन्हें ट्रोल करके उनसे पंगा ले लिया। सुपरस्टार ने भी सोशल मीडिया यूजर्स के टेढ़े-मेढ़े सवालों के जबरदस्त जवाब दिए।

***शाहरुख खान को यूजर ने दी रिटायरमेंट लेने की सलाह :*** *आस्क एसआरके सेशन के दौरान एक यूजर ने शाहरुख खान पर उनकी उम्र को लेकर कमेंट किया और उन्हें रिटायरमेंट लेने की सलाह दी, जिस पर किंग खान ने भी बेहद मजेदार अंदाज में जवाब दिया। यूजर ने शाहरुख से कहा- 'भाई अब उम्र हो गई है, रिटायरमेंट ले लो। दूसरे बच्चे लोगों को आगे आने दो।*

